आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 05.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 06:05 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082


रविवार, 26 अक्टूबर 2025, वर्ष 35, अंक 266, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ तेजस्वी का घेराव करते हुए राजग नेताओं ने कहा बिहार लालटेन युग में लौटने को तैयार नहीं - 12



■ अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी से बाजार में तेजी, भारत पर भी दिखेगा असर - 12



■ पाकिस्तान की लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी कब्जे वाले क्षेत्र में बंद करे दमन - 13



■ रोहित और कोहली ने दिखाया जलवा, भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत - 14

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा यूपी के विकास का नया प्रतीक : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निरीक्षण के बाद उद्घाटन तैयारी की समीक्षा की
- सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता व समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के स्थलीय निरीक्षण के बाद उद्घाटन तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा।

उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी। योगी ने डोमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन स्थल, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बोर्डरूम में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, जिला व पुलिस प्रशासन और निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में एयरपोर्ट की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन पर विस्तृत चर्चा भी की। कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश के औद्योगिक, निवेश और पर्यटन विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा और यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट से जुड़े सड़क एवं मेट्रो लिंक कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 150 उड़ानें रोजाना

योगी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ यूपी देश का पहला राज्य बन जाएगा, जिसके पास पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। इससे राज्य की एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन और निवेश को अभूतपूर्व बल मिलेगा। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन चरण 3,300 एकड़ भूमि पर होगा। अब तक 6,700 एकड़ भूमि अधिग्रहित हो चुकी है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि तीन माह में अधिग्रहित की जाएगी। शुरुआत में एक रनवे से संचालन होगा, जिसकी वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी।

### कनेक्टिविटी का स्वर्ण युग

प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित और 7 निर्माणाधीन हैं। 2024-25 में 1.5 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 13 लाख अंतर्राष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। योगी सरकार में एविएशन सेक्टर की वार्षिक वृद्धि दर 10.1 प्रतिशत रही है। जेवर एयरपोर्ट से एक लाख रोजगार अवसर पैदा होंगे, वहीं एनसीआर–यूपी बेल्ट में औद्योगिक और रियल एस्टेट गतिविधियों में 20–30 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। अब यूपी देश के कुल हवाई यातायात में 10–15 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर बढ़ रहा है।

### राष्ट्रपति, पीएम से मिले

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन व प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकातें मुख्य रूप से 30 अक्टूबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन, अयोध्या में 25 नवंबर को राममंदिर पर ध्वज स्थापना, लखनऊ में दुनिया की सबसे बड़ी स्काउट गाइड की जम्बूरी समारोह समेत विकसित यूपी अभियान को लेकर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, खुद पर हावी न होने दें त्योहारों के बाद उदासी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने सुनवाई 30 तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से संबंधित सुनवाई शनिवार को 30 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि ईडी से कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। संघीय एजेंसी ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी के दिवंगत नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।

### थाईलैंड की राजमाता का 93 की उम्र में निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता कही जाने वाली पूर्व महारानी सिरिकित का शुक्रवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। शाही परिवार से जुड़ी जानकारी देने वाले 'द रॉयल हाउसहोल्ड ब्यूरो' ने कहा कि सिरिकित ने बैंकॉक के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 17 अक्टूबर से रक्त संक्रमण से जूझ रही थीं और चिकित्सा टीम के प्रयासों के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। ब्यूरो के अनुसार, सिरिकित को 2012 में स्ट्रोक हुआ था।

# इस चुनाव तय होगा बिहार में जंगलराज लौटेगा या कायम रहेगा विकास : शाह

## नेता प्रतिपक्ष पर बोला हमला, कहा- हमारी सरकार घुसपैठिये को देश से करेगी बाहर

खगड़िया/ नालंदा, एजेंसी

- केंद्रीय गृह मंत्री ने खगड़िया में चुनावी जनसभा को संबोधित, कहा- जनता ने मौका दिया तो अगली बार बिहार में एक ही चरण में संपन्न होंगे चुनाव

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की वह गौरवगाथा पुनर्स्थापित की है, जिसे आज 100 बख्तियार खिलजी भी मिटा नहीं सकते। बिहार शरीफ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बदौलत ही चुनाव दो चरणों में हो पा रहे हैं, और अगर जनता इसे एक और मौका दे तो अगली बार बिहार में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे।

शाह ने विपक्षी नेताओं जैसे लालू प्रसाद, राहुल गांधी, ममता बनर्जी व मायावती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के फैसले के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। कहा कि अब जंगल राज की वापसी नहीं होने देंगे और विकास-प्रदर्शन के आधार पर सरकार का चुनाव किया जाना चाहिए। इससे पहले खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में 'जंगलराज' वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा। शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि हर एक घुसपैठिये का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाएगा और ऐसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजा जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा कहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में रहने दिया जाए।

आप बताइए, क्या हमें घुसपैठियों को रहने देना चाहिए? चाहे वह जितनी भी रैलियां कर लें 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाल लें, वह घुसपैठियों को बचा नहीं सकते। गृह मंत्री ने दावा किया कि बिहार में फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और कहा, हमारी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चुनकर देश से बाहर करेगी, उनका पता लगाया जाएगा और उन्हें वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में लालू-राबड़ी का 'जंगलराज' लौटेगा या फिर राजग के आने पर विकसित बिहार पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा।



### विपक्षी महागठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार व परिवारवाद, नीतीश चाहते हैं राज्य का विकास

शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी महागठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार और परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने केवल अपने परिवार की समृद्धि पर ध्यान दिया। गृह मंत्री ने दावा किया, नीतीश बाबू राज्य का समग्र विकास चाहते हैं, जबकि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री। इसलिए बिहार के बेटों-बेटियों की चिंता केवल नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी ही कर सकते हैं। उनके खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, जबकि लालू जी ने चारा घोटाला से लेकर बीपीएससी (बिहार लोकसेवा आयोग) घोटाले तक अनगिनत घोटाले किए हैं। शाह ने छठ महापर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मिलेगी रफ्तार प्रदेश के 12 जिले चयनित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन झांसी, ललितपुर, उन्नाव, प्रयागराज प्रतापगढ़, श्रावस्ती और सोनभद्र का नाम
- जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय जिलास्तरीय समितियों का गठन

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) अब उत्तर प्रदेश में गति पकड़ने जा रही है। 12 जिले अर्थात महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, ललितपुर, उन्नाव, प्रयागराज, प्रतापगढ़, श्रावस्ती और सोनभद्र इस योजना में चयनित किए गए हैं। किसानों की आय और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 11 अक्टूबर को किया था।

योगी सरकार ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय जिला स्तरीय समितियों का गठन किया है। इन समितियों में कृषि, उद्यान, पशुधन, मत्स्य और जिला पंचायत विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। समितियां स्थानीय जलवायु और संसाधनों के अनुसार कृषि योजनाएं तैयार करेंगी तथा उनके क्रियान्वयन की मासिक समीक्षा भी करेंगी।

राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जो समय पर धनराशि उपलब्ध कराने और विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेगी। कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी को योजना का नोडल अधिकारी बनाया गया है। योजना के अंतर्गत सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, फसल विविधीकरण, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं का विकास और किसानों को ऋण सुविधा सुलभ कराना प्रमुख लक्ष्य हैं।

साथ ही, निजी क्षेत्र की भागीदारी से कृषि उत्पादों में मूल्यवर्धन और विपणन के अवसर बढ़ाए जाएंगे। यह योजना किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि में तकनीकी नवाचार लाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।


# अभिनेता सतीश शाह का 74 वर्ष की आयु में निधन

मुंबई, एजेंसी

- फिल्म जाने भी दो यारो, मैं हूं ना और टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई में निभाया था दमदार अभिनय

बॉलीवुड अभिनेता सतीश शाह का शनिवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। शाह के प्रबंधक ने यह जानकारी दी। शाह को फिल्म जाने भी दो यारो, मैं हूं ना और मशहूर टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई में अपने अभिनय के लिए खास तौर पर सराहा जाता है।

तीस से ज्यादा वर्षों से सतीश शाह के निजी सहायक रहे रमेश कडातला ने बताया कि अभिनेता का दोपहर के समय बांद्रा पूर्वी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कडातला ने कहा, ऐसा लगता है कि उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ, हालांकि हम उनकी मौत के कारणों के बारे में डॉक्टर की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाह के मित्र और फिल्म जगत के सहयोगी अशोक पंडित ने अभिनेता के निधन पर दुख जताया और कहा, यह हमारे उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वह बहुत खुशमिजाज व्यक्ति थे। पच्चीस जून, 1951 को जन्मे शाह भारतीय सिनेमा और टेलीविजन जगत की एक प्रमुख हस्ती थे।फिल्म निर्माता कुंदन शाह की 1983 की क्लासिक फिल्म जाने भी दो यारो में भ्रष्ट नगर आयुक्त डी''मेलो की भूमिका निभाने के बाद वह घर-घर में मशहूर हो गए। फिल्म जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने सोशल मीडिया पर शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया।



# लैंडिंग के दौरान विमान में आई खराबी, दरवाजे लॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पायलट ने कानपुर में विमान को लैंड कराने के बजाय दोबारा उड़ान भरी
- लैंड करने के बाद दोनों दरवाजे हो गए लॉक, 30 मिनट बाद खुले

**अमृत विचारः** मुंबई से कानपुर पहुंचे इंडिगो के विमान में कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से पायलट ने विमान को लैंड कराने के बजाय दोबारा उड़ान भर ली और आसमान में 20 मिनट तक चक्कर लगाता रहा। इसके बाद विमान को लैंड कराया लेकिन दरवाजे लॉक हो गए और खुले नहीं।

करीब 30 मिनट बाद जब विमान का इंजन बंद हुआ, तब जाकर विमान के दोनों दरवाजे खुले और यात्रियों ने राहत की सांस ली। शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस के विमान 6 ई 824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1.20 बजे उड़ान भरी थी। इस विमान में 150 से अधिक यात्री सवार थे। ये विमान सही सलामत कानपुर तक आ गया लेकिन दोपहर लगभग 3.15 बजे कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर जब लैंडिंग कर रहा था, तभी विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसी फ्लाइट में यात्रा कर रहे हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में जब एयर हॉस्टेज से बात की गई तो बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए थे।



### चेन्नई में विमान पक्षी से टकराया, आपात लैंडिंग

**चेन्नई।** एयर एशिया का एक विमान बीती रात उड़ान भरने के तुरंत बाद पक्षी से टकरा गया जिसकी वजह से पायलट ने चेन्नई के अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसकी आपातकालीन लैंडिंग कराई। विमान में 182 यात्री और आठ क्रू मेंबर सवार थे। सूत्रों ने बताया कि यह घटना बीती रात आधी रात से कुछ समय पहले हुई और सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। चेन्नई से उड़ान भरने के बाद विमान जब आकाश में ऊपर जा रहा था तभी एक पक्षी विमान के आगे के हिस्से से टकराया और एक इंजन में फंस गया। विमान की प्रारंभिक जांच में पता चला कि इंजन को काफी नुकसान पहुंचा है।

# शर्मनाक...इंदौर में ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़

इंदौर, एजेंसी

- आरोपी अकील खान गिरफ्तार कैफे की ओर जा रही थीं खिलाड़ी तभी गलत तरह से छुआ

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा ले रहीं ऑस्ट्रेलिया की दो महिला क्रिकेटरों का मध्यप्रदेश के इंदौर में पीछा कर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। शर्मशार कर देने वाली इस घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपनिरीक्षक निधि रघुवंशी ने बताया कि दोनों क्रिकेटर अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति ने उनमें से एक क्रिकेटर को गलत तरीके से छुआ और भाग गया। दोनों क्रिकेटर ने अपने टीम सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस से संपर्क किया, जिन्होंने स्थानीय सुरक्षा संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय किया और सहायता के लिए एक वाहन भेजा। सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके बयान दर्ज किए। एमआईजी थाने में बीएनएस की धारा 74 व 78 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि एक राहगीर ने संदिग्ध की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया, जिस पर आरोपी अकील खान को पकड़ लिया गया। खान के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और मामले की जांच जारी है।

### एमपीसीए बोर्ड ने नाराजगी जताई

मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने छेड़छाड़ की घटना पर गहरा दुख एवं नाराजगी व्यक्त की। एमपीसीए ने कहा, इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों के साथ हुई गलत हरकत और अनुचित व्यवहार की परेशान करने वाली घटना से बहुत दुखी है। किसी भी महिला को ऐसा 'ट्रॉमा' कभी नहीं सहना चाहिए।

**चिंतनीय** | बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दायरे से घटा सर्दी का दौर, नैनीताल के शीतकाल पर जलवायु परिवर्तन का बड़ा असर

# 40 साल के अंतराल में घट गई चार गुना ठंड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन का दायरा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सर्दी का दौर घट रहा है। जलवायु परिवर्तन अब शीतकाल को गिरफ्त में लेने को तैयार है। कड़ाके की ठंड के तीन माह के दिन सिकुड़ने शुरू हो चुके हैं। साल 1980 से 2020 के बीच 40 साल के अंतराल में ठंड में चार गुना तक कमी आई है। संभावना यह भी है कि, इस सदी के अंत तक शीतकाल में सर्दी पड़नी ही शायद समाप्त हो जाएगी।

जलवायु परिवर्तन को जन्म देने वाला वैश्विक ताप कम होने के बजाय बढ़ रहा है, जिस कारण जलवायु परिवर्तन में भी तेजी आने लगी है। इसके असर को लेकर तमाम दिशाओं में शोध कार्य में भी तेजी आई है, जिसमे चौंकाने वाली खबर आई है कि सर्दियों के दिनों में पड़ने वाली सर्दी में जितनी ठंड पिछली सदियों में पड़ा करती थी, अब नहीं पड़ती है। साथ ही, सर्दियों के दिनों में भी कमी आई है। भारत जैसे देशों के दिसंबर से फरवरी के बीच सर्दी के दिनों में भी कमी आने लगी है। उत्तर भारत में यह असर देखे जाने लगा है, जिसके परिणाम स्वरूप संभावना यह भी कि भविष्य में सर्दी पड़नी ही बंद हो जाएगी।



बढ़ता जलवायु परिवर्तन का दायरा, घट रहा सर्दी का दौर।

### क्या कहती है रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र संघ इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑफ क्लाइमेट चेंज के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 1980 से 2020 के बीच ठंडी रातें और दिन लगभग चार गुना कम हो गए हैं। इसका सीधा असर सर्दियों के दिनों में पड़ेगा। वर्ष 2050 तक गर्म दिनों की संख्या में वृद्धि होने लगेगी। लू का प्रकोप बढ़ जाएगा और सर्दियों के दिन कम होने लगेंगे। बाढ़ की घटनाएं बढ़ेगी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण भारत के अधिकांश हिस्सों में सतह का तापमान बढ़ रहा है, जिससे ठंड का असर कम हो रहा है। बढ़ते तापमान के कारण सर्दियों में होने वाले घने कोहरे की घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। वर्ष 2080 से 2100 तक गर्म रातों और दिनों की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जबकि ठंडी रातों और दिनों की संख्या में कमी आएगी।

### नैनीताल में नहीं पहले जैसी ठंड

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन का बड़ा असर नैनीताल के शीतकाल पर आया है। तेल और पानी को जमा देने वाली ठंड अब नहीं पड़ती और बर्फबारी का दौर भी थम चुका है। यह ऐसा बदलाव है जो निरंतर आगे बढ़ रहा है। पिछले दो दशक के अंतराल की बात करें तो यहां के शीतकाल के तापमान में औसतन तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है जिससे शीतकाल में ठंड में कमी आने से जीवन आसान हो चला है। इस बदलाव से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भविष्य में ठंड पड़नी ही बंद हो जाएगी। बहरहाल, उत्तर भारत की सर्दियां अधिक सर्द नहीं रहने लगेंगी और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से संभव है कि ऋतुओं में शारदकालीन ऋतु का अस्तित्व ही न रहे।





नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# दवा निगरानी तंत्र में यूपी बेहद कमजोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय मानकों की उपेक्षा से नकली, एक्सपायरी व अवैध दवाओं पर नियंत्रण मुश्किल
- 200 दवा प्रतिष्ठानों पर एक औषधि निरीक्षक की होनी चाहिए तैनाती यूपी में दस गुना से अधिक लोड



**अमृत विचार** : उप्र. जैसे विशाल राज्य में औषधि नियंत्रण प्रणाली लंबे समय से संसाधनों की कमी, सीमित जनशक्ति और असमान कार्यवितरण के कारण कमजोर पड़ी हुई है। जनसंख्या और बाजार के अनुपात में राज्य औषधि नियंत्रण व्यवस्था राष्ट्रीय मानकों से काफी पीछे है। नकली, एक्सपायरी या अवैध दवाओं की जांच के लिए, पर्याप्त सैंपलिंग नहीं हो पा रही। परिणामस्वरूप, दवा सुरक्षा की निगरानी व्यवस्था सिर्फ कागजों में रह गई है।

केंद्र सरकार के मानकों के अनुसार, प्रत्येक 200 दवा प्रतिष्ठानों पर एक औषधि निरीक्षक की तैनाती होनी चाहिए, जबकि उत्तर प्रदेश में एक निरीक्षक औसतन 2 हजार से अधिक प्रतिष्ठानों की निगरानी कर रहा है। राज्य में वर्तमान में सिर्फ 109 औषधि निरीक्षक कार्यरत हैं, जबकि जरूरत कम से कम 250 से 300 निरीक्षकों की है। कई जिलों में निरीक्षकों की कमी के कारण निरीक्षण कार्य ठप या बहुत सीमित स्तर पर चल रहा है। एफएसडीए के पास प्रयोगशालाएं तो हैं, परंतु उनका आधुनिकीकरण अधूरा है। राज्य प्रयोगशाला में जांच के लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिलास्तर पर नियंत्रण अधिकारी न होने से न तो औषधि दुकानों की नियमित जांच हो पा रही है, न ही शिकायतों पर समय पर कार्रवाई। यही वजह है कि ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में नकली या बिना लाइसेंस की दवाइयां खुलेआम बिक रही हैं।

### विभाग के पुनर्गठन को लेकर शासन की बढ़ी सक्रियता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस स्थिति को सुधारने के लिए औषधि नियंत्रण तंत्र के पुनर्गठन की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर विभाग में जिलास्तर पर 'जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी' का नया पद सृजित करने समेत औषधि निरीक्षकों की संख्या दोगुनी करने को लेकर भर्ती प्रस्ताव तैयार करने का कार्य चल रहा है। नई भर्ती प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाने के लिए अब साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा से चयन होगा। औषधि नियंत्रक के पद के लिए निश्चित योग्यता और कार्यकाल तय करने नीति बन रही है, जिससे शीर्ष स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि औषधि निरीक्षण व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को छठ पर्व की दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को सूर्योपासना एवं लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जारी बधाई सन्देश में भोजपुरी में कहा कि 'रउआ सब पर छठी मईया के कृपा बनल रहे, परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता अ बहन लोगन के हमरी तरफ से विशेष मंगलकामना'। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति, श्रद्धा और अनुशासन का एक अनुपम संगम है। सूर्योपासना के माध्यम से यह पर्व हमें जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और सन्तुलन का सन्देश देता है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि छठी मईया की कृपा से सभी व्रती अपने संकल्प में सफल हों तथा स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन प्राप्त करें। छठ महापर्व की यह महान परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी सतत जारी रहे।

### राष्ट्रपति आज करेंगी अस्पताल का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ** : अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और सुविधाओं से सुसज्जित यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम गाजियाबाद का उद्घाटन देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। यह समारोह रविवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित होगा। इस मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

### घाट का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ** : नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जौनपुर से लखनऊ लौटते समय सुल्तानपुर में गोमती नदी स्थित सीताकुंड घाट का छठ पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत औचक निरीक्षण किया। उन्होंने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर और बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने शनिवार विद्युत विभाग की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि छठ पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक है। सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रद्धालु सुगमता एवं श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने स्थानीय श्रद्धालुओं से सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों पर फीडबैक प्राप्त किया। अंत में एके शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता, स्वच्छता और सूर्य उपासना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

# पीएम किसान सम्मान निधि पाने को फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण अनिवार्य

## प्रदेश में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में 54 फीसदी किसानों का पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतापुर, बस्ती और रामपुर जिले शीर्ष तीन में शामिल

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त केवल उन्हीं किसानों को दी जाएगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूरी होगी। इस बीच फार्मर रजिस्ट्री अभियान में सीतापुर जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। यहां 74.58 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा हो चुका है। बस्ती 74.24% के साथ दूसरे और रामपुर 70% रजिस्ट्री के साथ तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक 54% किसानों का पंजीकरण पूर्ण हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त के लिए इसकी अनिवार्यता को देखते हुए सभी जिलों में पंजीकरण व सत्यापन कार्य तेज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 नवंबर तक हर गांव में किसान पंजीकरण शिविर लगाए जाएं। प्रत्येक जिले में कैंप चार्ट तैयार कर राज्य स्तर पर साझा किया जाए। साथ ही पीएम किसान सत्यापन कार्य को भी समय पर पूरा किया जाए।

### रोजाना 4 हजार किसान हो रहे पंजीकृत

वर्तमान में प्रदेशभर में औसतन 4,000 किसानों का प्रतिदिन पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि नवंबर अंत तक सभी पात्र किसानों का पंजीकरण और सत्यापन पूर्ण हो जाए, ताकि कोई भी किसान अगली पीएम किसान किस्त से वंचित न रहे।

# लाखों दीयों से जगमगाएंगे काशी के घाट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : अयोध्या के बाद अब देव दीपावली पर महादेव की नगरी काशी के घाट दीपों की अद्भुत आभा में जगमगाने को तैयार है। अगले माह 5 नवम्बर को गंगा के दोनों तटों पर करीब 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित होंगे, साथ ही घाटों पर थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार देव दीपावली को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से 3 से 5 नवंबर तक चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह 25 मिनट का मनमोहक कार्यक्रम होगा, जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और आठ मिनट का लेजर शो शामिल रहेगा। इसमें गंगा, काशी और देव दीपावली की कथा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि थ्रीडी प्रोजेक्शन के जरिए गंगा तट की ऐतिहासिक इमारतों पर शिव, गंगा और वाराणसी की पौराणिक कहानियां प्रदर्शित की जाएंगी। संवाद हिंदी में होंगे, जिससे दर्शक कथा से जुड़ाव महसूस कर सकें। जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष घाटों पर कुल 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे, जिनमें 10 लाख दीप राज्य सरकार की ओर से तथा शेष दीप स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में होने वाला 10 मिनट का फायर क्रैकर्स शो भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। पर्यटन सूचना अधिकारी नितिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि 1 से 4 नवम्बर तक गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से काशी की परंपरा को जीवंत करेंगे।

# अपराधियों की मदद करने वाले 11 पेशेवर जमानतदार गिरफ्तार

संवाददाता, प्रतापगढ़

- पैसे लेकर अपराधियों की जमानत लेते थे आरोपी
- एसपी ने खुलासा करते हुए जांच के लिए गठित की एसआईटी



**अमृत विचार** : पैसे की खातिर जमानतदार बनने वाले पेशेवरों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की पहल हुई है। जिले में पुलिस द्वारा पेशेवर व फर्जी जमानतदारों के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू किया गया है। पुलिस ने 33 पर केस दर्ज करके शनिवार को 11 पेशेवरों को गिरफ्तार किया है।

एसपी दीपक भूकर ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि अभियान के तहत पकड़े गए पेशेवर जमानतदारों से पूछताछ में कई बातों का खुलासा हुआ है। एसपी ने कहा कि कुछ वकील भी इसमें शामिल बताए गए हैं। पकड़े गए पेशेवर जमानतदारों ने बताया कि वह अपनी जमीन के कागजात, परिचय पत्र आदि अधिवक्ताओं को दे देते थे। अधिवक्ता उनका प्रयोग करते रहते थे। पकड़े गए अधिकांश जमानतदारों ने पांच से अधिक मुल्जिमों की जमानत ली है। हर बार इनको दो से तीन हजार रुपये मिलते थे। साथ ही न्यायालय में जो शपथ पत्र दिया है, उसमें फर्जी तरीके से बताया कि हमारे द्वारा अन्य किसी की जमानत नही ली गई है। एसपी ने कहा कि इसमें शामिल वकील या अन्य जो भी लोग पाए जाएंगे उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दर्ज कराए गए केस की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। इसमें दो इंस्पेक्टर व चार सब इंस्पेक्टर रखे गए हैं।

### महाभियान में मिले 53 लाख सुझाव

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान' ने प्रदेश में जनता की राय से नीति निर्माण की नई परंपरा शुरू की है। अब तक 53 लाख से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक(विद्युत/सामान्य) पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''एकल'' निविदायें आमंत्रित करते है।

**क्रम सं 1:**-निविदा सूचना संख्याः **ई-निविदा-एल-30-25-26,** कार्य का नामः वाराणसी मंडल के अंतर्गत पावर कारों में लगे कॉटन ग्रीव्स निर्मित डी.ए. जनरेटर सेटों, डीजल इंजन, विभिन्न निर्माताओ के अल्टरनेटर सहित पावर कार के अन्य उपकरणों का A-चेक, B-चेक एवं C-चेक का व्यापक वार्षिक अनुरक्षण एवं पावर कार LSLRD के ऑनबोर्ड एस्कॉटिंग कार्य के निष्पादन हेतु 2 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। अनुमानित लागतः ₹ 62319247.16, अमानत राशिः ₹ 461600.00 कार्य समापन का समयः 24 माह। निविदा समापन की तिथि एवं समयः 14.11.2025, 15:00 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 14.11.2025, 15:00 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर जाये।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत-167 वाराणसी**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-170**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है -

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-170, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल अनुभाग में किमी 690/11-12 पर ब्रिज नंबर 383 डाउन (7x24.4 मीटर) के खंभों की जैकेटिंग, **अनुमानित लागत** : रु. 76,17,003.54, **अग्रिम धन** : रु. 1,52,400.00, **समापन अवधि** : 9 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-170** के लिए ई-निविदा दिनांक **14.11.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-308 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**



**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **रामचंद्र पुत्र महादेव आफताब नगर पर. व तह. डलमऊ, जिला रायबरेली** का रहने वाला हूं। मैं अपने बेटे आशीष कुमार के गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे बेटे आशीष कुमार द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मै और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD FAROOKH SIDDIQI से बदलकर MOHAMMAD FAROOKH SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।S/0-SHER ALI ADD-188/4, HATA DURGA PRASAD, MASHAKGANJ,VTC POST- AMINABAD PARK DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम SANJAY KUMAR GUPTA से बदलकर SANJAY GUPTA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-DURGA PRASAD GUPTA ADD-MOHALLA RAIDOPUR COLONY POST-SADAR NEAR RADHA SWEETS DIST-AZAMGARH-276001(U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम JUTHAN PRASAD GUPTA से बदलकर DURGA PRASAD GUPTA रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SURYBALI GUPTA ADD-MOHALLA RAIDOPUR COLONY POST-SADAR NEAR RADHA SWEETS DIST-AZAMGARH-276001 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAINAB AHMAD से बदलकर ZAINAB AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMED AHMED ADD-PLOT NO-32 BARAURA HUSSAIN BARI, MARI MATA MANDIR, HASRAT TOWN DIST-LUCKNOW-226003 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD VAISH से बदलकर MOHD WAISH QURAISHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD HAFIZ ADD-55, FATEH MUHAMMAD, NAINI, DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211008 (U.P)

**सूचना**

सूच्य हो कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल परीक्षा 2013 का मेरा अंकपत्र /प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1333820 और इंटर मीडिएट परीक्षा 2015 अनुक्रमांक 1070093 का अंक पत्र/ प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **शुभम शुक्ला पुत्र श्री भगवान शुक्ला निवासी ग्राम - नजनपुर पोस्ट - दौलतपुर ऊंचाहार - रायबरेली**

**सूचना**

यह कि मैरे पुत्र आशीष बाजपेई व पुत्रवधू साक्षी बाजपेई का चाल चलन सही न होने कारण मैने दोनो से संबध बिच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। अब उनसे हमारा कोई बास्ता नही रहा। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। **गिरीशचंद्र पुत्र श्याम स्वरूप निवासी अन्नपूर्णा नगर तिर्वा, थाना तिर्वा जनपद-कन्नौज**

**सूचना**

मैं **नईम बेग पुत्र स्व0 नसीम बेग, निवासी -251 मो0 कोट सिटी स्टेशन रोड पुराना सीतापुर तह0 व जिला सीतापुर** का हूँ। मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 16.05.2025 को मेरी पत्नी श्रीमती हुमा खान के द्वारा जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर में हुआ था जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0 बी202509910640004190 दिनांकित 12.09.2025 को जारी हुआ उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र पर मेरी पुत्री का नाम दुआ फातिमा दर्ज है जबकि पुत्री का नाम बदलकर युमना फातिमा हो गया है। मेरी पुत्री का नाम अब युमना फातिमा (YUMNA FATIMA) लिखा पढ़ा व माना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारणों को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र मोहम्मद कामिल को उसकी चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं रहेगा। **फरीदा खातून पत्नी मोहम्मद फुरकान 631/138 मोहल्ला इस्माईलगंज इंदिरानगर लखनऊ**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम मधुरिमा पत्नी ननकऊ हो गया है जो कि गलत है।मेरा सही नाम रामराजी पत्नी ननकऊ है। मुझे सही नाम रामराजी पत्नी ननकऊ से ही जाना व पहचाना जाए। **रामराजी पत्नी ननकऊ निवासी ग्राम लक्ष्मनपुर मशमूले जोरावरपुर परगना, तहसील एवं जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SAYYED GHUFRAN RAZA RIZVI था से बदलकर SYED GHUFRAN RAZA रख लिया है अब मुझे SYED GHUFRAN RAZA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SYED MOHAMMAD YAHIYA ADD-209 SYED WARA, MUHAMMADABAD GOHNA DIST-MAU-276403(U.P)

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद मज़हर हुसैन से बदल कर मो0 मज़हर हुसैन पुत्र श्री हैदर हुसैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 मजहर हुसैन पुत्र श्री हैदर हुसैन 370/18, नूर बेग का हाता, सआदतगंज, थाना-सआदतगंज, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अदीम अहमद पुत्र नियाज़ अहमद निवासी डी-2287, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0-226016,** यह कि मेरा पूर्व नाम मो0 अदीम था। मैने अपना नाम मो0 अदीम से परिवर्तित करके अदीम अहमद रख लिया है। मो0 अदीम एवं अदीम अहमद ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं के हैं। इनको एक ही माना व समझा जाए। मुझे अदीम अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाए।


## गुरु वंदन-छात्र अभिनन्दन में सम्मान से नवाजे गए मेधावी

**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : जीपीएस स्कूल गोंड़े में शनिवार को गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर सत्र 2024-25 के सभी कक्षाओं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद् विशाल शाखा प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा भारत को जानो प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को सचिव शरद केसरवानी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बृजभानु सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल, अध्यक्ष अश्विनी कुमार केसरवानी, शाखा संरक्षक एवं प्रांतीय संयोजक भारत को जानो उदयभानु सिंह, विद्यालय के निदेशक शिवेंद्र विक्रम सिंह एवं कोमल सिंह ने प्रमाणपत्र देकर छात्र- छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। शिक्षिका अनुपमा सिंह को अध्यक्ष अश्विनी कुमार केसरवानी ने आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवेंद्र विक्रम सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदोई**

**पत्रांक संख्या : 818/न0प0प0ह0 (नि0वि0) / निविदा / 2025-26** **दिनांक : 24-10-2025**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, हरदोई द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि / पालिका निधि अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु निर्धारित शर्तो / नियमो के आधीन निविदायें दिनांक 10/11/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सायं 03: 30 बजे से खोली जायेगी। निम्नवत कार्यो के समक्ष अंकित विवरणानुसार (निम्न शर्त संख्या 03 के अनुसार) दिनांक- 03/11/ 2025 को निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, हरदोई व कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं राज0) महोदय हरदोई एवं कार्यालय उप जिलाधिकारी महोदय -सदर हरदोई से क्रय किये जा सकेगें। यह विवरण नगर पालिका परिषद हरदोई की वेबसाइड www.npphardoi.co.in पर देखी जा सकती है, अधिक जानकारी कार्यालय समयावधि में सम्बन्धित पटल पर देखी जा सकती है। **कार्यवार विवरण निम्नवत है-**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की लागत (रु0) | निविदा प्रपत्र मूल्य | | धरोहर धनराशि (रु0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मूल्य (रु0) | जी0एस0 टी0 (रु0) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रवण देवी मन्दिर के प्रहलाद कुण्ड की रंगाई पुताई का कार्य। | 184928.00 | 200 | 36 | 3700 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड संख्या 11 में अजीत पाण्डेय के मकान से अवधेश कटियार के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 247872.00 | 250 | 46 | 5000 | 30 दिन |
| 3 | स्टेट बैंक के सामने कूड़ा घर में आर.सी.सी. फर्श व गेट लगाने का कार्य। | 727071.00 | 750 | 136 | 14600 | 30 दिन |
| 4 | श्री दिनेश के मकान से श्री राज बहादुर के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 952085.00 | 1000 | 180 | 20000 | 30 दिन |
| 5 | वार्ड संध्या 01 में धर्मेन्द्र कुमार अवस्थी के मकान से संतोष शुक्ला के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 185963.00 | 200 | 36 | 3800 | 30 दिन |
| 6 | गोल्डी मुखर्जी पार्क गेट का नवीनीकरण कार्य। | 197709.00 | 200 | 36 | 4000 | 30 दिन |
| 7 | वार्ड संख्या 14 नयी बस्ती में थी गौरव गुप्ता के मकान के सामने गुरुद्वारा बाली गली में नाला कवर का निर्माण कार्य। | 137237.00 | 140 | 26 | 2800 | 30 दिन |

**निविदा हेतु नियम व शर्ते :-**

1. निविदादाता को कार्यस्थल का निरीक्षण टेण्डर से पूर्व करना होगा, बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। 2. निविदादाता नगर पालिका परिषद, हरदोई में अथवा किसी विभाग में निर्माण (सिविल) कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्म सम्मिलित हो सकते है। सर्वन्यून निविदादाता यदि अन्य विभाग का है तो उसे नियमानुसार इस निकाय में पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

3.कार्य के सामने अंकित जी0एस0टी0 न0पा0परि0हरदोई के GSTIN 09LKNN05486F1D9 में जमाकर मूलरूप से बाउचर व निविदा मूल्य नकद जमा कर निविदा प्रपत्र क्रय करना होगा। 4.प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि डाकघर बचत पत्र/जमा अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत - एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 आदि जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदोई के नाम बन्धक हो निविदा के साथ मूलरूप से संलग्न करेंगे। प्रत्येक कार्य की जमानत अलग-अलग निविदा के साथ संलग्न की जायेगी। 5. निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र (टी - 4), हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5), जी. एस. टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र व श्रम विभाग में पंजीकरण की स्वः प्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करना होगा। 6. निविदा के साथ निविदादाता को स्वघोषणा प्रमाण पत्र / शपथ पत्र (टी - 6) रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर मूलरूप से संलग्न करना होगा। 7. लिफाफे के ऊपर कार्य क्रमांक अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा। 8. पाँच लाख से अधिक धनराशि की निविदायें अपर जिलाधिकारी (वि0/राज0) महोदय हरदोई के कार्यालय में तथा पाँच लाख से कम धनराशि की निविदायें कार्यालय न0पा0परि0 हरदोई में नियत समय पर डाली व व समयक प्रारम्भ कर क्रमशः कार्यालयों में खोली जायेगी। 9. निविदा खोले जाते समय निविदादाता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा। 10. सशर्त, एकल, अपूर्ण अथवा बिना धरोहर धनराशि के कोई निविदा मान्य न होगी। 11. बिना कारण बताये किसी अथवा समस्त निविदाओं को स्थगित या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं मा0 अध्यक्ष जी/प्राधिकृत अधिकारी को सुरक्षित है व रहेंगे। ऐसी दशा में निविदादाता (ठेकेदार/प्रो0 फर्म) को निविदा मूल्य वापस माँगने का कोई अधिकार न होगा। 12.सर्वन्यून निविदादाता को प्राप्त कार्यादेश के अनुसार समयक अनुबन्ध निष्पादन कराकर कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा। 13. ठेकेदार/प्रो0 फर्म को कार्य प्रारम्भ करने के समय तथा कार्य के मध्य / कार्य के पूर्ण होने पर कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 14. भुगतान धन की उपलब्धता/उपयोगिता अवधि होने पर ही किया जायेगा। 15. नियमानुसार जमानत, आयकर, सेस व रायल्टी धनराशि आदि की कटौती बिल से की जायेगी। 16. ठेकेदार/प्रो0 फर्म को भुगतान बिल के कुल धनांक पर 12 प्रतिशत जी.एस.टी. धनराशि स्वयं जमा कर मूलरूप से बाउचर प्रस्तुत किये जाने पर ही उसका भुगतान पालिका द्वारा सम्बन्धित ठेकेदार को किया जायेगा। 17. निविदादाता को कार्य के क्रियान्वयन के साथ-साथ शासनादेश के अनुसार निविदादाता उसके अगले 05 वर्षो तक रख रखाव करना अनिवार्य होगा। 18. किसी विवाद की दशा में जिलाधिकारी महोदय का निर्णय अन्तिम होगा, जो उभय पक्ष को मान्य होगा। 19. इस सम्बन्ध में शासन/प्रशासन द्वारा भविष्य में यदि कोई आदेश पारित होते है तो वह निविदादाता (ठेकेदार / प्रो0 फर्म) को मान्य होगे व इनका अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**(रामेन्द्र सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदोई**

**(सुख सागर मिश्र 'मधुर')**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, हरदोई**


# सिपाही ने महिला को जड़ा थप्पड़ मोबाइल भी तोड़ा, सस्पेंड

**कुंडा,प्रतापगढ़ अमृत विचार** : कुंडा थाना क्षेत्र के मनगढ़ में तैनात सिपाही ने महिला श्रद्धालु का मोबाइल तोड़ा फिर थप्पड़ भी जड़ दिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एसपी ने जांच के बाद आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया।

मनगढ़ स्थित धाम में एक महिला श्रद्धालु ने कार नो पार्किंग जोन में खड़ी की थी। इस बात को लेकर वहां तैनात सिपाही शिवम से महिला की कहासुनी हुई। इस दौरान सिपाही ने महिला का मोबाइल सड़क पर पटक कर तोड़ा डाला, जब महिला गुस्सा हुई तो सिपाही ने कई थप्पड़ भी महिला को मारा। महिला सिपाही के सामने चीखती रही बावजूद इसके सिपाही ने बेशर्मी की सभी हदे पर कर दीं। सिपाही शिवम की बेशर्मी लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। एसपी दीपक भूकर ने मामले में सीओ कुंडा को जांच के आदेश दिए। वायरल वीडियो की जांच के बाद एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना**
**''सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी''**

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के थॉमसन गंज साईडिंग लाइन नं. 02 तथा 03 विद्युतीकरण सेक्शन विद्युतीकृत लाईन खण्ड पर 25000 वोल्ट एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजें लगायी गयी हैं ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

जनसाधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैं -

(i) ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाईन पर बाधा।
(ii) वाहन पर ले जायी जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
(iii) चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**वमंविइं/टीआरडी/लजं.**
**मुजाधि/विद्युत-169**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**


### स्टार प्रचारकों में शिवपाल व रामगोपाल का नाम नहीं

**अमृत विचार, लखनऊः** सपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 20 स्टार प्रचारकों की सूची में महासचिव शिवपाल सिंह यादव और प्रो. रामगोपाल यादव के नाम नहीं शामिल किए हैं, जिसके बाद आंतरिक गुटबाजी को लेकर एक बार फिर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। पार्टी प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि दोनों नेता उनकी मर्जी से सूची से बाहर रखे गए हैं। हालांकि पार्टी के लोगों का कहना है कि बिहार से जुड़ाव रखने वाले नेताओं को प्रचारक बनाया गया है।

# सरदार पटेल को प्रधानमंत्री न बनाना कांग्रेस की साजिश : डॉ. शर्मा

- लौह पुरुष की जन्मतिथि पर रन फार यूनिटी का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा।

**अमृत विचार :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा रन फॉर यूनिटी का आयोजन करेगी। जिला पंचायत सभागार में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को प्रधानमंत्री न बनाकर देश के साथ विश्वासघात किया है।

उन्होंने कहा कि अगर सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो अखंड भारत का सपना सात दशक पूर्व ही साकार हो गया होता। उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य रहा कि नेहरू गांधी परिवार की कांग्रेसी सरकारों ने सच्चे राष्ट्रभक्त सरदार पटेल के योगदान को पूरी तरह से उजागर नहीं होने दिया। सरदार पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर से शुरू हो रहे अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देश भर में इस अभियान के तहत तीन प्रकार की सरदार@150 यूनिटी मार्च पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। ये यात्राएं लोकसभा, विधानसभा एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद लगातार विधानसभा स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी व जिला प्रभारी इं. अवनीश सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, डॉ रामकुमारी मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई व उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष इ. जयदीप सिंह सिद्धू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पटेल जयंती पर भाजपा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई


बैठक को संबोधित करते एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सरदार पटेल की 150 वीं जयंती को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने की। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने रन फिर यूनिटी के लिए जनप्रतिनिधियों संग रूट चार्ट को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा व चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, नशा मुक्त भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रमाणपत्र वितरित किये जाएंगे। इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, रामकुमारी मौर्य, अमरीश रावत, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, ब्रजेश रावत, सीताशरण वर्मा, रोहित सिंह, आशुतोष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## परिजनों की डांट से क्षुब्ध युवती ने दी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम परिजनों की डांट से नाराज युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। शनिवार सुबह उसका शव पेड़ से लटकता मिला। करौरा मजरे सेठमऊ में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह की पुत्री शुभी सिंह (21) शुक्रवार की शाम करीब सात बजे घर से निकली थी। काफी देर तक वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस बीच घर के पास ही बाग में पेड़ पर रस्सी के फंदे से शुभी को लटकता देखा। परिजन उसे सीएचसी ले गए। यहां डाक्टर ने शुभी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मायके गई महिला संदिग्ध दशा में लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम शहाबपुर में एक महिला रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों द्वारा थाने में इसकी सूचना दी गई है। लखनऊ में मोहिबुल्लापुर के रहने वाले मो. जाकिर अली ने बताया कि उनकी मां जैतुन निशा पत्नी इजाजुल 3 अक्टूबर को अपने मायके ग्राम शहाबपुर थाना मसौली आई थीं। 9 अक्टूबर की सुबह लगभग 6 बजे वे ग्राम सुरसण्डा स्थित मजार पर गईं थीं, लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं लौटीं।

### घर लौट रही महिला के साथ छेड़छाड़

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सफदरगंज क्षेत्र में घर लौट रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीरमें आरोप लगाया कि गत 23 अक्तूबर की रात जब वह अपनी दुकान से आ रही थी तभी गांव के ही चन्द्र प्रकाश ने उससे छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर उसके पिता व अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### दबंगों ने पुआल में लगायी आग, दी धमकी

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा थाना क्षेत्र में पुआल में दबंगों ने आग लगा दी। समय रहते आग बुझा देने से ट्रैक्टर व धान जलने से बच गया। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गंगवाई ब्रह्मनान वासी प्रिन्सू कुमार ने एसपी से की गई शिकायत में बताया कि उसका, रामबिलास, कल्लू और रामहेत का का पुआल बंजर भूमि पर रखा था। 15 अक्टूबर को दोपहर विकास उर्फ सत्येंद्र दीक्षित तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचा और पुआल में आग लगा दी। सूचना पर दमकल विभाग और 112 नंबर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे छप्पर, ट्रैक्टर जलने से बच गया।

### घर में घुसकर परिवार पर हमला, कई घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम किवाडी में रविवार देर रात पड़ोसी परिवार ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर हमला कर दिया। रात करीब 10 बजे संस्कृति कुमार घर के बरामदे में सो रहा था, तभी पड़ोस से परिवार के करीब दस लोगों ने लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर, भाला और कुल्हाड़ी लेकर उसके घर पर हमला बोल दिया। हमले में संस्कृति कुमार और उसके परिजनों को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, हमलावरों में रोहित सिंह उर्फ सत्या ठाकुर, राकेश सिंह, शिवबहादुर सिंह, गुड्डू सिंह, रामबहादुर सिंह, दीपक सिंह, शेरू सिंह, अर्जुन सिंह और अमन सिंह शामिल बताए गए हैं।

### नहीं शुरू हो सकी धान की खरीद

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसरांय स्थित राजकीय धान खरीद केंद्र पर शनिवार को धान खरीद शुरू नहीं हो पाई। केंद्र प्रभारी प्रमोद द्विवेदी के अनुसार मशीन में नया सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण स्क्रीन पर लगातार 1 नवंबर 2025 से खरीद शुरू का संदेश दिखाई दे रहा था। किसानों का पंजीकरण 1 सितंबर से जारी है और खरीद केवल पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जाएगा। समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

### महिला के गले से चेन छीन बदमाश फरार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला के गले से सोने की चेन छीन स्कूटी सवार बदमाश फरार हो गए। घटना सत्यप्रेमीनगर में शुक्रवार की शाम हुई। मनोरमा शुक्ला मंदिर से लौट रही थीं। जब वह घर के पास पहुंचीं, तभी दो युवक स्कूटी से आए। बदमाशों ने अचानक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### रंजिश में परिवार पर किया हमला

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में विपक्षियों ने एक परिवार पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सरांय नेतामऊ की रहने वाली फुलझारा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 23 अक्टूबर को रामशंकर ने उसकी बहू कुसमा को पीटा था। शिकायत दर्ज कराने कुसमा पति रतीपाल और सास की बेटी नेवरता के साथ थाना टिकैतनगर जा रही थी। रास्ते में रामशंकर ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लोक आस्था के महापर्व की शुरुआत

## खरना आज, हर तरफ गूंज रहे छठ मइया के गीत, वातावरण हुआ भक्तिमय

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


धनोखर चौराहे पर फल की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


गन्ना खरीदते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सूर्य उपासना के महापर्व छठ की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और आस्था के माहौल में हुई। व्रती महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद चने की दाल, लौकी की सब्जी और चावल का प्रसाद बनाकर छठ माई को भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। घर-आंगनों में अन्न धन से भरल रहे घरवा दुअरवा... जैसे पारंपरिक लोकगीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बन गया।

जिलेभर में छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित बड़ा पार्क, पीएसी परिसर, नागेश्वर नाथ धाम, चिलहटा घाट, पुलिस लाइन, आलापुर, सतोखर तालाब और बंकी समेत कई स्थलों पर घाटों की साफ-सफाई कर उन्हें रंग-बिरंगी झालरों और लाइटों से सजाया गया है। घाट किनारे पूजा स्थलों पर बनी सुशोभिता (वेदी) को रंग रोगन से सजाया संवारा गया। घरों में भी कृत्रिम घाट बनाए गये हैं। छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती महिलाएं गन्ने के रस या गुड़ से तैयार खीर-रोटी ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ करेंगी। उसके बाद सोमवार और मंगलवार को व्रती महिलाएं डूबते एवं उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी।

रविवार को बाजारों में छठ की रौनक देखने को मिली। धनोखर चौराहे समेत विभिन्न स्थानों पर पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर भीड़ उमड़ी रही। बांस के बने सूप और दउरा की सबसे अधिक मांग रही, जबकि फल और पूजन सामग्री की कीमतों में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

## डीएम-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ आगामी छठ पर्व के मद्देनजर तहसील सिरौलीगौसपुर स्थित तेलवारी-करोनी घाघरा घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर, सीओ रामसनेहीघाट और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस घाट पर प्रतिवर्ष लगभग 3000 श्रद्धालु सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। जिलाधिकारी ने सभी घाटों पर सफाई, प्रकाश, पेयजल और महिलाओं के लिए पृथक चेंजिंग रूम की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित मार्ग, फिसलन रोकने के उपाय और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को घाटों पर चिकित्सा टीम और एंबुलेंस तैनात रखने के निर्देश दिए, जबकि पुलिस अधीक्षक ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और गोताखोर दल की तैनाती सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ छठ पर्व की तैयारियों की समीक्षा की।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र में डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। मकरई मजरे मुस्तफाबाद निवासी गोविंद व कैलाश अपनी नई बाइक से बाजार शुकुल से वापस गांव लौटे रहे थे। अनियारी मोड़ के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चला रहे गोविंद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बाजार शुकुल अमेठी भेजा गया।

**कार की टक्कर से महिला घायल :** शनिवार को भिटरिया गांव में संतोष कुमारी (65) पत्नी श्याम लाल को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि की। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड पर साप्ताहिक बाजार लगने की वजह से तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में ले लिया।

## शातिर अपराधी का गड्ढे में पड़ा मिला शव


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। इनसेट में भानु यादव की फाइल फोटो।

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव मार्ग किनारे गड्ढे में पड़ा मिला। शव की पहचान क्षेत्र के शातिर अपराधी के रूप में हुई, जो कई घटनाओं का आरोपी है। उधर पिता ने युवक की हत्या की आशंका जताई।

कोतवाली क्षेत्र में मामापुर गांव से करीब 5 सौ मीटर दूर मार्ग किनारे गड्ढे में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान भानु यादव (35) पुत्र रामनरेश यादव निवासी मामापुर के रूप में हुई। सूचना पर सीओ नगर संगम कुमार और कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पिता रामनरेश का कहना है कि भानु शुक्रवार की रात घर से निकला और सुबह उसका शव खेतों के पास गड्ढे में पड़ा मिला। बताया जा रहा कि भानु का आपराधिक इतिहास है और वह कई बार जेल जा चुका था। पुलिस के मुताबिक भानु यादव मध्य प्रदेश में हुई एक हत्या व वर्ष 2012 में एक नाबालिग दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में जेल जा चुका था। इसके अलावा 5 अगस्त 2024 को मामा नहर पुल के पास स्थित कन्हैया होटल में अशोक यादव की हत्या में भी वह आरोपी था।

## सिलेंडर फटने से घर जला, विधायक ने दी राहत

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** ग्राम पंचायत हसनपुर टांडा में बीती 22 अक्टूबर को आग लगने के कारण गैस सिलेंडर फटने से एक ग्रामीण का छप्पर का पूरा घर जल गया था। इस हादसे में प्रेमावती पत्नी नेपाल, अम्बर पुत्र नेपाल और 3 साल की बच्ची विद्या प्रसाद चौहान की एक बेटी झुलस गई। मौके पर क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, एसडीएम, तहसीलदार, कोतवाल और लेखपाल पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवार को राहत किट, आपदा राशि और प्रमाण-पत्र प्रदान किए और मुख्यमंत्री आवास के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।


पीड़ितों से मुलाकात करते विधायक साकेंद्र वर्मा। ● अमृत विचार


छात्र को प्रमाणपत्र देते बीईओ। ● अमृत विचार

## पांच विद्यार्थी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित की गई। क्षेत्र के 64 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के तीन-तीन विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। मूल्यांकन के बाद 25 श्रेष्ठ छात्रों का चयन किया गया और रैंडम आधार पर पारस्परिक प्रतियोगिता करवाई गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार रॉय ने विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

## टीईटी बाध्यता के विरोध में शिक्षकों का जनजागरण अभियान 31 तक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


अभिषेक सिंह।

**अमृत विचार :** टीईटी को सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि 25 से 31 अक्टूबर तक जिले के सभी ब्लॉकों में जनजागरण अभियान और शिक्षकों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी और अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अभिषेक सिंह ने कहा कि टीईटी को अनिवार्य करना उन शिक्षकों के साथ अन्याय है जिन्होंने अपनी नियुक्ति उस समय की पात्रता के अनुसार पाई थी। यह निर्णय शिक्षकों की सेवा सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि टीईटी अनिवार्यता आदेश में संशोधन की जाए, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

निर्देश | 94 क्रय केंद्रों से धान खरीद की हुई शुरुआत

# कोई भी किसान बिना धान बेचे केंद्र से न लौटे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बैठक में दिशा-निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** धान खरीद वर्ष 2025-26 के तहत जिले में शनिवार से 94 क्रय केंद्रों पर धान क्रय कार्य की शुरुआत हो गई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी किसान बिना धान बेचे केंद्र से वापस न लौटे। यदि किसी केंद्र पर किसान को लौटाया गया तो संबंधित प्रभारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने कहा कि सभी केंद्रों पर पीने के पानी, तौल मशीन, बारदानों की उपलब्धता, भुगतान व्यवस्था और प्रतीक्षा स्थल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य पर पारदर्शी ढंग से खरीद व समयबद्ध भुगतान की गारंटी दी जाए। उन्होंने बताया कि जिले में सामान्य ग्रेड धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान का 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। धान क्रय अवधि 25 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक रहेगी। जिले के सभी 94 केंद्र प्रभारियों की तैनाती और 47 राइस मिलों का पंजीकरण व सत्यापन पूरा कर लिया गया है।

## सिटी डायरी


सड़क पर लगी बाजार।

### साप्ताहिक बाजार से लग रहा जाम, बढ़ा हादसों का खतरा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया स्थित दशहरा मैदान में लगने वाली साप्ताहिक बाजार अब भिटरिया-हैदरगढ़ रोड पर लगने लगी है। सड़क किनारे बाजार लगने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है और कई बार सड़क हादसे भी हो चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले बाजार दशहरा मैदान में लगता था, जिससे यातायात सुचारू रूप से चलता था। लेकिन अब दुकानदार मुख्य सड़क पर अपनी दुकानें लगा रहे हैं, जिससे पैदल चलने वालों और वाहनों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी विजय रंजन यादव, विशाल, कैलाश और विष्णु अग्रवाल ने बताया कि सड़क पर बाजार लगने से कई बार वाहन और राहगीरों में टक्कर की नौबत आ चुकी है।


किसानों को बीज वितरण के दौरान मौजूद डीएचओ

### किसानों को नि:शुल्क वितरित किये गये प्याज-लहसुन के बीज

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रदेश सरकार किसानों को परंपरागत खेती से हटाकर सब्जियों और मसाला फसलों की ओर आकर्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को विजय उद्यान पार्क में किसानों को एमआईडीएच योजना के तहत प्याज और लहसुन के गुणवत्तापूर्ण बीज निशुल्क वितरित किए गए। जिला उद्यान अधिकारी प्रज्ञा उपाध्याय ने बताया कि मसाला फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार किसानों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। किसानों को प्याज और लहसुन की बुवाई के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि वे बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें।


धरने पर बैठे ग्रामीण।

### जारी रहा ग्रामीणों का धरना

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड के ग्राम पूरे ऊंचे मजरे टांडा में ग्रामीणों का रास्ता खुलवाने का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। भवानियापुर राम जानकी मठ के महंत मुकुंद पुरी और भाकियू (धर्मेंद्र गुट) के प्रदेश प्रभारी माया राम यादव भी धरने में शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बंद होने से उनकी धान की फसल खराब हुई और कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल और थाना अंसद्रा के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रास्ता खुलवाया नहीं जाएगा, धरना जारी रहेगा।


कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व फाउंडेशन के सदस्य।

### छात्राओं ने सीखा जीवन मूल्यों का महत्व

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शनिवार को तृतीय बैच की प्रथम कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था जीवन में मूल्यों का महत्व। पहला सत्र ऑनलाइन संस्थापक विभा द्वारा और दूसरा सत्र फाउंडेशन कार्यालय में डॉ. स्नेह लता द्वारा संचालित किया गया। विभा ने बताया कि जीवन में मूल्यों को अपनाने से लक्ष्य प्राप्ति सरल हो जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्पदंश से किसान की बिगड़ी हालत

**खीरों :** थाना क्षेत्र के गांव टिकवामऊ निवासी किसान किशुन नारायणन तिवारी (50) दरवाजे रखे टीन शेड के नीचे से भूसा निकाल रहे थे। इसी दौरान उन्हें जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन फानन में सीएचसी खीरों पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डॉ भावेश सिंह ने बताया कि किसान का इलाज चल रहा है।

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**ऊंचाहार :** सलीमपुर भैरों गांव निवासी मधु देवी ने पुलिस को बताया कि पूरे दयाल निवासी दंपती ने जरूरत के अनुसार 40 हजार रुपये लिए थे। पैसा वापस न मिलने पर कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि इसी बीच विपक्षी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी और बीच बचाव करने पर पति सोनू यादव को भी मारा पीटा। पीड़िता का आरोप है कि 24 घण्टे के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि तहरीर की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, एक घायल

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइल मऊ साईं के पास दोपहर बाद तेज रफ्तार बाइक चालक ने एक अन्य बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे केश बहादुर निवासी इस्माइल मऊ साईं गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। वहीं टक्कर मारने वाला बाइक चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना संबंधी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रेमी युगल पर हमला तीन घायल

**ऊंचाहार :** प्रेमी के घर रही प्रेमिका व प्रेमी पर उसके परिजनों ने धावा बोलकर हमला कर दिया। इसमें तीन लोग घायल हुए है। प्रेमिका ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। प्रतापगढ़ जनपद की रहने वाली युवती का कहना है कि ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग कई वर्षों से चल रहा है। वह अपनी मर्जी से तीन दिन पहले प्रेमी के घर आ गई। पत्नी के रूप में उसके साथ रह रही है। उसके प्रेमी के परिजनों को उसके संबंधों से कोई एतराज नहीं है, लेकिन उसके परिजन इस संबंध के खिलाफ है। इसी कारण से शनिवार को उसके माता पिता और रिश्तेदारों ने उसके प्रेमी के घर पर धावा बोल दिया। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। मामले में जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर, एक गंभीर

**महराजगंज :** कोतवाली क्षेत्र के पुरासी गांव निवासी रेहान (17वर्ष) पुत्र मुनव्वर अली अपनी बाइक से महराजगंज जा रहे थे। तभी राजाकंसपुर गांव के पास ई रिक्शा से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगज पहुंचाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गणनायक पांडेय ने बताया कि हालत नाजुक होने के कारण जिला रेफर किया गया है।

# खजूर गांव में जवाबी कीर्तन को सुनने उमड़े लोग

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** खजूर गांव में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में मशहूर कीर्तनकारा कल्पना दुबे और शशिराज कमल की जवाबी कीर्तनों को सुनकर श्रोतागण वाह-वाह कर उठे। कीर्तन कारा कल्पना दुबे की धार्मिक कटपीस विष्णु है रूप के सागर, शिवजी हैं जल के राशी..पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई। कीर्तनकार शशिराज कमल ने भी शानदार धार्मिक गीतों की तर्ज पर कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री का अनूप शुक्ला ने अभिनंदन किया। यहां दीपक कुमार फौजी, अरविंद पांडे, उत्तम पांडे, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, राकेश शुक्ला, अनिल शुक्ला, रविंद्र मिश्रा रहे।


मुख्य अतिथि शैलेंद्र अग्निहोत्री का अभिनंदन करते सह संयोजक अनूप शुक्ला।

# मैं शिला थी मगर नाथ नारी किया, कब दरश दीजियेगा दोबारा मुझे...

संवाददाता, खीरों (रायबरेली)

**दर्शक भाव-विभोर**

- परनापुर पहरौली में रामलीला का हो रहा आयोजन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव रनापुर पहरौली में चल रही बारह दिवसीय रामलीला में दूसरे दिन आदर्श रामलीला कमेटी के स्थानीय कलाकारों ने ताड़का वध, विश्वामित्र की यज्ञ रक्षा, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, फुलवाड़ी लीला का सुन्दर सजीव मंचन किया। जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। जब महर्षि विश्वामित्र यज्ञ करते हैं तो राक्षस उनका यज्ञ विध्वंस कर देते हैं। महर्षि विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के लिए अयोध्या के राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगने पहुंचे और बोले "तुम अपने बेटे राम लखन, दो सौंप मुझे कुछ दिवसों को। इसमें है तुमको पुण्य सुयश, कल्याण हर्ष उन दोनों को"।। इतना सुनते ही राजा दशरथ दुःखी हो गए और बोले" हे मुनिवर दोनों बालक हैं, भोले भाले नादान निरे। रण विद्या नहीं जानते हैं, लड़ने में अभी अंजान निरे"। इतना सुनकर विश्वामित्र जी नाराज होकर बोले "यदि आज विष्णु से कहता मैं, चल देते छोड़ गरुण वाहन। शंकर से यदि विनती करता, हिल जाता उनका भी आसान"।

इस बीच कुलगुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया। तो उन्होंने राम लक्ष्मण को विश्वामित्र जी को सौंप दिया। रास्ते में ताड़क वन में राम ने ताड़का का वध कर फिर आश्रम में सुबाहु जैसे राक्षसों का वध करके निर्विघ्न यज्ञ सम्पन्न कराया।

इसी दौरान मिथिला पुरी से राजा जनक का सीता स्वयंवर का आमंत्रण स्वीकार कर मुनि विश्वामित्र राम लक्ष्मण के साथ मिथिलापुरी के लिए प्रस्थान किया। मार्ग में गौतम ऋषि के सूने आश्रम में एक शिला देखकर राम ने विश्वामित्र से निर्जन आश्रम का कारण पूंछा। विश्वामित्र जी ने राम को सारी कहानी सुनाई। राम के चरण छूते ही वह शिला सुन्दर नारी बन गई और राम से बोली "मैं शिला थी मगर नाथ नारी किया, कब दरश दीजियेगा दोबारा मुझे"। अहिल्या का उद्धार करने के बाद राम लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ मिथिला पुरी पहुंचे। सजीव मंचन को देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए।


रामलीला का मंचन करते आदर्श रामलीला कमेटी के कलाकार। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महराजगंज-बछरावां मार्ग पर बीती देर रात चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर, वाहन चालक हो गया फरार**

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** महराजगंज-बछरावां मार्ग पर बीती देर रात एक बाइक सवार युवक को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर अचेतावस्था में सड़क पर पड़ा रहा। एक राहगीर ने अचेत पड़े युवक को देखकर डायल 112 पर सूचना दी। डायल 112 पुलिस व एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात घायल युवक की सूचना देते हुए गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

कोतवाल जगदीश यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर घायल युवक की पहचान बछरावां थाना क्षेत्र के हसनगंज निवासी राहुल गुप्ता पुत्र रामधनी के रूप में करते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी होते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां से युवक को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल युवक के परिजन विनोद गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को राहुल गुप्ता महराजगंज क्षेत्र के सोथी गांव स्थित अपनी ससुराल से वापस हसनगंज अपने घर लौट रहा था। तभी सलेथू गांव के पास किसी वाहन से उसकी टक्कर हो गई। जिससे उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।


राहुल गुप्ता की फाइल फोटो।

**बाइकों में भिड़ंत, दोनों चालक गंभीर, जगतपुर:** शनिवार को कस्बे के सलोंन रोड पर हीरो एजेंसी के निकट दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें सुंदरलाल मौर्य पुत्र शंभू निवासी पूरे मदारदीन मजरे उंडवा आर्यन पुत्र प्रेम शंकर निवासी बैरीहार गंभीर रूप से घायल हो गए। 112 पुलिस द्वारा दोनों घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया ।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया ।सीएचसी के चिकित्सक डॉक्टर लइक अहमद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल अवस्था में आए थे। दोनों घायलों के सिर, आंख-नाक में गंभीर चोटे थीं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया।

**बाइक की टक्कर लगने से अधिवक्ता घायल, लालगंज:** साकेत नगर सूदन खेड़ा लालगंज निवासी मनोज कुमार मिश्रा एडवोकेट शुक्रवार को अपनी बाइक से गांधी चौराहा से ग्राम न्यायालय तहसील लालगंज जा रहे थे। तिकोना पार्क के पास सामने से आ रहे बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मनोज मिश्रा की पत्नी मीनू मिश्रा ने पुलिस को र मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

**सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, अमावां :** भदोखर थाना क्षेत्र के मुलिहामऊ गांव निवासी विजय वर्मा ठेकेदारी में काम करता है। आज सुबह बाइक से काम पर जा रहा था, तभी रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर आईटीआई मोड़ के पास सड़क पर अचानक आए सांड़ से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। घटना में विजय घायल हो गया। सूचना कर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने उसे एम्स रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घायल का इलाज एम्स जारी है। परिजनों से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### घंटों वाहनों की लगी रही लंबी-लंबी कतारें, पुलिसकर्मियों को छूटा पसीना

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रतापुर चौराहा शनिवार की शाम भीषण जाम से कराह उठा। सड़क के चारों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जाम ऐसा की यातायात पुलिस के आधा दर्जन जवानों को भी जाम खत्म करने में पसीने छूट गए। करीब एक घंटे तक लगे जाम के बाद पुलिसकर्मियों ने आवागमन सामान्य किया। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रतापुर चौराहा यूं तो सबसे व्यस्ततम चौराहों में से एक है, लेकिन चौराहे के आसपास स्थित होटल पर खड़े होने वाले बेतरतीब वाहनों के चलते अक्सर जाम लग जाता है। शनिवार की शाम चार बजे एक बार फिर रतापुर चौराहा जाम से कराह उठा। जाम में लखनऊ व प्रयागराज की तरफ जाने वाले सैकड़ो वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जाम ऐसा की जिसे बहाल करने में आधा दर्जन यातायात पुलिस के जवानों के भी पसीने छूट गए। करीब एक घंटे बाद ही आवागमन बहाल हुआ। इस दौरान साइकिल व मोटरसाइकिल सवार भी किसी तरह बचते बचाते अपने गंतव्य को जाने की जोर आजमाइश करते रहे। चौराहे पर होटल के आसपास खड़े होने वाले वाहनों के चलते आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। पुलिस के जवान चाह कर भी इन वीवीआईपी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर पाते हैं।


रतापुर चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मां ने हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक विवाहिता का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। ससुरालवालों ने महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या की सूचना पुलिस को दी है। वहीं मृतका की मां ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

मृतका नेवादा बाबूगंज गांव निवासी साबिया बानो पत्नी शरीफ अली का शव कमरे में पड़ा मिला। परिजनों के मुताबिक सुबह करीब छह बजे साबिया बानो ने बंद कमरे के अंदर फांसी लगा ली। सुबह सात बजे जब परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर साबिया बानो का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। साबिया बानो की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। उनके पति शरीफ अली पिछले दो वर्षों से सूरत की एक फैक्ट्री में काम करते हैं और दीपावली की छुट्टी पर घर आए हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर ऊंचाहार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। कोतवाल अजय राय ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रगतिशील किसान की मौत से गांव में पसरा मातम

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** बेटे के साथ गोभी की पौध लेने शिवगढ़ बाजार जा रहे प्रगतिशील किसान जगदीश मौर्य दुर्घटना में घायल हो गए थे। 20 दिन बाद इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों सहित पूरे गांव में मातम पसर गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि बीते पांच अक्टूबर को क्षेत्र के टूक मजरे ओथी गांव निवासी जगदीश मौर्य अपने बेटे राजू मौर्य के साथ मोटरसाइकिल से शिवगढ़ बाजार जा रहे थे। रास्ते में ओसाह चौराहे के निकट सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में 72 वर्षीय जगदीश मौर्य और उनके बेटे राजू दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जगदीश मौर्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। पिछले 20 दिनों से उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, लेकिन शुक्रवार देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र के लोगों में मायूसी छा गई।

# पुलिस की औपचारिकता बनी मिशन शक्ति गायब दो किशोरियों का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

- कोतवाली में बेटियों के परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार।** सलोन थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों से दो किशोरियां गायब हुई है। घरवालों ने गांव के दो युवकों पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बावजूद अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। एक ओर जहां वर्तमान में शासन द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। पुलिस को जिम्मेदारी मिली है कि क्षेत्र में नारी सुरक्षा और उनके बचाव के लिए युवतियों, महिलाओं और छोटी छोटी लड़कियों को जागरूक करे। वहीं दूसरी ओर सलोन कोतवाली में दर्ज दो मुकदमें प्रमाण है कि पुलिस की जागरूकता में कही न कही कमी नजर आ रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व शाम आठ बजे उनकी 15 वर्षीय पुत्री घर का सामान लेने निकली थी। लेकिन काफी देर तक घर नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के रविन्द्र पासी उसकी लड़की को करीब तीन अन्य लोगों के सहयोग से भगा ले गया है। पीड़िता पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी लड़की के साथ कुछ भी कर सकता है। वही दूसरी घटना महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व उनकी 17 वर्षीय बेटी शाम 6 बजे घर से निकली थी ।लापता किशोरी की गांव की हर गलियों में तलाशा गया लेकिन कही उसका सुराग नही लगा। महिला के मुताबिक जानकारी पर पता चला कि उमरी गांव का विशाल पासी उनकी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह का कहना है कि दोनों ही घटनाओं का मुकदमा दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

**बेटी के बचाने गई मां पर दामाद ने किया हमला, सलोन:** प्रतापगढ़ जिले के थाना लालगंज अझारा निवासी राकेश पुत्र गंगादीन की पत्नी निर्मला पिछले कई दिनों से अपने मायके खमरिया पूरे कुशल गांव में रह रही है। शिकायत कर्ता सुपाता देवी का आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर उसका दामाद घर आया था। आरोप है कि युवक किसी बात से नाराज होकर अपनी साली आरती मारने पीटने लगा। जानकारी होने पर आरोपित की पत्नी निर्मला और उसकी वृद्ध मां पहुंच गई। इसी दौरान अपनी पत्नी के गले पर हसिया रख दिया। बचाने दौड़ी सास के ऊपर हमला कर दिया। कोतवाल राघवन कुमार का कहना है तहरीर लेकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### श्रुति लेख परीक्षा में लक्ष्मी सेजल ने मारी बाजी

**शिवगढ़ (रायबरेली):** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय गुमावां में श्रुति लेख परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें उच्च प्राथमिक में लक्ष्मी ने, प्राथमिक में सेजल ने बाजी मारी। गौरतलब हो कि शनिवार को रीवां न्याय पंचायत के कम्पोजिट विद्यालय गुमावां में श्रुति लेख परीक्षा आयोजित की गई जिसमें रीवां न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से एक - एक परीक्षार्थी ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक में 6 से 8 तक के परीक्षार्थियों ने, प्राथमिक में 1 से 5 तक के परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। श्रुति लेख परीक्षा में उच्च प्राथमिक स्तर पर कम्पोजिट विद्यालय बरियारपुर की लक्ष्मी ने प्रथम स्थान अर्जित किया तो वहीं कम्पोजिट विद्यालय गुमावां की माही ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय दरियागंज के सेजल ने प्रथम स्थान, प्राथमिक बरियारपुर की विभा ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। उक्त जानकारी विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी ने दी।

# मॉडलिंग, गायन व डांस में मचाया धमाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल में रायन टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गायन, वादन, नृत्य, सामूहिक नृत्य, मॉडलिंग में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या सदफ खान ने किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे सर्वांगीण विकास हो सके। वाद्ययंत्र प्रतियोगिता प्राइमरी विंग में प्रथम स्थान धान्या, द्वितीय अग्रिमा, तृतीय मोहम्मद उमर, नृत्य प्राइमरी सोलो में प्रथम स्थान अथर्व, द्वितीय श्रेया और संस्कृति, तृतीय कौशिकी और इर्षिता, जूनियर सोलो में प्रथम अवंतिका, द्वितीय दिव्यांशी, तृतीय केली और शिव, सीनियर सोलो में प्रथम आध्यित्री, द्वितीय मान्या, तृतीय प्रगति, ग्रुप सीनियर में प्रथम मान्या और आध्यित्री, द्वितीय कुमुद और आर्या रही। गायन के प्राइमरी सोलो में प्रथम स्थान अमायरा, द्वितीय विवान, तृतीय अनन्या, जूनियर सोलो में प्रथम अवंतिका, द्वितीय संवीका, तृतीय काव्या, सीनियर सोलो में प्रथम मान्या वर्मा, द्वितीय आयशा, तृतीय ईशान, ग्रुप सीनियर में प्रथम मान्या वर्मा और विहान वर्मा, द्वितीय कौस्तुभ और ग्रुप, तृतीय शौर्य और ग्रुप, हस्तलेखन प्राइमरी में प्रथम स्थान कोविद, द्वितीय अरुसी, तृतीय आरवी, जूनियर में प्रथम रिद्धि, द्वितीय वासुदा, तृतीय जाह्नवी, सीनियर में प्रथम जुनेरा, कला प्राइमरी में प्रथम स्थान अक्षय, द्वितीय मिशिका, तृतीय शिवात्मिका और अक्षिता, जूनियर में प्रथम वासुदा, द्वितीय जाह्नवी, तृतीय प्रत्युषा और अवंतिका, सीनियर में प्रथम आदित्य वर्मा, द्वितीय लवी साहू ने हासिल किया। इस दौरान छात्रा शांभवी चंद्रा, श्रीवल्ली सिंह, आदित्य कुमार व संगीत शिक्षक विवेक त्रिवेदी, विनय आदि उपस्थित रहे।



रायन गाट टैलेंट सीजन-5 के विजेता प्रतिभागी और अतिथिगण। अमृत विचार

**आयोजन**

**सख्ती**

**कार्तिक पूर्णिमा को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में समय से तैयारी करने के दिए गए निर्देश**

# एडीएम ने गलत सूचना देने पर सिंचाई व जल निगम को लगाई फटकार

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा की तैयारी को लेकर तहसील सभागार में बैठक हुई सभी विभागों से तैयारी के साथ समीक्षा की गई। इस दौरान गलत सूचना देने और तैयारी में फ़िसड्डी लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम के कर्मचारियों को एडीएम ने फटकार भी लगाई।

आगामी पांच नवंबर को डलमऊ में लगने वाले प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी चल रही है। सभी विभागों को समय से तैयारी करने के लिए पूर्व में निर्देश दिए गए शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम सिद्धार्थ कुमार के अध्यक्षता में सभी विभागों के कर्मचारियों के साथ बैठक हुई। स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, जल निगम, वन विभाग, पशु एवं नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। आने-जाने वाले सड़क मार्ग के पैचिंग के विषय में जानकारी लेने पर बताया गया की पैकिंग का कार्य चल रहा है जबकि उसी रास्ते से गुजरे एडीएम को कहीं पैचिंग का कार्य नहीं मिला। जिस पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों की कड़ी फटकार लगी मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था के लिए लगे इंडिया मार्का हैंडपंपों की संख्या ना बताने पर जल निगम के जेई को भी कड़ी फटकार लगाई गई।

बिजली विभाग द्वारा प्रकाश की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई शेष काम को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। आने जाने वाले रास्तों की साफ सफाई के लिए सिंचाई विभाग एवं वन विभाग को निर्देशित किया गया घाटों की सुरक्षा के लिए नाव नाविक एवं गोताखोरों की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए। वन विभाग द्वारा जगह-जगह पर लकड़ियों के स्टाल लगाए जाने के निर्देश दिए गए जबकि स्वास्थ्य विभाग को मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य से संबंधित एंबुलेंस एवं दवाइयां की उपलब्धता की भी जानकारी ली।

एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ सिकंदरादित्य को नगर पंचायत से कराए जाने वाले कार्यों एवं उनकी जानकारी समय से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। फिलहाल 27 अक्टूबर तक सभी कर्मचारियों की ड्यूटी चार्ट तैयार करने के लिए उप जिलाधिकारी डलमऊ को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम डलमऊ सत्येंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, तहसीलदार मंजरी सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित ब्रजेश दत्त गौड़, कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल आदि उपस्थित रहे।


वीआईपी घाट का निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

### गंदगी देख सीएमओ ने जताई नाराजगी

**संवाददाता, सतांव (रायबरेली), अमृत विचार।** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएमओ को अचानक 10 बजे से पहले सीएचसी पर देखते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सीएमओ ने सर्वप्रथम ओपीडी, वार्डो व अन्य जगहों पर साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के लिए निर्देश दिया। इसके बाद कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। देर से पहुंचने वाले कर्मचारियों को हिदायत दी। सीएमओ ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और रखरखाव का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। केंद्र पर हो रही निशुल्क जाँचो में किसी भी प्रकार की मरीजों को असुविधा न हो इसके लिए लैब टेक्नीशियन को हिदायत दिया। आधुनिक तकनीक से निर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट को जल्द से जल्द शुरू कराने का आशवासन दिया। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई उन्हे जल्द से जल्द ठीक करने की हिदायत सीएचसी अधीक्षक को दी।


सीएचसी जतुवा टप्पा में रोगियों से जानकारी लेते सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा। अमृत विचार

# हरियाणा गैंग को पकड़ने में पुलिस का छूटा पसीना, सात गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली में टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हरियाणा गैंग को पुलिस ने दबोच लिया है। गिरफ्तार किए गए सात लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

जिले में कई दिनों से सक्रिय होकर घूम रहे टप्पेबाजों की धरपकड़ के लिए पुलिस इधर उधर हाथ पैर मार रही थी। इन टप्पेबाजों को पकड़ने के लिए पुलिस अच्छी खासी मेहनत भी करनी पड़ी। शायद इसी का परिणाम है कि शहर कोतवाली पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम के प्रयास से टप्पेबाज सलाखों के पीछे पहुंच गए। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि इस गैंग में हापुड़ और दिल्ली तक की महिलाएं बड़े शातिराना तरीके से घटना को अंजाम दे रही थी। पुलिस ने इस गैंग के दो पुरुष और पांच महिलाओं को दबोचा है। इनके कब्जे से लुटा गया सामान भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाज़ी की दो घटनाएं एक ही तरीके से हुई थीं। इसमें शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाके में सवारियों से भरे ई रिक्शे पर एक बच्चा लेकर कोई महिला चढ़ती थी और फिर पहले से बैठी सवारी को बच्चे की चंचलता में उलझाकर उसके जेवर या पर्स लेकर उतर जाती थी। नगर क्षेत्र में एक जैसी टप्पेबाज़ी वाली घटनाओं पर वर्कआउट के लिए कोतवाली पुलिस व एसओजी को ज़िम्मा सौंपा गया।

संयुक्त टीम ने इस मामले में शालू, बबिता पुत्री राम सिंह, अंजू पत्नी ओमवीर, कृष्णा पत्नी नरेश, सोनतारा पत्नी रमेश, नवीन सिंह पुत्र राम सिंह व राम सिंह पुत्र स्व. मुंशी सिंह को चोरी के सामान व घटना में प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं एएसपी ने बताया कि सभी आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार,26 अक्टूबर 2025



न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** मुसाफिरखाना तहसील परिसर में शनिवार को अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला, सचिव राजीव तिवारी,जगतराम पाल, प्रमोद श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, अंजनी मिश्रा, पवन तिवारी, संजय शुक्ला, राजेंद्र यादव, रमाशंकर तिवारी अश्वनी कुमार, सतीश सिंह, विनय श्रीवास्तव,जय हिन्द सहित अन्य अधिवक्ताओं ने न्यायिक एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायिक एसडीएम का व्यवहार न्याय व्यवस्था के अनुरूप नहीं है और उनके कार्य करने के तरीके से अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायिक एसडीएम के पक्षपातपूर्ण रवैये से न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक न्यायिक एसडीएम का तबादला मुसाफिरखाना से नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### चित्रगुप्त की आज निकलेगी शोभायात्रा

**रायबरेली :** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की ओर से भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा रविवार को धूमधाम से निकलेगी। इसको लेकर महासभा की ओर से पत्रकार वार्ता की गई। जिला महामंत्री सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा चित्रगुप्त मंदिर से शाम पांच बजे निकल कर बस स्टेशन, अस्पताल चौराहा, खालसा चौक, सुपर मार्केट होते हुए चित्रगुप्त मंदिर में समाप्त होगी। जिला महामंत्री मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा के मार्ग पर 31 तोरण द्वार लगाए जाएंगे। विधिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाराणसी के कैंट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा, कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिन्हा उपस्थित रहेंगे। यहां स्वप्निल श्रीवास्तव, कपीश श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, नवीन कुमार श्रीवास्तव, रामेंद्र श्रीवास्तव रहे।

### मामूली विवाद में महिला को पीटा

**ऊंचाहार (रायबरेली) :** वंशपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव की गोमती का कहना है कि उसके घर के पास सार्वजनिक रास्ते में पड़ोसी के नीम के पेड़ की डाल झुकी हुई है, जिसको लेकर शुक्रवार को पीआरवी की मौजूदगी में पड़ोसी ने डाल काटने को कहा था। शनिवार की सुबह वह धान काटने खेत जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गाली गलौच करते हुए उसने मारपीट की है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### कुएं में गिरी नीलगाय ग्रामीणों ने निकाला

**अटौरा (रायबरेली) :** शुक्रवार की रात क्षेत्र के पूरे बढ़इन मजरे बरऊवा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद के खेत के बगल में स्थित सूखे कुएं में शुक्रवार की रात नीलगाय गिर गया। सुबह ग्रामीणों को जानकारी होने पर लोगों ने इसकी सूचना वन दरोगा महेन्द्र सिंह और डॉयल 112 पुलिस को दी। वन्यजीव की सुरक्षा के लिए मौके पर पहुंचने के बजाय वन दरोगा ने फॉयर ब्रिगेड को सूचना देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद नीलगाय को कुएं से बाहर निकाला।

# गति नहीं पकड़ रहा रिंग रोड बाईपास निर्माण

## कार्यदाई संस्था की लापरवाही से लोगों को नहीं मिल रही सहूलियत, 283.86 करोड़ से बनेगा रिंग रोड



अमेठी कस्बा स्थित निर्माणधीन बाईपास रिंग रोड। अमृत विचार

**अरविंद श्रीवास्तव, अमेठी**

**अमृत विचार।** अमेठी शहर को जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की उम्मीद अब कार्यदाई संस्था की कथित लापरवाही के चलते धूमिल पड़ती दिख रही है। बहुप्रतीक्षित रिंग रोड (एनएच-931 बाईपास फेज-2) के निर्माण की कवायदें तेज़ी से शुरू तो हुईं, लेकिन भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने और काम शुरू होने के बाद भी निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। इस धीमी रफ़्तार से शहर और आसपास के लोगों में निराशा है, क्योंकि रिंग रोड ही वह समाधान है जो उन्हें रोज़ाना के भीषण जाम से मुक्ति दिला सकता है।

### परियोजना में करीब 27 हेक्टेयर भूमि शामिल

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस रिंग रोड के लिए 283 .86 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। एनएच 931 पर 8 .1 किलोमीटर लंबे इस बाईपास फेज-2 का निर्माण होना है। इस परियोजना में 12 राजस्व गांवों की करीब 27 हेक्टेयर भूमि शामिल है, जिसके एवज में 843 किसानों को 54 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना था।

गौरतलब है कि यह रिंग रोड शहर के लोगों के साथ-साथ सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी सहूलियत लेकर आने वाला है। प्रशासन ने जहां रिंग रोड निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई ज़मीन के एवज में किसानों को मुआवजा वितरण का काम (अधिकांश राशि वितरित की जा चुकी है) तेजी से पूरा किया है। वहीं निर्माण शुरू होने के बाद भी ठेकेदार की ओर से अपेक्षित रफ़्तार नहीं पकड़ी जा रही है।अब स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यदाई संस्था की सुस्ती पर संज्ञान लिया जाए और जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति प्रदान की जाए, ताकि उन्हें जाम से जल्द से जल्द राहत मिल सके।

**लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति:** रिंग रोड के चालू होते ही अमेठी शहर के बीचों-बीच से गुज़रने वाले भारी वाहनों का दबाव खत्म हो जाएगा, जिससे शहर नासूर बन चुकी जाम की समस्या से हमेशा के लिए मुक्त हो जाएगा।

**आवागमन में होगी सहूलियत:** रिंग रोड बाईपास फेज-2 रेलवे लाइन के दक्षिणी छोर पर बनना है। इसका निर्माण होने के बाद सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ से आने-जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी, वे सीधे इस 8.1 किलोमीटर लंबे बाईपास का उपयोग कर सकेंगे। बाईपास के अभाव में शहर में लगने वाले जाम के कारण यात्रियों का जो बहुमूल्य समय और ईंधन बर्बाद होता है, उस पर भी रोक लगेगी।

### क्या बोले जिम्मेदार

निर्माण कार्य को लेकर एनएच के एक्सईएन विकास सिंह ने बताया कि अमेठी बाईपास का निर्माण जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा। बरसात में पानी भरने और मजदूरों की कमी के कारण काम रुका था। उन्होंने कहा कि सोमवार से निर्माण फिर से शुरू होगा और सभी इंतजाम कर निर्माण गति बढ़ाई जाएगी।

# 31 अक्टूबर से मनाई जायेगी सरदार पटेल की जयंती

**संवाददाता, अमेठी**



प्रेस वार्ता करते भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरी साथ में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला।

**अमृत विचार।** लौह पुरुष सरदार वलल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पूरे देश मे मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर को जहां रन फार यूनिटी का आयोजन किया जाएगा तो वहीं जिले के सभी विधानसभाओं में भाजपा पदयात्रा निकालेगी। जिले के सभी बूथों पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह जानकारी अमेठी पहुंचे भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी।

भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरी शनिवार अमेठी पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जा रही है। आगामी 31 अक्टूबर को जहां रन फार यूनिटी का आयोजन किया जाएगा तो 31 अक्टूबर से 6 दिसम्बर तक अलग-अलग कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी विधानसभाओं में आठ किलोमीटर की पदयात्रा की जायेगी जिसमे हर दो किलोमीटर पर विश्राम करने के लिए चार पड़ाव होंगे। सुबह से शाम तक आयोजित होने वाली इस पदयात्रा में 500 भाजपा कार्यक्रता शामिल होंगे। स्वदेशी मेला और खेलकूद का आयोजन भी कराया जाएगा। युवा मोर्चा के सम्मेलन किया जायेगा। 6 दिसम्बर के पहले जिले के सभी 1551 बूथों पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इन सभी बूथों पर बूथ से लेकर प्रदेश तक के 1551 नेता इन बूथों पर सरदार पटेल के जीवन के बारे में विस्तार से बताएंगे। इनमें कईं मोर्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# विधायक ने किया चौकी निर्माण का भूमि पूजन

**शुकुल बाजार, अमेठी**

- थाना परिसर में बाउंड्रीवॉल व वाहन यार्ड का किया उद्घाटन



थाना परिसर में बाउंड्रीवॉल व वाहन यार्ड का उद्घाटन करते विधायक सुरेश।

**अमृत विचार।** थाना बाजार शुकुल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी और सीओ अतुल सिंह ने विकास व सुरक्षा दोनों को सशक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अयोध्या जनपद की सीमा पर स्थित उरेरमऊ चौकी निर्माण के भूमि पूजन से हुई। मंत्रोच्चार के बीच विधायक और सीओ ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। चौकी निर्माण से सीमावर्ती क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। इसके बाद दोनों अतिथियों ने थाना परिसर में बनी नव निर्मित बाउंड्रीवॉल और वाहन यार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह निर्माण ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ़ की ग्राम निधि पंचम राज्य वित्त आयोग से 2.75 लाख की लागत से कराया गया है।

निर्माण कार्य प्रधान प्रतिनिधि जगदीश पाल की देखरेख में पूरा हुआ। उद्घाटन के दौरान ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में सीओ अतुल सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, रविंद्र सिंह, क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**विधायक ने थाना अध्यक्ष को लगाई फटकार:** इस दौरान एक फरियादी ने पासपोर्ट के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकायत भी की। जिस पर विधायक का पारा चढ़ गया और थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार व हेड मोहिरर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही दोबारा शिकायत मिलने पर कार्यवाही की संकेत भी दिए हैं।


**नहीं आई एसपी, पुलिस की तैयारियों में फिरा पानी:** कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की अनुपस्थिति से स्थानीय पुलिस की पूरी तैयारियां फीकी पड़ गईं। उद्घाटन बोर्ड पर ही सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज थी।

# एएसपी की मौजूदगी में हुआ समस्याओं का निस्तारण

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार को सभी थानों में थाना दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह समेत पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजन में आम नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें जल समस्याओं समेत कई रोजमर्रा के मामले शामिल थे। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए। थाना दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) और अन्य पुलिस अधिकारी थाने में मौजूद रहे। इससे आम जनता को अपनी समस्याओं को सीधे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुँचाने का अवसर मिला।

आयोजन



जनसुनवाई करते अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह। अमृत विचार

जनसुनवाई के दौरान मुख्यतः पानी, बिजली, भूमि विवाद और अन्य दैनिक शिकायतों को दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने सभी शिकायतों को न केवल धैर्यपूर्वक सुना, बल्कि उनके निस्तारण के लिए मौके पर ही संबंधित प्रभारियों को तत्काल निर्देशित किया। थाना दिवस के मौके पर जनसुनवाई की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रही। अधिकतर शिकायतों का निस्तारण तुरंत करने का प्रयास किया गया, जिससे लोगों को अनावश्यक भटकना न पड़े।

### सीएचसी अधीक्षक ने लगाया थानाध्यक्ष पर अभद्रता करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने संग्रामपुर थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह पर अभद्रता करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है। अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक को पत्र भेजकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और एक घायल को रेफर करने की बात कही। जबकि, उनका कहना है कि मरीज को अस्पताल से पहले ही रेफर किया जा चुका था। इसके बावजूद, अधीक्षक के अनुसार, थानाध्यक्ष ने बिना पूरी जानकारी लिए कर्मचारियों पर चिल्लाना शुरू कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष ने स्वास्थ्य कर्मियों से एडमिट रजिस्टर छीनने की कोशिश की, जिससे रजिस्टर फट गया। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि थानाध्यक्ष समय-समय पर फोन कर चोटों के आधार पर मेडिकल रिपोर्ट तैयार कराने का दबाव बनाते हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा आती है। थानाध्यक्ष और सीओ ने किया आरोपों का खंडन दूसरी ओर, थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने केवल गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज करने के लिए कहा था और उनकी किसी से कोई बहस नहीं हुई। सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्र ने भी अधीक्षक द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल गंभीर घायलों के उपचार की बात कह रही थी और अन्य आरोपों में कोई सत्यता नहीं है। वहीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि उन्हें अभी तक शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पत्र प्राप्त होने पर मामले की जांच सीओ को सौंप दी जाएगी।

# युवक की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** कुम्हरौड़ा में हुई युवक की मौत के मामले में धरना प्रदर्शन के बाद लालगंज पुलिस को हत्या का मुकदमा दर्ज करना पड़ा तब जाकर मृतक के परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हुए। बताते चले कि शुक्रवार की सुबह 15 घंटे से गायब कुम्हरौड़ा गांव निवासी माता प्रसाद शुक्ल के पुत्र बिंदा प्रसाद का शव गांव के बाहर बरामद हुआ था। लालगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर युवक का शव परिजनों को सौंप दिया था।

युवक के पिता माता प्रसाद शुक्ल ने लालगंज पुलिस को शनिवार सुबह 11 के करीब मामले में हत्या की रिपोर्ट लिखने के लिए तहरीर दी लेकिन पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिस के समझाने के बाद भी जब घर वाले रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अड़े रहे तब जाकर दोपहर बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया। मृतक के पिता माता प्रसाद शुक्ल ने सुरजीपुर मजरे कुम्हरौड़ा की महिला राम जानकी और छेदी व उसके साथियों के खिलाफ उसके पुत्र की हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

**जमीन विवाद में महिला और युवती समेत चार घायल, खीरों:** थाना क्षेत्र के गांव अकोहरिया में शुक्रवार को सहन की जमीन को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इसमें महिला, युवती सहित चार लोगों को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अकोहरिया निवासी धन्नो गौड़ पत्नी कंधई गौड़ ने आरोप लगाया है कि मेरे मकान के सामने सहन की जमीन पर पड़ोसी कमलेश के बेटे जबरन कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर बबलू, बलजीत, रंजीत, शैलेन्द्र, कमलेश पुत्रगण रामखेलावन, राजकुमारी पत्नी बलजीत, सोनम पत्नी शैलेन्द्र, मालती पत्नी रंजीत, राजरानी पत्नी बालगोविंद, राजबहादुर पुत्र शोभा, दृगपाल पुत्र नाथू, दीपक पुत्र रामसजीवन, सरजीत पुत्र नरेश, शोभा पुत्र ललई ने धमकी देते हुए लाठी डंडों और ईंट पत्थर मारकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर राम मोहन, कंधई पुत्रगण रामसुख, मोनी को भी पीटकर घायल कर दिया।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, 3 घायल

**जगदीशपुर (अमेठी)।** मोहनगंज के बाबूपुर पूरे गजाधर जमूरा निवासी चांदका प्रसाद (32) शनिवार शाम निहालगढ़ स्टेशन से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से मोहनगंज के पूरे कोहली निवासी देवाशीष मिश्रा अपनी बेटियों संध्या (10) और शालिनी (6) को लेकर ससुराल गाजनपुर भाले सुल्तानपुर जा रहे थे। मधुपुर उमरवल मोड़ के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार और बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने चांदका प्रसाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि देवाशीष मिश्रा की हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। दोनों बच्चियों को मेडिकल कॉलेज तिलोई में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### 3 खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप में बनाई जगह

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के तीन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराते हुए आगामी एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में प्रतिभाग करने के लिए चयन हुआ है। भादर ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनारी के रामलखन यादव का चयन 800 मीटर दौड़ और ट्रिपल जंप में तथा संजय तिवारी का चयन लंबी कूद के लिए हुआ है। वहीं हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अमेठी की हर्षलता शाही का चयन 1500 मीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर दौड़ के लिए किया गया है। चयनित तीनों खिलाड़ी 5 से 9 नवंबर 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रही एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेठी जिले के तीन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराते हुए आगामी एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में प्रतिभाग करने के लिए चयन हुआ है। भादर ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनारी के रामलखन यादव का चयन 800 मीटर दौड़ और ट्रिपल जंप में तथा संजय तिवारी का चयन लंबी कूद के लिए हुआ है। वहीं हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अमेठी की हर्षलता शाही का चयन 1500 मीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर दौड़ के लिए किया गया है। चयनित तीनों खिलाड़ी 5 से 9 नवंबर 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रही एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी जिला मास्टर्स एथेलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चिरंजीव लाल जायसवाल ने दी।

## सिटी डायरी



समारोह के दौरान मंच पर मौजूद इस्लामिक धर्मगुरु।

### तालीम की इबादत का स्थल मदरसा

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** मुरादाबाद के मदरसे के मौलाना द्वारा एक बच्ची का प्रमाण पत्र को लेकर मचे बवाल के बीच ऊंचाहार के मदरसे के जलसे में मुस्लिम धर्मगुरुओं ने बड़ी बात कही है। जलसे के दौरान धर्म गुरुओं ने मदरसे को तालीम की इबादत का स्थल बताया। यह आयोजन क्षेत्र के सवैया हसन गांव स्थित मदरसा जामिया नईमया रज़ाउल उलूम में किया गया था। मदरसा में नईम अता कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी का वार्षिक आयोजन प्रबंधक हजरत हाफिज व कारी मोहम्मद नवाब की अध्यक्षता में धूमधाम से संपन्न हुआ। सैयद अहमद हुसैन खुर्शीद निजामी लखनवी, नूरानी राजा ऊंचाहार ,अख्तर तबानी, हाफिज अरबाज हबीबी, मोहम्मद इसहाक, हाफिज व कारी जमील साहब को हिफ़्ज़ की पगड़ी बांधी गई। डीह निवासी हाफ़िज़ सैफ रज़ा इदरीसी (पुत्र) शब्बीर इदरीसी ने कहा कि मदरसा तालीम की जगह है। यहां मो. रज़ा जामी अजहरी, प्रबंधक हाफिज व कारी नवाब साहब आदि रहे।




भगवत कथा कहते कथावाचक पीयूष जी महराज।

### कथा श्रवण से बड़ा कोई सुख नहीं: पीयूष

**ऊंचाहार, (रायबरेली)।** क्षेत्र के दिलमनपुर गांव में चल रही श्रीमद भगवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक दिलीप तिवारी (पीयूष जी महराज) ने अमर कथा और सुखदेव जी महराज के जन्म का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा को सुनना बड़े सौभाग्य और सुख की बात है। कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। यहां मुख्य यजमान कालिका प्रसाद तिवारी, कमला देवी, वरिष्ठ समाजसेवी शिव करन तिवारी, विनोद कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, अजय तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, गजाधर तिवारी, मणि प्रकाश तिवारी, महेंद्र सिंह बाबा रहे।



झाकियों की प्रस्तुति देते कलाकार।

### झांकियों ने मोह लिया मन

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** दीपावली के शुभ अवसर पर गणेश-लक्ष्मी पूजन के उपलक्ष्य में देर रात शुक्रवार को क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर चौराहे पर आयोजित भव्य झांकी कार्यक्रम में रोहित झांकी ग्रुप अयोध्या के कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह,जोनल कमिश्नर जीएसटी भूपेंद्र शुक्ला,स्वामी अलोकानंद,ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह,धनवंत सिंह, विजय पासी,सदाशिव यादव, राजू ओझा,बबलू सिंह,वेद गुप्ता, विशाल विक्रम,जेबी यादव, राघव मिश्र,देवांश सिंह,विवेक दूबे,मान सिंह,रवि तिवारी रहे।



विजय प्रतिभागियों के साथ उपस्थित गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

### किशोर कौशल शिविर का हुआ आयोजन

**अमेठी, अमृत विचार :** गायत्री परिवार अमेठी के तत्वावधान में हनुमान इंटर कॉलेज, कमला नगर शाहगढ़ में किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। आयोजित भाषण प्रतियोगिता में संदीप, ऋतिक मौर्य एवं अनुभव मिश्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. प्रवीण सिंह दीपक, स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक पवन , जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह रहे।

आयोजन

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम के मौके पर बोले मुख्य अतिथि व जिले के प्रभारी मंत्री

# मां लक्ष्मी पर स्वामी प्रसाद की टिप्पणी अशोभनीय : राकेश

**संवाददाता, अमावां (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** शनिवार को विकास क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांव की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने उपस्थित लोगों को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा मां लक्ष्मी पर की गई टिप्पणी अशोभनीय व अक्षम्य है। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा मीडिया में बने रहने के लिए आए दिन विवादित बयान दिए जाते रहते हैं।



प्रभारी मंत्री राकेश सचान का माला पहना कर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।

उन्होंने कहा बिहार में मोदी जी के नेतृत्व में नीतीश कुमार की फिर से सरकार बन रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री किरण सिंह व युवा नेता पुष्पेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, मंजेश सिंह, संजय सिंह, दिलीप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सलोन विधायक अशोक कोरी, आरबी सिंह, सत्येंद्र पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

### सरदार पटेल की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सरदार पटेल की 150वी जयंती समारोह अभियान ' एक भारत आत्मनिर्भर भारत ' की जिला योजना बैठक भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में हुई। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिला स्तरीय पदयात्राएं रन फॉर यूनिटी के रूप में 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा होगी। यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिता ,वाद विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर प्रतियोगिता, गर्व से स्वदेशी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।बैठक में जिला प्रभारी पियूष मिश्रा ने बताया कि युवा और खेल मंत्रालय में भारत के माध्यम से विकसित भारत यात्राएं आयोजित कर रहा है उसका उद्देश्य राष्ट्रीय गौरव जगाना ,समाज पर जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। जिला योजना बैठक में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कुमार, अवध क्षेत्र के युवा मोर्चा के क्षेत्र उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, राजेंद्र चतुर्वेदी, शरद सिंह, शिवेंद्र सिंह, सुधा अवस्थी, भागवत सिंह, अभिषेक वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, डॉ अविनाश, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र सिंह, जेपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर बंधी भैंस खोल ले गए चोर

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गढ़ी कमालपुर गांव में दीन मोहम्मद के घर के बाहर बंधी भैंस चोरी हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब भैंस नहीं मिली तो पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेम सागर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली, जिसमें एक युवक पिकअप डाला भैंस लादकर जाता दिखाई दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वृंदावन में दो घरों में चोरी का प्रयास

**अतरौली, हरदोई।** शुक्रवार की रात अतरौली थाना क्षेत्र के गांव बृन्दावन मजरा भटपुर में चोरो ने दो घरों में चोरी का प्रयास किया। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित किसान तोताराम और किसान धरमू ने बताया कि चोर दीवार कूदकर घर में घुसे और चोरी का प्रयास किया, हालांकि घर वालों के जाग जाने से वह कामयाब नहीं हो सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र ने बताया कि जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के धोबिया में घर में घुसकर मारपीट कर युवक को घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामवीर सिंह के अनुसार 23 अक्टूबर को दोपहर में गांव के हरिनाथ सिंह ने कौशलेंद्र सिंह, अमित और दधिबल सिंह के साथ उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पिहानी ब्लॉक को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग बदहाल

जुबैर खान, पिहानी, हरदोई


बदहाल सड़क की जानकारी देता ग्रामीण। • अमृत विचार


सड़क के दोनों ओर उखड़ी बजड़ी। • अमृत विचार

**अमृत विचार।** पिहानी-जंग बहादुर गंज मार्ग से जुड़ा अब्दुल्ला नगर संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। गहरे गड्ढे, टूटी सड़कें और पानी भरे खड्ड मार्ग पर चलना मुसीबत का सफर बना चुके हैं। जबकि यही एक मात्र मार्ग जो पिहानी ब्लॉक को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। जिसके चलते हर दिन इस मार्ग से जिला मुख्यालय जाने आने वालों की बड़ी संख्या होती है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग शिकायत के बावजूद मार्ग निर्माण में रुचि नहीं ले रहा है।

जनता का कहना है कि राजनीतिक प्रतिनिधि और नेता भी मार्ग की बदहाली से अवगत हैं, लेकिन चुनावी भाषणों और आश्वासनों के अलावा कोई ठोस काम नहीं किया गया है। समाजसेवी अगम प्रकाश त्रिवेदी ने कहा कि यह मार्ग हमारे क्षेत्र के लिए जीवन रेखा है, लेकिन इसकी बदहाली ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोक निर्माण विभाग को जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत करनी चाहिए। राज कपूर श्रीवास्तव ने कहा कि हमने कई बार लोक निर्माण विभाग को इस मार्ग की मरम्मत के लिए कहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह मार्ग न केवल आवागमन के लिए खतरनाक है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। महेश सिंह यादव ने कहा कि स्थानीय नेता और राजनीतिक प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। उन्हें इस मार्ग की बदहाली के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। संजय सैनी ने कहा, यह मार्ग हमारे क्षेत्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी मरम्मत से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी मदद मिलेगी। स्थानीय निवासी रामकुमार ने बताया कि इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन गड्ढों और टूटी सड़कों के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है। कहा कि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत होनी चाहिए।


अगम प्रकाश त्रिवेदी।


दिलीप मिश्रा।


राजवंश त्रिवेदी।


प्रिंस अवस्थी।


संजय सैनी।


मनोज गुप्ता।

अब्दुल्ला नगर निवासी **अगम प्रकाश त्रिवेदी** ने बताया कि जेबीगंज, पिहानी रोड से अब्दुल्ला नगर जाने वाली रोड काफी जर्जर हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों को इस पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य **दिलीप मिश्रा** कहते हैं कि दो, तीन वर्ष पहले ही रोड का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण कुछ ही दिनों में रोड की हालत खराब हो गई। रोड का तत्काल नवीनीकरण कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिले।

**राजवंश त्रिवेदी** निवासी अब्दुल्ला ने बताया कि मार्ग पर आये दिन राहगीर गिरकर घायल हो जाते हैं। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को भी काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जनहित में इसे सही कराया जाये।

छात्र **प्रिंस अवस्थी** ने कहा कि संजय गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज अब्दुल्ला नगर में पढ़ने वाले कई गांवों के छात्र रोजाना इसी मार्ग से कॉलेज आते-जाते हैं। जिन्हें काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**संजय सैनी** निवासी अब्दुल्ला नगर बताते हैं कि बेहद जर्जर हो चुके मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया है। रोजाना कोई न कोई मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोट खा जाता है। किसानों को ट्राली से गन्ना ले जाने में और दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। समस्या पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

**मनोज गुप्ता**, किराना व्यवसायी कहते हैं कि अब्दुल्ला नगर से जेबीगंज पिहानी रोड को जोड़ने वाला मार्ग इतना जर्जर है कि बाइक से तो दूर पैदल चलना मुश्किल और जोखिम भरा है। व्यापारियों को माल लाना ले जाना मुश्किल है। सम्बंधित अधिकारियों को मार्ग सही और मानक के अनुसार बनवाना चाहिए। जिससे सभी राहगीरों को राहत मिल सके।

# सरदार पटेल ने रखी थी आधुनिक भारत की बुनियाद

## मंत्री असीम अरुण ने 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों को लेकर जिला योजना की बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई



प्रेसवार्ता में बोलते मंत्री असीम अरुण। • अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए योजना बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरदार पटेल भारत के सर्वमान्य नेतृत्वकर्ता थे, उनकी 150वीं जयंती मनाने के लिए सभी देश के सभी दल, धर्म और वर्ग के लोग साथ है।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल के समर्पण, नेतृत्व और प्रशासनिक कौशल ने भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए सैकड़ों रियासतों का विलय कराया तथा आधुनिक भारत की बुनियाद रखी। उनके विचार आज भी हमारे लोकतंत्र, प्रशासन और एकता के लिए प्रेरणा हैं। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी खोई हुई साख को वापस पाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह देशवासियों को स्मरण कराता है कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में 562 रियासतों को एकजुट करने और आधुनिक भारत की नींव रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को धूम धाम से मनाने का प्रयास है, जिससे लोगों में सरदार पटेल के योगदान को सही और विस्तार से पहुंचाया जाए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या राम वर्मा, ब्लाक प्रमुख संघ प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, कर्मवीर सिंह, एस पी मौर्य, संजय सिंह, महामंत्री अनुराग मिश्र, नगरपालिका नगर पंचायतों के अध्यक्षगण सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी मौजूद रहे।

### प्रत्येक विधान सभा एवं नगर निकायों में पद यात्रा का आयोजन किया जायेगा: असीम अरुण

**हरदोई, अमृत विचार।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती पर 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में प्रभारी मंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्कूल, कालेज के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस संबंध में मंत्री ने जिलाधिकारी अनुनय झा से कहा कि पद यात्रा के लिए रूट निर्धारित कर उसको गड्ढा मुक्त कराये। उन्होने समस्त ईओ को निर्देश दिये कि पद यात्रा पहले समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के समस्त वार्डो तथा ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान स्वच्छता अभियान के तहत विशेष अभियान चलवाकर सफाई करायेगें।

### युवती से छेड़छाड़ करने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध युवती के भाई ने लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। युवती के भाई के अनुसार उसकी 18 वर्षीय बहन 23 अक्तूबर की रात शौच के लिए घर से बाहर गई थी। गांव निवासी नीरज ने गलत नीयत से उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और जान से मार डालने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक थाना महिला सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया भाई की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# कछौना ब्लॉक के तीन मजरे आज भी बिजली की रोशनी से वंचित

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग की हीला हवाली के चलते आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी विकासखंड कछौना के तीन गांव आज भी कछौना देहात का ग्राम किरतपुर (राधानगर) व ग्राम सभा महरी ग्राम जालिमपुर व ग्राम सभा बालामऊ के रेलवे लाइन के पूर्व दिशा में स्थित आबादी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित है। आखिर यह आबादी क्षेत्र को किस बात की सजा मिली। यहां के आम जनमानस अंधेरे में जीने को विवश है।

विकासखंड कछौना की ग्राम सभा कछौना देहात के ग्राम राधा नगर की आधी आबादी विद्युतीकरण से वंचित हैं। यहां के विद्युतीकरण के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार ने लगातार कई वर्षों से शासन प्रशासन से मांग कर रहे हैं। ग्राम सभा महरी के ग्राम जालिमपुर की आबादी आज भी विद्युतीकरण से वंचित है। सामाजिक कार्यकर्ता प्यारेलाल ने इस मद्दे को विद्युतीकरण के लिए लगातार कई वर्षों से मांग कर रहे हैं, परंतु शासन प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली। वहीं विकासखंड कछौना की विधानसभा की पहचान बालामऊ में पूर्व दिशा में रेलवे लाइन के किनारे आधा सैकड़ा परिवार आबादी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित है। यह दलित बाहुल्य गांव है। इस आबादी क्षेत्र में तीन इंटर कॉलेज व एक अध्यात्मिक संस्थान सहज निर्मला देवी ट्रस्ट रेलवे स्टेशन हाल्ट हैं। काफी संख्या में आम जनमानस का आवागमन रहता है। इस मजे में विद्युतीकरण के लिए ग्राम प्रधान आलोक कुमार उर्फ विपिन व पूर्व प्रधान गौतम कनौजिया व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ. मनोज सिंह लगातार कई वर्षों से विद्युतीकरण के लिए जनप्रतिनिधि गुहार लगा रहे हैं। एक तरफ सरकार हर घर रोशन करने का दावा कर रही है। वही विभाग की हीला हवाली के चलते इन मजरों में आबादी क्षेत्र के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्युतीकरण से वंचित है। जिसका खामियाजा आमजनमानस को उठाना पड़ता है।

• **आजादी के 78 वर्ष बाद भी नहीं हो सका विद्युतीकरण**

# अफसरों ने फरियादियों की सुनीं शिकायतें

संवाददाता, हरदोई


थाना दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार।** विभिन्न थानों पर शनिवार थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आई शिकायतों में से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। राजस्व विभाग की टीम ने राजस्व संबंधित मामलों का निस्तारण कराया।

कछौना कोतवाली में तहसील संडीला की नायब तहसीलदार अनुपमा और प्रभारी निरीक्षक कछौना ने फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कुल चार शिकायतें दर्ज की गईं। ओनवा मजरा भानपुर निवासी राधा देवी पत्नी स्व. इंदर ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके नाम के पट्टे पर भानपुर निवासी सुखदेव ने कब्जा कर लिया है। शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। खेरवा मजरा दलेलनगर निवासी संदीप पुत्र बलिराम ने भी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के ही रामसिंह उन्हें खेत नहीं जोतने दे रहे हैं। संदीप ने न्याय की उम्मीद में समाधान दिवस में अपनी शिकायत दर्ज कराई।प्रभारी निरीक्षक प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि समाधान दिवस पर कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक शिकायत के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग और पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष शिकायतों का भी जल्द ही निस्तारण कर दिया जाएगा। शाहाबाद कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा भी मौजूद रहे। थाना दिवस में पुलिस और राजस्व से संबंधित मात्र तीन शिकायतें आई। जिनमें से एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। प्रभारी निरीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय के अंदर करें और सभी पुलिसकर्मी और बीट प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें।

# प्रधानपति पर रास्ते में रोककर धमकी देने व गाली-गलौज करने का आरोप

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानपति पर अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर सरेशाम रोककर गालियां और जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव अटवा कटैया के सुभाष चंद्र ने पुलिस से शिकायत में कहा कि वह बीते शुक्रवार की शाम घर लौट रहे थे। उसी बीच गांव के प्रधानपति व प्रधानाध्यापक मायाप्रकाश अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिले और उसे गांव के मजरा बुंदेला पुरवा के पास रोक कर गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी। शिकायत करने वाले सुभाष ने बताया कि आरोपित प्रधान पति के खिलाफ पहले भी इस तरह के मामले दर्ज है। पीड़ित सुभाष चंद्र ने मामले की मुख्य वजह ग्राम पंचायत के तालाब की नीलामी में प्रतिभाग करने की बात पर नाराजगी की बात कही हैं। इस संबंध में प्रधान पति माया प्रकाश ने बताया कि शिकायत में आरोप निराधार लगाए है। चुनावी खुन्नस के चलते शिकायत कर्ता उसके धुर-विरोधी पूर्व में रहे ग्राम पंचायत प्रधान पद के प्रत्याशी के उकसाने में इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

# परमिशन की आड़ में मनमाने ढंग से किया जा रहा अवैध खनन

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की ग्राम सभा खजोहना के मजरा मेडुवा में परमिशन की आड़ में अवैध खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि खनन माफिया खनन अधिकारी की कथित मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। खनन के लिए परमिशन 'एडविन' (संभवतः किसी परियोजना या स्थान के लिए) की है, लेकिन मिट्टी रेशो, बघुआमऊ, खजोहना और फेस-2 में डाली जा रही है। यहां 24 घंटे खनन कार्य जारी है। जब इस पूरे प्रकरण की शिकायत खनन अधिकारी शिवदयाल से की गई, तो उन्होंने कहा कि त्योहार के बाद देखता हूं। एसडीएम संडीला को बता दीजिए। खनन अधिकारी के ऐसे जवाब से उनकी इस मुद्दे पर गंभीरता जाहिर होती है। इस मामले में आगे की जांच की आवश्यकता है।

# पिहानी में धूमधाम से निकाली गई राम बारात


राम बारात में सजीं झांकियां। • अमृत विचार

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में धूमधाम से राम की बारात निकाली गई। बारात में सजी आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। कस्बे वासियों ने बारात का बढ़-चढ़ कर स्वागत किया। राम बारात में दूर-दराज गांव के भक्त भी शामिल हुए और भगवान राम की जय-जयकार की। भक्तों ने बढ़-चढ़कर दान-दक्षिणा भी दी। राम बारात के दौरान भक्तों ने भगवान राम की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की। राम बारात के आयोजन से सनातन धर्म की महत्ता को दर्शाया गया। भगवान राम की जय-जयकार से वातावरण गुंजायमान हो गया। भक्तों ने बताया कि राम बारात के आयोजन से उन्हें सनातन धर्म की महत्ता का एहसास हुआ। राम बारात का कार्यक्रम ठाकुरद्वारा से शुरू हुआ और कटरा बाजार, खादी भंडार, होते हुए बस स्टैंड, तीन बंदर पार्क होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सदस्य मनोज रस्तोगी, आनंद शुक्ला मंटू, संजय वैश्य, नीरज सिंह, संजू शुक्ल आदि मौजूद रहे और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

दंगल प्रतियोगिता

उर्स व मेले में देश-विदेश से पहुंचे दर्जनों पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

# ईरान के पहलवान ने पंजाब के बलवंत को दी पटकनी

संवाददाता, संडीला, हरदोई


कुश्ती में दांव-पेच दिखाते पहलवान। • अमृत विचार


कुश्ती में सम्मानित किए गए इरफान ईरानी। • अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में चल रहें झाड़ी शाह के मेले में दूसरे दिन शानदार दंगल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पीएम अगेंस्ट की जिलाध्यक्ष सुनीता सिंह राठौर के द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ में मेला अध्यक्ष शाहनवाज आलम भी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि कुंवर वीरेंद्र सिंह ने पहलवानों के हाथ मिलाकर दंगल शुरू करने का एलान किया। जिसमें दूर दराज़ से आये पहलवानों ने दम खम दिखाएं। ईरान से आए इरफ़ान ईरानी से दर्जनों पहलवानों में से एक पहलवान पंजाब के बलवन्त उनसे हाथ मिलाकर कुश्ती लड़ने की चुनौती दी। काफ़ी समय तक मुकाबला चलता रहा, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। आखिरी में इरफ़ान ईरानी ने धोबी पछाड़ मारकर पंजाब के बलवन्त कों पटखनी दे मारी और जीत अपने नाम हासिल की। देश विदेश से आये पहलवानो ने एक से बढ़कर एक दांव-पेच दिखाए। रवि थावर, मुन्ना पंजाब, गुरविंदर पंजाब, मान हरियाणा, कल अजगर राजस्थान, बाबी मिश्रा लखनऊ, सोनू दिल्ली, बगतौर राजस्थान आदि अखाड़े रेफरी का रोल कदीर पहलवान ने अदा किए। दंगल को देखने के लिये हजारों की भीड़ इक्क्ठा हुईं। दंगल में शाहनवाज आलम, मैनेजर अबू तालिब, शमीम, पंकज सभासद, गुफरान अहमद, कमेटी के सदस्य, अमन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस


पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचीं डा. चित्रा व अन्य।

**हरदोई, अमृत विचार।** बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने नगर में एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा बालिका को गलत तरीके से लेजाने की घटना पर विरोध जताया। फाउंडेशन की सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के राज्य में ऐसा करने वालों को कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

बहादुर बेटियां की संरक्षक डा. चित्रा मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की घटना केवल कानून के खिलाफ नहीं बल्कि मानवता को भी कलंकित करता है। पूरा समाज मासूम बिटिया के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीड़ित परिवार से मिल कर आश्वासन दिया है कि किसी भी सूरत में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। कानून सभी के लिए बराबर है। डा. मिश्रा ने कहा कि योगी कार्यकाल में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध करने वाला चैन से नहीं रह पाएगा। फाउंडेशन की संरक्षक होने के नाते ऐसी घटनाओं की निंदा करती है। साथ ही यह भी कहा कि ऐसी घटनाएं डराने नहीं बल्कि जागरूक करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने आसपास के किसी प्रकार की हिंसा उत्पीड़न को सहन नहीं करेंगे, क्योंकि चुप रहना भी अन्याय के साथ देना है।उन्होंने कहा कि जब महिला का सम्मान सुरक्षित होगा, तभी समाज का भविष्य उज्ज्वल होगा। फाउंडेशन के सदस्यों ने पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंच कर सांत्वना दी। इस मौके पर कुसमलता गुप्ता, संस्थापक नीतू गुप्ता, आभा श्रीवास्तव, मधु सिंह, सरोजनी मिश्रा, नीलम जिंदल, ज्योति बघेल, श्रेया अग्रवाल सहित फांउडेशन की कई सदस्य मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक व उसके भाई की ससुराल में हुई पिटाई

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला औलादगंज निवासी कृष्ण कुमार राजपूत की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व मोहल्ला मीठाकुआं निवासी भूरा की पुत्री गरिमा के साथ हुई थी, उसके बाद वह कुछ महीने साथ रहने के बाद वह मायके में रहने लगी। शनिवार को कृष्ण कुमार अपने भाई जितेंद्र, मां एवं अन्य रिश्तेदारों को लेकर विदा कराने ससुराल गया था।, जहां पर विवाद बढ़ने पर ससुर एवं उनके पड़ोसियों ने उन लोगों की जमकर पिटाई कर दी, जिससे कृष्ण कुमार जितेंद्र एवं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। मोहल्ले वासियों के बीच बराव के बाद थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

### पति के साथ जा रही पत्नी की बाइक से गिर कर मौत

हरदोई, अमृत विचार। पति के साथ मायके जा रही पत्नी की रास्ते में बाइक से गिरकर मौत हो गई। मझिला निवासी रामदास शनिवार को पत्नी रामप्यारी (54) को बाइक से लेकर उसके मायके टड़ियावां थाने के सढ़िला मसीत जा रहा था। रामदास ने बताया कि हरियावां के कुरसेली मोड़ पर पत्नी चलती बाइक से गिर पड़ी। उसके सिर में चोट पहुंची। आनन-फ़ानन में उसे पहले सीएचसी हरियावां और हरियावां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। रामप्यारी के परिवार में उसके चार बेटे है। पुलिस जांच कर रही है।

### पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर लगाया आरोप

बांगरमऊ उन्नाव। बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव गौरिया कलां में रंजिश के चलते दबंगों ने एक बच्चे की पिटाई कर दी। उलाहना देने गए बच्चे के मां-बाप को भी पीटकर लहूलूहान कर दिया। पीड़ित पक्ष ने घटना की तहरीर बेहटा मुजावर थाने में दी। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने कि बजाय दोनों पक्ष को हवालात में डाल दिया।

# सड़क हादसे में घायल प्रधान पुत्र समेत दो युवकों की मौत

## धनतेरस के दिन अलग-अलग सड़क हादसों में हुए थे घायल

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में धनतेरस के दिन अलग-अलग हुए दो सड़क हादसे में घायल हुए प्रधान पुत्र और एक अन्य युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक अमन कुमार निवासी कटारपुर थाना बिलग्राम आर्मी की फिजिकल परीक्षा की तैयारी करने कर रहा था । दौड़ लगाने के लिए वह गंगा एक्सप्रेसवे पर गया हुआ था वहां पर बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

अमन के पिता सूरज बली ने बताया कि कोतवाली में बाइक चालक के विरुद्ध तहरीर दी गई है। उसी दिन दूसरा हादसा चांदपुर के प्रधान जगदीश यादव के पुत्र अंकुर यादव के साथ हुआ। वह भी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल के बाद लखनऊ ले जाया गया। शनिवार को अंकुर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। अंकुर की मौत के बाद पूरे गांव में मातम छा गया तमाम लोग देखने के लिए पहुंचे ।


अंकुर यादव व अमन कुमार की फाइल फोटो।

### खंती में बाइक गिरने से व्यक्ति की मौत



पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में हरैया गांव के पास शारदा नहर पुल के पास रोड के किनारे खंती में बाइक गिरने से उस पर सवार युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सतीश (40) पुत्र गेंदन निवासी हरियावा थाना क्षेत्र के बनवा अरूआ के रूप में हुई है। सतीश के परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल छोटेलाल ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना रात 24 नवंबर की रात की बताई जा रही है। सतीश अपनी माता को बनवा अरुआ गांव से अपने ननिहाल छोड़ने गए थे।

# बेकाबू ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

संवाददाता सवायजपुर, हरदोई

अमृत विचार। पाली थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे जनपद शाहजहांपुर निवासी बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी को मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक जनपद शाहजहांपुर के ग्राम टिकरा थाना रोजा निवासी अंकित चौहान (18) पुत्र शिवराज अपने रिश्तेदार लखीमपुर जिले के पांडेबारी थाना पसिगवां निवासी सुधाकर पुत्र बृजेश के साथ शनिवार को पाली थाना क्षेत्र के गांव सहजनपुर में अपनी बहन के घर आया था। बहन के घर कुछ देर रुकने के बाद अंकित करीब 3 बजे अपने घर जाने के लिए सहजनपुर से बाइक से साथी के साथ निकला। पाली-शाहाबाद सड़क मार्ग पर ददेऊरा गांव के सामने पहुंचने पर शाहाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अंकित की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अंकित के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं बाइक पर पीछे बैठा सुधाकर उछल कर दूर जा गिरा, जिससे उसके कोहनी में मामूली चोट आई। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया। दुर्घटना में अंकित की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल सुधाकर ने बताया कि अंकित की शादी नहीं हुई थी, वह चार बहनों और दो भाइयों में तीसरे नम्बर का था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा से घर पहुंचा शव, कराया पोस्टमार्टम

हरदोई, अमृत विचार। हरियाणा के सिंधु बार्डर में रह रही पत्नी व बच्चों से मिलने के लिए करवा चौथ पर उसका पति मिलने गया था। वहीं 23 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में पति की मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस लौटे। पुलिस ने शनिवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली देहात के धियर महोलिया निवासी मुकेश (40) पुत्र ओमप्रकाश की शादी टड़ियावां थाने के कस्बा गोपामऊ के रूपराम की पुत्री करुणा के साथ हुई थी। उसके तीन बेटे अमन, नमन व छोटू के अलावा बेटी शिवांशी है। बताते हैं कि करुणा के पिता रूपराम अपने घर वालों के साथ हरियाणा के सिंधु बार्डर में रहते हैं। आपसी नाराज़गी के चलते करुणा अपने बच्चों को साथ लेकर सिंधु बार्डर चली गई थी। पिता ओमप्रकाश ने बताया कि मुकेश घर पर था। करवा चौथ पर वह पत्नी व बच्चों के पास सिंधु बार्डर गया था। 23 अक्टूबर को वहीं पास में रह रही उसके गांव की ज्ञानवती नाम की महिला ने फोन पर बताया कि मुकेश की मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर वाले सिंधु बार्डर पहुंचे और शुक्रवार को वहां से शव ले कर घर लौटे। मुकेश के पिता का कहना था कि उसके बेटे के साथ कोई अनहोनी हुई है,उसने मौत की असल वजह का पता लगाने के लिए पुलिस को तहरीर दी,जिस पर शनिवार को तीसरे दिन उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



# ट्रैक्टर से कुचल कर किशोरी की मौत, 5 बकरियां भी मरीं

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। धान की कुटाई के आया ट्रैक्टर ड्राइवर की लापरवाही से अचानक स्टार्ट हो गया। कोई कुछ समझ या कर पाता, इससे पहले ही बेकाबू ट्रैक्टर ने वहां से गुजर रही किशोरी व पांच बकरियों को कुचल दिया। हादसे में किशोरी व बकरियों की मौत हो गई।

शाहाबाद कोतवाली के अब्दुलपुर निवासी ननक्कू की 16 वर्षीय पुत्री पिंकी 7वीं की छात्रा थी। शनिवार की शाम पिंकी अपनी बकरियों को दूसरे मकान में बांधने जा रही थी। वहीं गांव के दुर्गेश के मकान के बाहर धान की कुटाई के लिए ट्रैक्टर खड़ा था। पिंकी निकली,उसी बीच ड्राइवर ने लापरवाही बरतते हुए ट्रैक्टर को गियर में ही स्टार्ट कर दिया। नतीजतन ट्रैक्टर दौड़ पड़ा और पिंकी व उसकी बकरियों को कुचलते हुए निकल गया। बकरियां वहीं मर गईं। हादसे के बाद लोग दौड़ पड़े और घायल हालत में पिंकी को उठाकर सीएचसी शाहाबाद ले गए, वहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। उधर ड्राइवर ट्रैक्टर ले कर वहां से भाग निकला। ननक्कू के दो बेटों रिंकू व देवा में पिंकी इकलौती बेटी थी। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## दबंग ने सफाई कर्मी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

हरदोई, अमृत विचार। सफाई कर्मी अपने गांव गया था। जहां दबंग ने जबरन सफाई करने का दबाव बनाया। मना करने पर दबंग ने सफाई कर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस जांच कर रही है। पिहानी कोतवाली के पतरास निवासी उत्तम कुमार सुरसा ब्लाक के सिकंदरपुर में सफाई कर्मी है और कोतवाली देहात के खेड़ा पिहानी रोड पर मकान बनाकर रहता है। शनिवार को उत्तम अपने गांव पतरास गया था, शाम को शाहाबाद तिराहे पर पतरास निवासी राजीव यादव उसे मिला और गांव में सफाई करने का दबाव बनाने लगा, उत्तम ने कहा कि जहां ड्यूटी है, वहीं सफाई करेगा, इस पर राजीव भड़क गया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

# सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

अमृत विचार। नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को काम हड़ताल करते हुए नगर पंचायत कार्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सफाई कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

बताते चलें कि नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को कार्य बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत कार्यालय गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सफाई कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए नगर के चमारन टोला सभासद प्रतिनिधि राजेश चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आए दिन जाति सूचक गालियां देकर जबरदस्ती अतिरिक्त काम कराते हैं। काम न करने पर नगर पंचायत से निकलवाने की धमकी देते हैं।


नगर पंचायत कार्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

● सभासद प्रतिनिधि पर गाली गलौज करने व उत्पीड़न का लगाया आरोप

### बोले सभासद प्रतिनिधि

मोहल्ला चमारन टोला सभासद प्रतिनिधि राजेश चौधरी ने बताया कि दीपावली त्योहार पर नगर के मोहल्ला चमारन टोला मे सफाई कर रहे अभिषेक कुमार पुत्र श्रवण कुमार से नाली सफाई करने के लिए कहा गया, जिसपर सफाई संविदा कर्मचारी ने मनमाने समय पर सफाई करने की बात कहकर अभद्रता की गई, जिससे सभासद की छवि धूमिल हुई।

# वित्तीय अनियमितता में नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शासनादेशों के विपरीत मनरेगा में 236 लाख के बोरीबंदी कार्यों में वित्तीय अनियमितता की जांच उपरान्त ग्राम विकास आयुक्त ने अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी को उत्तरदायी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदाकर्मी जनप्रतिनिधि पर विधिक, विभागीय व वसूली की कार्यवाही के आदेश दिए, लेकिन ग्राम विकास आयुक्त द्वारा वित्तीय अनियमितता के मामले में अभी तक कोई कार्यवाही न किए जाने से कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं हरदोई सदर विधानसा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे आशीष कुमार सिंह की पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उनकी शिकायत पर ग्राम विकास आयुक्त की बड़ी कार्यवाही हुई है। बोरीबंदी के दो सौ 36 लाख के कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं पर उत्तरदायी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदाकर्मियों के विरुद्ध विधिक एवं विभागीय कार्यवाही करते हुए वसूली के लिए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक/मुख्य विकास अधिकारी को आदेश जारी किए, परंतु ग्राम विकास आयुक्त द्वारा कार्यवाही करने निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।


जानकारी देते निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह।

## ब्राह्मण-ठाकुरों को गाली गलौज से आक्रोश, थाने पहुंचे लोग

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा क्षेत्र के गौटिया जमालपुर गांव में चार भाइयों द्वारा शराब पीकर ब्राह्मण एवं ठाकुरों को गाली गलौज करने के मामले में आक्रोशित दर्जनों लोग शनिवार को थाने पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि आरोपी बीते कुछ दिनों से लगातार गालियां देकर समाज को अपमानित कर रहे हैं, मना करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। शनिवार सुबह पचदेवरा थाने पहुंचे क्षेत्र के गौटिया जमालपुर गांव निवासी सुमित सिंह, चमन सिंह, सुधीर सिंह, कन्हैया लाल सिंह, शुशांक द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, राघव सिंह, लल्ला बाबू, पप्पू, अमित, मनोज, रामवीर एवं अतुल ने तहरीर देकर बताया कि उनके गांव निवासी उमेश, घसीटे, नन्हें एवं छोटे पुत्रगण रामनाथ कश्यप बीते एक सप्ताह से ब्राह्मणों एवं ठाकुरों को जाति का नाम लेकर गालियां देते हैं और अपमानित करते हैं। विरोध करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।

# सचिव व चौकीदार पर खाद की कालाबाजारी करने का आरोप

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव स्थित सहकारी समिति पर सचिव व चौकीदार पर रात के अंधेरे में खाद की कालाबाजारी करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। अतहा निवासी अशोक कुमार, सुशील, विमलेश, सुंदर लाल, मनोज, विकास पाण्डेय, बबलू दीक्षित, भैयालाल आदि ने एसडीएम शिवेन्द्र वर्मा को शिकायती पत्र देकर बताया कि एक सप्ताह पूर्व समिति में 400 बोरी डीएपी खाद आई थी। किसानों द्वारा लगातार समिति के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें खाद नहीं दी गई। जबकि शुक्रवार शाम 7 बजे अंधेरे में समिति से बोरियां लाद कर ले जाते देखा गया। जिससे आशंका है कि सचिव व चौकीदार ने मिलकर अधिक दाम में खाद की कालाबाजारी की है। ग्रामीणों ने दावा किया कि जब किसानों की भीड़ समिति भवन पर इकट्ठा हुई तो स्टॉक के मिलान में 14 बोरी खाद कम पाई गई। जिससे साबित होता है कि खाद किसानों से छीन अधिक दामों पर बेच दी गई। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाई का आश्वासन दिया है।

# छुट्टा मवेशी के हमले में घायल किसान की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। फसल की रखवाली कर रहा किसान छुट्टा मवेशी के हमले में घायल हो गया। परिजन गांव के एक डॉक्टर से दवा दिलाकर लौट आए। लेकिन शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आसीवन थानाक्षेत्र नूरुल्लानगर गांव निवासी ज्ञान सिंह (32) पुत्र मुन्ने गांव के बाहर सब्जी की खेती करता था और वहीं आम के बाग में झोपड़ी डालकर रहता था। भाई मान सिंह के मुताबिक शुक्रवार देर रात आवारा मवेशी ने उस पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया था। इस पर परिजनों ने गांव में एक डॉक्टर से उपचार कराकर घर लौट आए थे। वहीं ज्ञान अपनी झोपड़ी में रुक गया था। सुबह खाना लेकर पहुंचे भाई को वह मृत अवस्था में मिला। छोटे भाई मान सिंह ने बताया कि ज्ञान की अभी शादी नहीं हुई थी। वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। बड़े भाई पप्पू सिंह की 12 वर्ष पहले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बेटे की मौत से मां सरस्वती, भाई नरायन सिंह, मान सिंह, दान आहत हैं। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि परिजनो की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां एकत्र कर किया विसर्जन

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। व्यापार मंडल सफीपुर अध्यक्ष उत्तम निषाद की अगुवाई में पदाधिकारियों ने नगर भ्रमण कर विभिन्न स्थानों पर रखी गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाओं को एकत्र किया और उन्हें जेसीबी से खुदाई करवाकर शारदा नहर में विधि-विधान से विसर्जित किया।

इससे पहले व्यापार मंडल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से नगर वासियों से अपील की थी कि कोई भी प्रतिमाओं को सड़क, चौराहों या पेड़ों के नीचे न रखे बल्कि उचित स्थान पर विसर्जित करने में सहयोग करें। चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने व्यापार मंडल की इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे नगर हित व स्वच्छता अभियान के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इसी तरह नागरिकों को भी जागरूक होकर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में भागीदारी निभानी चाहिए।अभियान में व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, बेचेलाल गुप्ता, उमेश सर्राफ, शोभित गुप्ता, अनुज सविता, गोलू श्रीवास्तव, विनोद यादव, आशीष गुप्ता, कल्लू मिश्रा, शिव गोपाल गुप्ता (पूनम) आदि शामिल रहे।


मूर्तियां एकत्र करते व्यापार मंडल सफीपुर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हादसे में मृत युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के दुल्लापुरवा गांव निवासी युवक की मैनपुरी जिले में सड़क हादसे में मौत हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद देररात शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई।

दुल्ला पुरवा गांव निवासी मनोज पुत्र चंदिका दिल्ली में रेलवे विभाग में मजदूरी करता था। दीपावली पर वह परिवार के साथ आया था। गुरुवार वह दिल्ली लौटते समय मैनपुरी जिला के बेवर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-34 स्थित मझोला पुल के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इसमें मनोज की मौत हो गई थी। पिता के शिनाख्त करने पर बेवर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया था। देररात शव घर पहुंचा तो पत्नी शशि बदहवाश हो गई। उसके सामने चार छोटे बच्चों की परवरिश का संकट खड़ा हो गया। मनोज चार भाइयों में बड़ा था। शनिवार को नानामऊ गंगातट पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।


मनोज कुमार की फाइल फोटो।

## पत्नी से नाराज पति ने फांसी लगाकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी से खफा चल रहे उसके पति ने शनिवार की शाम को कमरें के दरवाज़े बंद कर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही दरवाज़े तोड़ कर उसे बाहर निकाला गया,लेकिन उससे पहले ही मौत हो चुकी थी। कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी 30 वर्षीय सूरज त्रिवेदी पुत्र बब्लू त्रिवेदी ने शनिवार की शाम को अपने कमरें खे दरवाज़े बंद कर फांसी लगा ली। इसका पता होते ही घर में कोहराम बरपा हो गया। आस-पड़ोसियो की भीड़ लग गई। वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर सूरज को बाहर निकाला, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

**आयोजन** | भगवती चरण वर्मा पार्क में सात दिवसीय कृष्ण लीला रासलीला महोत्सव

# कृष्ण ने मैया को मुख में दिखाया पूरा ब्रह्मांड

सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। कस्बे के भगवती चरण वर्मा पार्क में वृंदावन के प्रसिद्ध रासलीला संस्थान द्वारा सात दिवसीय कृष्ण लीला रासलीला महोत्सव व भक्त चरित्रों के मंचन का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को पहले दिन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने राधा कृष्ण की आरती कर आयोजन की शुरुआत की। इसमें वृंदावन धाम से पधारे रसाचार्य व भागवत कथा प्रवक्ता डॉ. स्वामी देवकी नंदन शर्मा महाराज के सानिध्य व मार्गदर्शन में वृंदावन के कलाकारों ने मनमोहक ढंग से कृष्ण जन्म का वर्णन किया। जिसमें बालकृष्ण भगवान ने मैया यशोदा को अपने मुख में समस्त ब्रह्मांडों के दर्शन कराए। परशुराम, रावण, नरसिंह भगवान के चरित्रों की झलकियां प्रस्तुत कर कलाकारों ने अनेक चरित्रों का मंचन किया। बताते चलें कि बीते कई वर्षों से सफीपुर नगर में मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित पार्क में वृंदावन के देवकी नंदन शर्मा रासलीला मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। आयोजक घनश्याम गुप्ता ने बताया कि 24 से 30 अक्टूबर तक 7 दिवसीय भागवत लीलाओं के मंचन का समय शाम 7 से रात 10 बजे तक रखा गया है। इस दौरान सैकड़ों दर्शकों के अलावा व्यापार मंडल अध्यक्ष सफीपुर उत्तम निषाद, रिंकू गुप्ता, साकेत गुप्ता (सकट), श्यामू कोटेदार, विनय गुप्ता, गोल्डी गुप्ता, छोटा बाबू, शिव प्रकाश नन्हा गुप्ता आदि रहे।


भागवताचार्य को सम्मानित करते चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई।

## कूड़ा डालने के विवाद में मारपीट, एक घायल

उन्नाव, अमृत विचार। मौरावां थानाक्षेत्र के पिंजरा गांव निवासी मनोज ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह 6 बजे गांव निवासी रामदयाल, उसकी पत्नी बालूशाही, चंद्रशेखर व सुंदर लाल की पत्नी की उसकी पत्नी केकता देवी से कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हो गई। इसमें रामदयाल व सुंदर लाल ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पत्नी को बचाने पहुंचा तो सभी ने उस पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। इससे उसके सिर में चोट आ गई। एसओ अमरनाथ यादव ने बताया कि मामला मारपीट का है। घायल का मेडिकल कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 74वां कृष्ण लीला महोत्सव शुरू

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। विधायक श्रीकांत कटियार ने शुक्रवार शाम भगवान कृष्ण का पूजन व आरती कर नगर के श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला मैदान में आयोजित 74वें कृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के जप और तप से ही प्राणी भवसागर को पार कर सकता है।

भव्य लीला मंच से विधायक ने कहा कि वर्तमान में टीवी व मोबाइल आदि का उपयोग अधिक बढ़ गया है। ऐसे आयोजन लोगों को धर्म की राह पर चलने की शक्ति देते हैं। उन्होंने लीला समिति के सदस्यों व वृंदावन से आए बाल कलाकारों को सम्मानित किया। पंडित हीरालाल शर्मा रासलीला मंडल द्वारा बीती शुक्रवार शाम मंचित किया गया कि कंस के अत्याचार से व्याकुल धरती की पुकार सुन भगवान अवतरित हुए। राजा कंस अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव से करता है। विदाई के समय आकाशवाणी हुई कि इसी बहन का अष्टम लाल राजा कंस का काल होगा। कंस एक-एक कर देवकी के 7 पुत्रों की हत्या कर देता है। अंततः आठवें पुत्र के रूप में भगवान कृष्ण अवतरित होते हैं। लीला समाप्ति पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, उप्र व्यापार संगठन अध्यक्ष शरद अग्रवाल व सर्राफा कमेटी अध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी सहित समिति के सभी सदस्यों ने भगवान कृष्ण की आरती कर श्रोता भक्तों को प्रसाद वितरित किया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार।

# धूमधाम से मनाई जाए सरदार पटेल की जयंती : धर्मपाल सिंह

## प्रभारी मंत्री ने कहा कि लौह पुरुष देश की एकता और अखंडता को प्रतीक थे

संवाददाता, उन्नाव



बैठक में अफसरों से वार्ता करते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाए। कहा कि सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता को प्रतीक थे। स्वतंत्र भारत के निर्माण में 562 रियासतों को एकजुट करने और आधुनिक भारत की नींव रखने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय 'माई भारत' के माध्यम से भारत पदयात्राएं आयोजित कर रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ माई भारत पोर्टल पर किया था। इस चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम शामिल हैं। जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधि जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया जाएगा। राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक 152 किमी की पदयात्रा करमसद (पटेल जी का जन्मस्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी। अभियान हेतु पंजीकरण किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मंत्री भाजपा व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक बृजेश रावत, श्रीकांत कटियार, बंबालाल दिवाकर, अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्र व आशीष बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

### 31 अक्टूबर को पुलिस लाइन में कराई जाए भव्य परेड

मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन विभाग व प्रभारी मंत्री धर्म पाल सिंह की अध्यक्षता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती समारोह के प्रबंधन के संबंध में जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई।

इसमें मंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को पुलिस लाइन में भव्यता के साथ पुलिस विभाग द्वारा परेड का आयोजन किया जाए। सभी विधानसभाओं में जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन हो। पदयात्रा वाले मार्ग पर जिस विभाग से जो मद चाहिए वह विभाग द्वारा पूरी की जाए। विद्यालयों द्वारा रन फार यूनिटी, मानव श्रृखला, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हो। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाए।

जिला पंचायत राज अधिकारी सभी प्रधानों से समन्वय स्थापित कर सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के कार्यक्रमों को ग्राम स्तर पर भी आयोजित कराएं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक बृजेश रावत, अनिल सिंह, श्रीकान्त कटियार, बम्बालाल दिवाकर, भाजपा जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, एसपी जय प्रकाश सिंह, सीडीओ कृति राज व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार सपा के डीएनए में है : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने सपा द्वारा आजम खान को स्टार प्रचारक बनाए जाने को उनका आंतरिक मामला बताया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भ्रष्टाचार के आरोपों पर मंत्री ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार सपा के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। इसके अलावा मंत्री ने मस्जिदों में आई लव मोहम्मद लिखने वालों पर सख्त कार्रवाई और मंडी समिति में अवैध कब्जों को हटाने का आश्वासन दिया। 34 करोड़ के क्षतिग्रस्त दोस्ती नगर बाईपास के मामले में उन्होंने सीडीओ से तकनीकी जांच कराने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### चार केंद्रों में होगी डीएलएड परीक्षा

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीएलएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025 व तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2025 का आयोजन क्रमशः 27 से 29 अक्टूबर तक व 30 से 3 नवंबर तक जिले के चार परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी। इसमें 1436 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जानकारी देते हुए डायट प्राचार्या विभा मिश्रा ने बताया कि इसके लिए जीजीआईसी अचलगंज, जीजीआईसी मोती नगर उन्नाव, जीजीआईसी नवाबगंज व श्यामलाल इंटर कॉलेज नवाबगंज को केंद्र बनाया गया है।

### 'मुस्कान घर' कैंप में करें दान

**उन्नाव।** अभ्युदय सेवा संस्थान व आशा एनजीओ उत्तर प्रदेश द्वारा मोती नगर स्थित हनुमान मंदिर पर जरूरतमंदों की मदद के लिए विशेष अभियान 'मुस्कान घर' आयोजित किया जा रहा है। संस्था के प्रभात सिन्हा ने लोगों से कैंप में पुराने वस्त्र, खिलौने व शिक्षण सामग्री भेंट करने की अपील की। ताकि उन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके।

### जागरूकता शिविर 28 अक्टूबर को

**उन्नाव।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 28 अक्टूबर को सुबह साढ़े 12 बजे से तहसील हसनगंज में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें संबंधित ब्लाक क्षेत्र के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले शिक्षित बेरोजगार महिलायें व पुरुष पहुंचकर उद्योग लगाने संबंधी जानकारी ले सकते हैं। उपस्थित सभी बेरोजगारों का पोर्टल पर आनॅलाईन रजिस्ट्रेशन भी किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी तहसील सभागार हसनगंज मे प्रतिभाग करें। जिससे उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा चलायी जाने वाली सभी योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी उन्हें मिल सके।

### वृद्ध ने निगला जहरीला पदार्थ, हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** घर के बाहर चारपाई पर सो रहे वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो जहरीला पदार्थ निगलने की बात सामने आई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर खेड़ा गांव निवासी मंगल लोधी (60) पुत्र स्व. गुरुचरण एक डिग्री कॉलेज में माली था। शुक्रवार को वह घर के बाहर चारपाई में सोया था। लेकिन शनिवार सुबह वह अचेत पड़ा मिला। इस पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत संदिग्ध दिखने पर डॉक्टर ने शव मोर्चरी भेजकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें जहरीला पदार्थ निगलने की पुष्टि हुई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

### छात्रा का घर पर फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव।** बीएससी की छात्रा शव उसके कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका देख परिजन बेहाल अपने कमरे में फंदे से लटका देख परिजन बेहाल हो गए। घटना के वक्त युवती घर पर अकेली थी। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मिर्री कला गांव निवासी भुल्लन कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया कि वह दोपहर 3 बजे खेत गया था। पत्नी माधुरी व बहू कविता के साथ उन्नाव गई थी। घर पर बीएससी की छात्रा बेटी पलक अकेली थी। करीब 45 मिनट बाद वह घर लौटा तो बेटी पलक (21) का शव कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की। पुलिस ने शव को उतरवाकर मोर्चरी भेजा है। बहन की मौत से भाई मोनू, शैलेंद्र, राजेंद्र बहन प्रिया व मां माधुरी रो-रोकर कर बेहाल रही।

# अंबिका में 'बैटल ऑफ द पैंस 2025' प्रतियोगिता आयोजित



स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को दिये गये प्रमाणपत्र। अमृत विचार

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों की पाक-कला व रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बैटल ऑफ द पैंस 2025' कुकिंग कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि गो एब्रॉड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड से मोहम्मद हारिस रियाज़ एवं यूट्यूबर जेबा खान रहीं। निर्णायक मंडल में जेबा खान, मोनिका तिवारी तथा श्रुति कटारिया शामिल रहीं।

विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए स्वादिष्ट व आकर्षक व्यंजन तैयार किये। निर्णायकों ने प्रतिभागियों से उनके व्यंजनों से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ आत्मविश्वास और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करती हैं। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने इसे सर्वांगीण विकास हेतु उपयोगी बताया। प्रतियोगिता में आयुषी सिंह प्रथम, विनायक मिश्रा द्वितीय और तनमय तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या



जिला अस्पताल में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली के शेखपुर नहर के पास स्थित एक अस्पताल के सामने एक युवक ने अपने मौसेरे भाई के साथ मिलकर ईंट से वार कर अपने साथी की शुक्रवार देररात हत्या कर दी।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के भैंसई नौबस्ता निवासी संजय चौहान उर्फ सुखेन्द्र (33) पुत्र स्व. राजेंद्र वर्तमान में सदर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला गोदाम के पीछ किराए पर रहता था। छोटे भाई अक्षत ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे फोन पर भाई से बात हुई तो उसने थोड़ी देर में घर आने की बात बताई थी। बाद में उसकी हत्या की खबर आई। अक्षत के मुताबिक भाई की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। बताते हैं कि जिला अस्पताल के पास पान की गुमटी लगाने वाले सज्जन राठौड़ पुत्र स्व. लाल बहादुर निवासी वृंदावन कॉलोनी आदर्श नगर से उसकी दोस्ती थी। दोनों साथ में शराब पीते थे। दो माह पूर्व दोनों का एक्सीडेंट हुआ था जिसमें संजय का पैर व सज्जन के हाथ की अंगुली टूटी थी। तीन दिन पहले संजय का प्लास्टर कटा था। बताते हैं दोनों में रुपये को लेकर कुछ खुन्नस थी। इसी के चलते सज्जन ने कोतवाली क्षेत्र के मानस विहार कालोनी निवासी मौसेरे भाई संतोष के साथ मिलकर शेखपुर नहर स्थित एक अस्पताल के सामने ईंट से वार कर संजय की हत्या कर दी। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। संजय तीन बहन और दो भाइयों में चौथे नंबर का था। बेटे की मौत से मां मालती, पत्नी रोशनी बेहाल रही। वहीं एसपी के आदेश पर एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ कोतवाली पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी थी। तभी भोरपहर तीन बजे मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम करोवन गांव के पास पहुंची। जहां उसने आरोपी सज्जन व संतोष को पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जबावी फायरिंग में पुलिस की एक गोली सज्जन के बाएं पैर में धंस गई। इससे वह घायल होकर गिर गया। अंधेरे का फायदा उठा कर संतोष भाग निकला। सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी दीपक यादव ने बताया कि करोवन गांव के पास पुलिस मुठभेड़ में हत्या का आरोपी पकड़ा गया है। फरार साथी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। शीघ्र ही उसे भी पकड़ा जाएगा।

# सड़क किनारे खंती में पड़े मिले लापता युवकों के शव

- अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों की मौत होने की संभावना

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के टीकर गढ़ी गांव निवासी दो युवक गुरुवार से लापता थे। परिजन व पुलिस उनकी तलाश में लगी थी। शनिवार को दोनों के शव थानाक्षेत्र के सिंघुपुर चौराहा के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पड़े मिले। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हेड इंजरी से दोनों की मौत होने की बात सामने आई। इससे उनके सड़क हादसे का शिकार होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

दही थानाक्षेत्र के टीकर गढ़ी गांव निवासी गुलशन (22) पुत्र सोहनलाल अपने पड़ोसी दोस्त अंशु (22) पुत्र रामरतन के साथ गुरुवार शाम बहनोई की बाइक से मोबाइल रिचार्ज कराने की बात कह कर निकला था। लेकिन दोनों वापस नहीं लौटे। उनके फोन भी बंद हो गए थे। परिजनों ने शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने लास्ट लोकेशन गांव के पास की ट्रेस की थी। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने थानाक्षेत्र के दोस्ती नगर बायपास पर सिंघूपुर मोड़ पर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में दोनों के शव पड़े देखे। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। गुलशन दो भाइयों में विकास से छोटा था। वह मजदूरी करता था। उसकी मौत से मां बेहाल है।

वहीं अंशु अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह मजदूरी करता था। उसकी मौत से बहने व मां कांति बेहाल रहीं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। इसमें दोनों की हेड इंजरी से कोमा में जाने से मौत होने की बात सामने आई है। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मौत होने की संभावना दिख रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति अधिक साफ होगी।

# छठ पूजा की तैयारी को लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव



घाट का निरीक्षण करते एसपी, एडीएम, एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा तट पर सोमवार शाम और मंगलवार सुबह होने वाले छठ महापर्व को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अमले ने शनिवार शाम मिश्रा कॉलोनी स्थित घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व सुविधाओं का जायजा लिया। छठ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान एसपी जयप्रकाश सिंह, एडीएम सुशील कुमार, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एडीएम नमामि गंगे विद्येश, एसडीएम क्षितिज यादव, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ दीपक यादव, सफीपुर सीओ सोनम सिंह, कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह साथ ही पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा, लेखपाल प्रशांत अवस्थी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडे मौजूद रहे।

अधिकारियों ने घाटों की स्थिति, आवागमन मार्ग, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा उपायों की बारीकी से जांच की। एसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सोमवार शाम अस्त होते सूर्य को और मंगलवार भोर में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने हजारों श्रद्धालु गंगा किनारे पहुंचेंगे। ऐसे में भीड़ प्रबंधन को सुचारू बनाने के लिए यातायात को सुगम किया जा रहा है। घाटों पर पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा घेरा, गोताखोरों की तैनाती और महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पालिका प्रशासन को निर्देश दिए कि कगर के पास स्थित रैंप को चौड़ा व दुरुस्त किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को अधिक स्थान उपलब्ध हो सके। साथ ही जहां पानी अधिक है वहां मजबूत बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए गए। अफसरों ने स्थानीय नाविकों व जल पुलिस को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्ग से आवागमन करें और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

- 30 नावें, 30 गोताखोर, 30 नाविक रहेंगे मौजूद

### घाटों की मरम्मत और सफाई कार्य तेज

छठ पर्व से पहले पालिका द्वारा घाटों की साफ-सफाई और समतलीकरण का विशेष अभियान चलाया गया। जेसीबी की मदद से तटवर्ती स्थानों को समतल किया गया तथा कीचड़ भरे स्थानों पर बालू डलवाकर आवागमन सुगम बनाया गया। सुबह से शाम तक पालिका कर्मचारी पूरी तत्परता से काम में जुटे रहे। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था और बेरीकेडिंग कराई गई।

### 30 कैमरों से होगी छठ पूजा की निगरानी

इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए घाट क्षेत्र में अस्थाई कंट्रोल रूम के साथ तीस कैमरे लगाये जायेंगे। घाटों और आस-पास के मार्गों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही आपात स्थिति में राहत टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी।

## सिटी डायरी

### जिले से पटना, वाराणसी, कोटा जाना हुआ आसान




**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले के लोगों के लिए खुशखबरी है कि सांसद साक्षी महाराज के प्रयासों से पटना-कोटा एक्सप्रेस (13239/40) ट्रेन का ठहराव अब उन्नाव स्टेशन पर कर दिया गया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व रेलवे बोर्ड ने सांसद का आग्रह स्वीकार करते हुए इस निर्णय पर मुहर लगाई है। इस ट्रेन के ठहराव से जिले के लोगों को पटना, बक्सर, वाराणसी, सुल्तानपुर, आगरा व कोटा जैसे प्रमुख शहरों तक सीधा और सुगम आवागमन प्राप्त होगा। सांसद ने कहा कि यह निर्णय जिले के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और जिले के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। सांसद ने इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व रेलवे बोर्ड के प्रति हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है।




गांधी यात्रा का स्वागत करते लोग।

### नगर कांग्रेस कमेटी ने गंगाघाट में किया गांधी यात्रा का भव्य स्वागत

**शुक्लागंज।** देशभर में महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई गांधी पदयात्रा शनिवार को गंगाघाट पहुंची, जहां नगर कांग्रेस कमेटी ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। एक कदम गांधी के साथ-कारवां प्यार का थीम पर आधारित यह पदयात्रा बनारस से 2 अक्टूबर को शुरू हुई थी जो रायबरेली, उन्नाव सहित कई जिलों से गुजरते हुए 26 नवंबर संविधान दिवस पर दिल्ली के राजघाट में संपन्न होगी। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आज देश के स्वतंत्रता सेनानियों और गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ चल रहे दुष्प्रचार के विरोध एवं लोकतंत्र की रक्षा के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अरविंद श्रीवास्तव कमल।

### उन्नाव ने सीतापुर को हराया

**उन्नाव।** अंडर-17 बीनू मांकड क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच निखत क्रिकेट मैदान में खेला गया। उन्नाव की टीम ने एकतरफा मुकाबले में सीतापुर को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद श्रीवास्तव कमल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में मंडल की 6 टीमें उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई व लखनऊ—प्रतिभाग कर रही हैं। जो दो मैदान निखत क्रिकेट ग्राउंड व राहुल सप्रू अकादमी पर खेली जाएगी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीतापुर की टीम 10 ओवर में 5 विकेट पर मात्र 54 रन ही बना पाई।

### समाधान दिवस में आये 12 मामले, तीन का हुआ निस्तारण



गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते इंस्पेक्टर। अमृत विचार

**शुक्लागंज।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान जिले से कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। जिस पर कोतवाली प्रभारी ने समस्याएं सुनी। एक दर्जन मामलों में तीन मामलों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## आस्था

गंगा घाटों और तालाबों में सुबह से ही श्रद्धालु स्नान कर शुद्धता का संकल्प लेते दिखे

# नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव



छठ पर्व को लेकर खरीदारी करती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ की शुरुआत शनिवार को पारंपरिक नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ हो गई। पूर्वांचल एवं मिथिलांचल से जुड़े परिवारों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखाई दे रहा है। गंगा घाटों और तालाबों में सुबह से ही श्रद्धालु स्नान कर शुद्धता का संकल्प लेते दिखे। नहाय-खाय के दिन व्रती बिना लहसुन-प्याज एवं बिना नमक का सात्त्विक भोजन ग्रहण करते हैं, जिससे व्रत की पवित्रता का पालन किया जाता है।

मैथिल नवचेतना समिति के अध्यक्ष सुनील झा ने बताया कि रविवार को खरना का अनुष्ठान होगा, जिसमें व्रती गुड़-चावल से बनी खीर, रोट और फलों का प्रसाद अर्पित कर सूर्य देव और छठ मैया का आवाहन करेंगे। खरना के बाद से व्रती छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास आरंभ करेंगे। सोमवार की शाम सूर्यास्त के समय अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। छठ पर्व को लेकर नगर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। पूजन सामग्री, सूप, डाला, नारियल, गन्ना, दीपक, केले और मौसमी फलों की खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सौंदर्य प्रसाधन और पारंपरिक पूजा वस्त्रों की दुकानों पर भी रौनक देखी जा रही है। मिथिलांचल एवं भोजपुरी अंचल के लोग इस महापर्व की तैयारी दो माह पहले से ही शुरू कर देते हैं, इसलिए नगर में भी इसका खास उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु अब घाटों की साफ-सफाई और सजावट में भी जुट गए हैं, ताकि व्रत के दौरान अर्घ्य दान का कार्यक्रम सुचारू और भव्य तरीके से सम्पन्न हो सके।

# अब ऐप से जमा कर सकेंगे बिजली का बिल

**शुक्लागंज।** नगर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन अधिकतर लोगों को अभी भी बिजली बिल की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है। बिल की प्रति घर पर न आने के कारण उपभोक्ताओं को बकाया राशि एक साथ जमा करनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक व तकनीकी दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों उपभोक्ता बिल संबंधी शिकायत लेकर पावर हाउस पहुंच रहे हैं। अवर अभियंता चांद बाबू ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अपना बिजली बिल देखने के लिए अब ऐप का उपयोग करना होगा। उपभोक्ता प्ले स्टोर से ऊर्जा सेवा गोमती ऐप डाउनलोड करें। ऐप इंस्टॉल करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या कनेक्शन संख्या दर्ज करनी होगी, जिसके बाद तुरंत वर्तमान बिल, मीटर रीडिंग, बकाया राशि व पूर्व भुगतान का ब्यौरा दिखाई देगा। उपभोक्ता इसी ऐप से घर बैठे ऑनलाइन बिल जमा भी कर सकेंगे।

# अमृत विचार

रविवार, 26 अक्टूबर 2025




जो कुझ साडे अंदर वस्से
जात असाडी सोई
जिसदे नाल मैं न्यौंह
लगाया ओही जैसी होई

बाबा बुल्ले शाह जी कहते हैं, जो कुछ हमारे भीतर है, वही हमारी पहचान है। मैंने जिससे प्रेम किया, मैं उसी के जैसा हो गया हूं।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरोध की सेकुलर ग्रंथि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिर से निशाने पर है। कर्नाटक सरकार ने पंचायती राज विभाग के कर्मचारी को संघ के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कारण निलंबित कर दिया है। कर्नाटक सरकार के वरिष्ठ मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे प्रियंक खड़गे ने भी कहा है कि केंद्रीय सत्ता में आने पर वे संघ को प्रतिबंधित कर देंगे। दरअसल केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेंट्रल सिविल सर्विसेज कंडक्ट 1964 के अंतर्गत कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में भाग लेने पर प्रतिबंध था। इस आदेश को 9 जुलाई 2024 को केंद्र द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में संशोधित किया गया। निषिद्धता में बदलाव हुआ। संघ को अब प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया था। केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के सेवा नियम अलग-अलग हैं। कर्नाटक के कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से रोका गया है। संघ की गतिविधियों को रोकने की यह कोशिश उचित नहीं है। ऐसा प्रयास संविधान विरोधी भी है। 9 जुलाई 2024 के बाद संघ के कार्यक्रम में भाग लेने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होनी चाहिए।

संघ की गतिविधियों को लेकर हिंदुत्व के विरोधी स्वाधीनता आंदोलन के समय से ही सक्रिय हैं। ऐसे तत्व सेकुलरवाद के नाम पर हिंदू संस्कृति और परंपरा पर हमलावर रहते हैं। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने भी सेकुलरिज्म के नाम पर संघ के पथ संचरण कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। स्टालिन सरकार ने संघ के कार्यक्रम को रोकने के लिए रास्ते में मस्जिद और चर्च होने के सामान्य अमान्य तर्क दिए और कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार किया, तब मद्रास उच्च न्यायालय ने उनके इस कृत्य पर कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था, "संघ को अनुमति देने से मना करने का निर्णय संविधान के विरुद्ध है और लोकतंत्र के भी असंगत है। सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है।" उसके भी एक साल पहले स्टालिन सरकार ने ऐसा ही किया था। संघ ने गांधी जयंती और आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति मांगी थी। राष्ट्रवाद के विरोधी मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसकी भी अनुमति नहीं दी थी। संघ ने तब भी न्यायालय की शरण ली थी। खास बात यह है कि स्टालिन ने सनातन परंपरा को भी मलेरिया, डेंगू, कोरोना आदि बताया था। संघ 100 साल का हो चुका है। इस अवधि में संघ ने सारी दुनिया में विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। संघ का मूल आधार हिंदुत्व है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिंदुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था। हिंदुत्व किसी रीलिजन या उपासना पद्धति का नाम नहीं है। भारत में सुदीर्घ काल से चली आ रही संस्कृति और उस पर आधारित जीवन पद्धति का नाम है हिंदुत्व। संघ इसी विचारधारा को लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा हुआ है। संघ ने पूरे देश में हिंदुत्व का वातावरण बनाने में सफलता पाई है। यह बात छद्म सेकुलरवादियों को खलती है। सेकुलर भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया था। सेकुलर शब्द का अर्थ इहलोकवादी, प्रत्यक्ष, भौतिक और सांसारिक होता है। इसका अर्थ है इस संसार में जो कुछ भी भौतिक दिखाई पड़ रहा है, वही सही है। इस विचार के अनुसार हिन्दू आस्था गैर सेकुलर हैं। ईश्वर प्रत्यक्ष नहीं होता। सेकुलरवाद की परिभाषा में ईश्वर भी सेकुलर नहीं है। संघ दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है। संघ भी सेकुलरवाद के चश्मे में सांप्रदायिक है, लेकिन घोर सांप्रदायिक कट्टरपंथी मुस्लिम लीग, एआईएमआईएम सेकुलर हैं। ईसाईयत और इस्लामी विश्वास भी सेकुलर हैं। कायदे से दोनों विश्वासों में ईश्वर हैं और जहां ईश्वर है विश्वास है वे सेकुलरवादी नहीं हो सकते, लेकिन छद्म सेकुलरवाद में इस्लामी ईसाई विश्वास सेकुलर हैं। यहां सभी सांस्कृतिक प्रतीक सांप्रदायिक हैं। सरस्वती वंदना भी सांप्रदायिक है। इस्लामी परंपरा के रोजा आदि कार्यक्रमों में राजनेताओं का सम्मिलित होना सेकुलर है।

> श्रीराम जन्मभूमि सहित सभी आस्था केंद्रों में जाना गैर-सेकुलर और सांप्रदायिकता है। इन्हीं सेकुलरवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित योग को भी सांप्रदायिक बताया था। आरएसएस की देशभक्ति संस्कृति प्रियता और काम करने की सामान्य पद्धति बहुत लोकप्रिय है। उसके कार्यकर्ता देश और विचार के लिए अपना करियर छोड़ देते हैं। मातृभूमि के लिए किसी भी सीमा तक जाने की भावना रखते हैं। कांग्रेस को संघ अच्छा नहीं लगता। श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए संघ का घोर विरोध किया था। उन्होंने 1975 के आपातकाल के साथ संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं को लंबी अवधि तक जेल में डाल दिया था, जो जेल नहीं जा सके, उनका भी व्यापक उत्पीड़न हुआ था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

श्रीराम जन्मभूमि सहित सभी आस्था केंद्रों में जाना गैर सेकुलर है और सांप्रदायिकता है। इन्हीं सेकुलरवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित योग को भी सांप्रदायिक बताया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देशभक्ति संस्कृति प्रियता और काम करने की सामान्य पद्धति बहुत लोकप्रिय है। उसके कार्यकर्ता देश और विचार के लिए अपना करियर छोड़ देते हैं। मातृभूमि के लिए किसी भी सीमा तक जाने की भावना रखते हैं। कांग्रेस को संघ अच्छा नहीं लगता। प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए संघ का घोर विरोध किया था। उन्होंने 1975 के आपातकाल के साथ संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था। संघ के हजारों कार्यकर्ताओं को लंबी अवधि तक जेल में डाल दिया था, जो जेल नहीं जा सके, उनका भी व्यापक उत्पीड़न हुआ था। कांग्रेस संघ विरोधी है। वह तुष्टिकरण की नीति पर चलती है। हिंदू विचार की निंदा से थोक वोट बैंक लेने की नीति पर चलती है।


कांग्रेस के नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने कई बार संघ की आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष होने के पहले उन्होंने संघ से लड़ने की घोषणा की थी। वैचारिक आधार पर संघर्ष करना अच्छी बात है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि वह गीता और उपनिषद पढ़कर संघ से निपटेंगे। मैंने उनके इस बयान का स्वागत किया था। गीता, उपनिषद भारतीय संस्कृति और दर्शन के अद्भुत ग्रंथ हैं। ये ग्रंथ संपूर्ण ब्रह्मांड को एक इकाई मानते हैं। सारी दुनिया को परिवार जानने की अनुभूति देते हैं। अफसोस कि राहुल जी ने अपना यह वादा पूरा नहीं किया।

संघ अपने 100 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में गहन जनसंपर्क अभियान चला रहा है। राष्ट्रीय संकट के प्रत्येक अवसर पर संघ ने सरकार का साथ दिया है। संघ की गतिविधियां भारतीय संविधान के संगत हैं। संविधान के अनुच्छेद 19 में संगठन बनाने और देश की सेवा करने का अधिकार है। संविधान में कहा गया है कि "सभी नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी। शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का भी अधिकार होगा।" यह मौलिक अधिकार है। राज्य कर्मचारी भी भारत के संविधान के अनुसार किसी संगठन की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र हैं। कर्मचारी भी भारत के नागरिक हैं। उनके संवैधानिक अधिकारों को छीना नहीं जा सकता। मुंबई हाईकोर्ट ने 1962 में कहा था कि किसी सरकारी कर्मचारी का संघ की गतिविधियों में भाग लेना विध्वंसक कार्य नहीं है। उसे इसी आधार पर सरकारी सेवा से नहीं हटाया जा सकता। संघ के निंदक संविधान नहीं मानते। वे कोर्ट के आदेशों का सम्मान नहीं करते। बंगलुरु उच्च न्यायालय ने संघ का सदस्य होने के आधार पर न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति से वंचित रखने को वैध कारण नहीं माना। पटना, चंडीगढ़, भोपाल आदि न्यायालय के तमाम निर्णयों में संघ का सदस्य होना आपत्तिजनक नहीं पाया गया। अच्छा हो कि सरकारें भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा का आदर करें और संघ को राष्ट्र निर्माण का कार्य करने दें।

# पीयूष पांडे: कहानीकार जिसने हर दिल से बात की



मेरे विज्ञापन क्षेत्र की शुरुआत 1991 में 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के साथ हुई और उस समय यह कल्पना भी नहीं की थी कि बॉम्बे (अब मुंबई) में एक ही मुलाकात मेरी पेशेवर यात्रा पर इतना प्रभाव डाल जाएगी। वह मुलाकात थी, पीयूष पांडे से- वह व्यक्ति, जिसने भारतीय विज्ञापन को नया आकार दिया और एक ऐसी रचनात्मक शक्ति बनकर उभरे, जिसने अरबों दिलों को जोड़ा।



डॉ. पार्थो कुनार
ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रेटिस्ट

बरसों गुजरने के साथ, जब मैं बरेली में एक प्रमुख क्षेत्रीय अखबार की दुनिया में आया, तो मैंने उनकी प्रतिभा की गहराई को समझा। पांडेय की रचनाएं महानगरों से परे पहुंचीं और उनका कथानक धारचूला और मुन्सियारी जैसे दूर-दराज के इलाकों में भी उतना ही प्रभावी था, जितना कि मुंबई या दिल्ली में। उन्होंने ऐसा संचार बनाया जो भूगोल, भाषा और धार्मिक बाधाओं को पार कर गया। भारत जैसे विविध देश में यह एक दुर्लभ उपलब्धि है।

उनके कार्य भारतीय विज्ञापन की यात्रा का जीवंत इतिहास हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' (1988) ने पूरे देश को एक स्वर में बांधा। 'लूना मोपेड' का 'चल मेरी लूना' आम भारतीय के सपनों का प्रतीक बना। 'सनलाइट डिटर्जेंट' का पहला विज्ञापन उनकी सरल और सशक्त लेखन शैली का परिचायक था। कैडबरी डेयरी मिल्क का 'कुछ खास है हम सभी में' (1993) हर भारतीय के दिल में जगह बना गया। 'एशियन पेंट्स' का 'हर घर कुछ कहता है' (2002)। इस ऐड ने घर की दीवारों को बोलने वाला बना दिया और फेविकोल के चुटीले अभियानों ने ब्रांड को भारतीय संस्कृति का हिस्सा बना दिया।

ये अभियान केवल विज्ञापन नहीं थे- ये जीवन की कहानियां थीं, जो भारतीय भावना, हास्य और अपनत्व से जुड़ी थीं। उनके शब्दों और चित्रों ने साधारण उत्पादों को सांस्कृतिक प्रतीकों में बदल दिया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वह कहानी को हमेशा सच्चा और सबके लिए समझने योग्य बनाए रखते थे। ऐसी धरती पर, जहां हर दस किलोमीटर पर भाषा बदल जाती है, उनके संदेश फिर भी हर दिल तक पहुंचते थे। उनकी रचनात्मकता सदाबहार थी। 1980 के दशक का उनका काम आज भी विज्ञापन और मार्केटिंग की नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है, ठीक वैसे ही जैसे किशोर कुमार का कोई अमर गीत जो कभी पुराना नहीं होता।

जो लोग उनके युग में रहे हैं, उनके लिए हर अभियान एक सीख है। उनका योगदान केवल विज्ञापन नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के उत्सव का प्रतीक है। बुद्धिमत्ता, गर्मजोशी और ऐसे शब्दों के माध्यम से जो सदैव याद रहेंगे। भारत ने केवल एक रचनात्मक प्रतिभा ही नहीं, बल्कि एक ऐसे गुरु को खोया है, जो पीढ़ियों के कहानीकारों के लिए प्रेरणा थे। पीयूष पांडे का योगदान अमर रहेगा- विचारों की शक्ति में विश्वास रखने वालों के लिए एक प्रकाशस्तंभ की तरह।

**भारतीय विज्ञापन के इस लीजेंड को सादर नमन!**

coo@amritvichar.com

# हर कोई करता है 50 किलो भोजन बर्बाद

विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) रिपोर्ट-2025 से उद्घाटित हुआ है कि वर्ष 2024 में 63.8 करोड़ से 72 करोड़ लोग, जो वैश्विक जनसंख्या का क्रमशः 7.8 और 8.8 प्रतिशत है, भूख का सामना करेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में बढ़ी हुई मुद्रास्फीति ने क्रय शक्ति को कमजोर कर दिया है, जिसके कारण 2030 तक भूख और खाद्य असुरक्षा के उन्मूलन यानी एसडीजी लक्ष्य 2.1 बहुत दूर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 36 देशों में भूख का स्तर बेहद गंभीर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व स्तर पर 2025 तक 673 मिलियन लोग भूख का अनुभव करेंगे, जो कुल जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है। आंकड़ों के मुताबिक यह 2023 एवं 2022 की तुलना में थोड़ा कम है, लेकिन चुनौती जस की तस बरकरार है।

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें, तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है, जो कि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनियाभर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है, जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है, जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनियाभर के करोड़ों लोग भुखमरी के शिकार हैं, वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है।



अरविंद जयतिलक
लेखक

गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होती हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग, जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है, जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मिट्रिक टन था, लेकिन इसके बावजूद भी यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है, लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2024 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 127 देशों में 105 वें स्थान पर रहा है। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है, जो गत साल से थोड़ा बेहतर है। बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इस भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है।

# AI: डिजिटल बैंकिंग का स्मार्ट युग

भारत में बैंकिंग क्षेत्र तेजी से डिजिटल रूप से विकसित हुआ है। आज बैंकिंग सेवाओं का बड़ा हिस्सा मोबाइल और इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर आ चुका है। केवल UPI के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 में लगभग 20 अरब लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 25 लाख करोड़ के आसपास रही। इतने बड़े लेन-देन प्रवाह को संभालने में मानव निर्भर व्यवस्था असंभव होती। ऐसे में एआई और ML तकनीक ने बैंकों को ऑपरेशन में कुशलता, समय की बचत और लागत में भारी कमी करने में मदद की है।

> एआई ने बैंकिंग क्षेत्र के सबसे जटिल हिस्से- ग्राहक सेवा को पूरी तरह से बदल दिया है। पहले जहां ग्राहकों को कॉल सेंटर या शाखा में जाकर मदद लेनी पड़ती थी, वहीं अब चैटबॉट, वॉयस असिस्टेंट और डिजिटल हेल्प डेस्क 24x7 सुविधा प्रदान करते हैं।

एआई ने बैंकिंग क्षेत्र के सबसे जटिल हिस्से ग्राहक सेवा को पूरी तरह बदल दिया है। पहले जहां ग्राहकों को कॉल सेंटर या शाखा में जाकर मदद लेनी पड़ती थी, वहीं अब चैटबॉट, वॉयस असिस्टेंट और डिजिटल हेल्पडेस्क 24x7 सुविधा प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए देश के बड़े बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, HDFC बैंक और ICICI बैंक ने ऐसे एआई असिस्टेंट्स लॉन्च किए हैं, जो लाखों ग्राहकों को एक साथ उत्तर दे सकते हैं। इससे बैंक के कॉल सेंटर की लागत में 40% से अधिक की बचत हुई है और ग्राहक संतुष्टि स्तर भी बढ़ा है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का YONO प्लेटफॉर्म अब नौ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं तक पहुंच चुका है। बैंक के लगभग 65% बचत खाते और 40% से अधिक व्यक्तिगत ऋण अब डिजिटल रूप से खोले जा रहे हैं। इसका अर्थ है कि शाखाओं में फाइल प्रोसेसिंग, दस्तावेज जांच और मैनुअल कार्यों पर लगने वाली लागत अब बहुत कम हो गई है। निजी क्षेत्र में HDFC Bank का "EVA" और ICICI Bank का "iPal" जैसे एआई बॉट ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर सेकंडों में देते हैं, जिससे हैंडलिंग टाइम व मानव संसाधन खर्च घटा है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


मशीन लर्निंग ने बैंकों की जोखिम प्रबंधन प्रणाली को भी अत्यधिक मजबूत बनाया है। UPI और डिजिटल पेमेंट्स में हर दिन करोड़ों ट्रांजेक्शन होते हैं, जिनमें धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। अब बैंक ML algorithm के माध्यम से लाखों ट्रांजैक्शन पैटर्न का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे बैंक करोड़ों रुपये के संभावित नुकसान से बच रहे हैं। एआई आधारित क्रेडिट अंडरराइटिंग ने ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को भी बदल दिया है। पहले जहां लोन आवेदन का आकलन कई दिनों तक चलता था, वहीं अब एआई की मदद से कुछ ही मिनटों में उधारकर्ता की क्रेडिट योग्यता का आकलन किया जा सकता है। GST डेटा, मोबाइल व्यवहार, ट्रांजैक्शन हिस्ट्री जैसे वैकल्पिक डेटा पॉइंट्स के आधार पर अब बैंक लोन देने के निर्णय तेजी से लेते हैं। इससे प्रोसेसिंग समय में 70% तक कमी और लागत में भारी बचत हुई है।

बैंकिंग संचालन के दृष्टिकोण से देखा जाए तो एआई ने कॉस्ट-टू-इनकम अनुपात को भी घटाया है। वित्त वर्ष 2023 से 2025 के बीच अधिकांश सार्वजनिक और निजी बैंकों ने परिचालन दक्षता में 10-15% सुधार दर्ज किया है। इसके पीछे डिजिटल चैनलों का विस्तार और एआई आधारित प्रक्रियाओं का बड़ा योगदान है। शाखाओं की संख्या वही रही, लेकिन ट्रांजैक्शन डिजिटल माध्यमों से हुए, जिससे लागत घटी। ग्राहक सेवा की दृष्टि से भी परिवर्तन उल्लेखनीय है। अब ग्राहक व्हाट्सएप, चैटबॉट या मोबाइल ऐप से सीधे बैलेंस, स्टेटमेंट या पेमेंट कर सकते हैं। इससे कॉल सेंटर पर दबाव कम हुआ और बैंकों की प्रति-ग्राहक सेवा लागत लगभग आधी हो गई है। कई बैंकों में 60-80% तक के साधारण प्रश्न अब एआई बॉट द्वारा ही सुलझा लिए जाते हैं।

एआई का उपयोग केवल लागत बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजस्व बढ़ाने में भी मददगार है। एआई आधारित 'नेक्स्ट बेस्ट ऑफर' सिस्टम ग्राहक की जरूरत के अनुसार उत्पाद सुझाते हैं। इससे क्रॉस-सेल और अप-सेल दरों में 10-15% की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही एआई की मदद से लोन रिकवरी और कलेक्शन में भी सुधार आया है, क्योंकि मशीन यह तय करती है कि किस ग्राहक से कब और किस माध्यम से संपर्क करना अधिक प्रभावी रहेगा। हालांकि इन प्रगति के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। एआई पर अत्यधिक निर्भरता से डेटा सुरक्षा, साइबर जोखिम और algorithmic bias जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इस कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में 'एथिकल एआई फ्रेमवर्क' जारी किया है, जिससे एआई के उपयोग में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# भगवान-भरोसे बैठे रहना कायरता के सिवा कुछ भी नहीं

समाज में अलग-अलग सोच और प्रकृति के लोग होते हैं। अपनी-अपनी विचारधारा से वे कर्म करते हैं। बहुतेरे भाग्यवादी होते हैं, जबकि बहुत से लोग कर्म पर विश्वास करते हैं और भाग्य-भरोसे नहीं बैठे रहते तथा जीवन में ऐसे सफलता भी हासिल करते हैं, जबकि भाग्यवादी लोग ईश्वर पर सब कुछ कर बैठ जाते हैं। ऐसे लोग गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस में उल्लिखित 'होइहै वही जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावहिं साखा' चौपाई का उद्धरण देते हुए उस दिन का इंतजार करते हैं, जब भगवान सब कुछ प्रदान कर देंगे, जबकि यह चौपाई कर्म या भाग्य के लिए नहीं है। वनवास के दौरान सीता जी के अपहरण के बाद जब सती ने राम की परीक्षा लेने की जिद की, तब भगवान शिव ने अनुमति देते समय संदर्भित चौपाई का प्रयोग किया और सती को भगवान राम की परीक्षा लेने की अनुमति दे दी।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि यहां अपने लक्ष्य के लिए भगवान भरोसे बैठने का कहां संदेश है? यदि कर्म में इस चौपाई का प्रयोग किया जाएगा, तो वही होगा जो सती के साथ हुआ और सती राम की परीक्षा में फेल हो गईं। अंततोगत्वा शिव जी की नाराजगी भांपकर पिता दक्ष के घर आईं और वहां अग्निकुंड में कूदकर अपना जीवन उन्हें नष्ट करना पड़ा। इसलिए किसी भी उद्धरण को हर जगह लागू करना उचित नहीं। गोस्वामी तुलसीदास ने ही सुंदरकांड में 'प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोसलपुर राजा' चौपाई का उल्लेख किया है। इस चौपाई में 'सब काजा' पर जरूर ध्यान देना चाहिए। यानी कुशलता की भावना रखने वाला राजा जो कोई काम करता है, वह लोकहित का काम होता है।

इस चौपाई के अनुसार यदि कहीं अन्याय और अत्याचार हो रहा है, तब भाग्य भरोसे बैठ नहीं जाना चाहिए, बल्कि अन्याय तथा अत्याचार का विरोध करना चाहिए। ऐसी स्थिति में गोस्वामी जी ने आगे 'गरल सुधा रिपु करे मिताई, गोपद सिंधु अनल सितलाई' चौपाई में स्पष्ट कर दिया कि अन्याय तथा अत्याचार का विरोध करने पर विष अमृत हो जाता है, दुश्मन भी मित्रता करने लगते हैं तथा संसार-सिंधु गाय के पांव से लांघने की शक्ति मिलती है और अत्याचार की आग शीतल हो जाती है, इसलिए भाग्य के सहारे नहीं बैठना चाहिए।

# ग्रामीण क्षेत्र: शिक्षा सहज अधिकार नहीं, बल्कि रोज की जंग

हर समाज की असली ताकत उसके शैक्षणिक स्तर से झलकती है, वहां से जहां बच्चे स्कूल जाने के सपने देखना सीखते हैं, लेकिन भारत के कई ग्रामीण इलाकों में ये स्कूल अब भी सपनों के नहीं, संघर्षों के प्रतीक बने हुए हैं। यहां शिक्षा कोई सहज अधिकार नहीं, बल्कि रोज की जंग है। ये जंग गरीबी से, असमानता से और कभी-कभी खुद समाज की सोच से भी होती है, असली सवाल यह है कि जो कदम मानवीय संवेदना और समानता की भावना से शुरू होनी चाहिए, क्या सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था बदलने से वह बदलाव आएगा?



ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों की हालत किसी से छिपी नहीं है। यहां अक्सर शिक्षकों की भारी कमी रहती है। कई बार वर्षों तक पद खाली रहते हैं, जिससे एक ही शिक्षक को कई विषय पढ़ाने पड़ते हैं। परिणामस्वरूप बच्चों को न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाती है और न ही शिक्षक अपने कार्य से संतुष्ट रहते हैं। ऐसे स्कूलों में ज्यादातर बच्चे आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं, वे परिवार जिनके माता-पिता रोजी-रोटी की तलाश में सुबह जल्दी निकल जाते हैं और देर शाम घर लौटते हैं। इन माता-पिता के सामने हर दिन यह द्वंद्व रहता है कि रोजी-रोटी कमाऊं या बच्चों की देखभाल करूं?



उर्मिला नायक
एक्टिविस्ट

ग्रामीण शिक्षा की इस बहस में लैंगिक दृष्टिकोण बेहद अहम है। जब माता-पिता काम पर निकल जाते हैं, तो अक्सर लड़कियां घर के कामकाज में लग जाती हैं और लड़के बाहर खेलते या घूमते हैं। धीरे-धीरे यह असमानता स्वाभाविक मानी जाने लगती है। शिक्षा यहां सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय का अवसर भी है, खासकर लड़कियों के लिए। अगर गांव में 12 वीं तक का स्कूल हो, तो लड़कियों को बाहर के गांव नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका ड्रॉपआउट रेट काफी घट सकता है, लेकिन जब शिक्षा का ढांचा ही अधूरा है, तब समान अवसर की बात अधूरी रह जाती है। यह स्थिति न केवल लड़कियों की शिक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर से भी वंचित कर देती है।

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि इंसानियत और समझ विकसित करने का माध्यम है। ग्रामीण समाज में जब हम शिक्षा की बात करते हैं, तो यह केवल 'स्कूल में पढ़ाई' की बात नहीं होती, बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा, उनकी भावनात्मक स्थिरता और उनके सपनों से जुड़ी होती है। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति समुदायों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। गांवों में शिक्षा को लेकर जागरूकता बहुत सीमित है, क्योंकि यहां 'कमाना' अक्सर 'पढ़ने' से ज्यादा जरूरी समझा जाता है।


यह मानसिकता किसी व्यक्ति की गलती नहीं, बल्कि एक लंबे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष का परिणाम है। जब पेट भरने का सवाल हो, तब शिक्षा की प्राथमिकता पीछे छूट जाती है, इसलिए शिक्षा के अधिकार को केवल नीति या योजना का हिस्सा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। शिक्षा सुधार में महिलाओं की भागीदारी को केंद्र में रखना जरूरी है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होती हैं, तब वे अपने बच्चों विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देती हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में आज भी कई महिलाएं निर्णय प्रक्रिया से दूर रखी जाती हैं।

यदि सरकार महिलाओं को सशक्त करने वाली योजनाओं को शिक्षा नीति से जोड़ दे, जैसे महिलाओं के लिए स्थानीय स्कूल समितियों में प्रतिनिधित्व, स्कूल प्रबंधन में भागीदारी और बेटियों की शिक्षा पर प्रोत्साहन, तो इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देगा। शिक्षा सुधार तभी सफल होगा, जब महिलाओं की आवाज न केवल सुनी जाए, बल्कि वे नीति निर्माण का हिस्सा भी बनें। ग्रामीण शिक्षा की समस्या किसी एक विभाग या संस्था की नहीं है। यह पूरी समाज की जिम्मेदारी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



आर्यन खान ने हाल ही में अपने निर्देशन की शुरुआत नेटफ्लिक्स वेब सीरीज 'द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड' से की है, जिसने दर्शकों और आलोचकों दोनों का ध्यान खींचा है। यह शो बॉलीवुड के ग्लैमरस और अराजक अंदरूनी कामकाज की एक व्यंग्यात्मक झलक पेश करता है और इसे अपनी चुटीले हास्य, चतुराई भरे संवादों और बॉलीवुड के प्रति श्रद्धा के लिए सराहा गया है।



# आर्यन खान का निर्देशन में पहला कदम

# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'

## निर्देशकीय दृष्टि और कथा शैली

इस सात-एपिसोड की सीरीज में आर्यन खान ने एक महत्वाकांक्षी बाहरी व्यक्ति आसमान सिंह की कहानी पेश की है, जो बॉलीवुड की चकाचौंध से भरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करता है। कहानी सत्ता, पैसे और इंडस्ट्री के 'माफिया' के बीच घूमती है, जिसमें कई बॉलीवुड संदर्भ और स्टार-जड़ीदार कैमियो शामिल हैं, जिनमें सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान और रणबीर कपूर जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। आर्यन की कहानी कहने की शैली को स्टाइलिश और तेज-तर्रार बताया गया है, जो आज के दर्शकों को पसंद आती है।

## शाहरुख खान के प्रति गर्वानुभूति

इस सीरीज में आर्यन ने अपने पिता शाहरुख खान के करियर के प्रति गर्व प्रकट किया है। कई मौकों पर, शो में शाहरुख के करियर के संदर्भ और यादगार पल दिखाए गए हैं, जिसने उनके प्रशंसकों को भावुक और पुरानी यादों में खो जाने का एहसास कराया। एक दृश्य में आसमान को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिलता है और वह शाहरुख की फिल्म 'ओम शांति ओम' के प्रतिष्ठित संवाद, 'अगर किसी चीज को दिल से चाहो...' को दोहराता है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी थी। शाहरुख का खुद शो में एक कैमियो करना उनके प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक क्षण था, जो दिल्ली से मुंबई तक के उनके सफर को दर्शाता है।

## निर्देशन और लेखन

एक अभिनेता के रूप में डेब्यू करने के बजाय, आर्यन ने निर्देशन को चुना, क्योंकि उन्हें इसमें रचनात्मक नियंत्रण मिला। उन्होंने अपनी इस पहली सीरीज को सह-लिखा और सह-निर्देशित किया, जिससे उनकी कहानी कहने की क्षमता सामने आई। आर्यन ने बताया कि बचपन से ही उनके पिता ने उन्हें फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया, जो उनके लिए जादू जैसा था। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान अपने पिता और बहन सुहाना के साथ मिलकर एक शॉर्ट फिल्म भी बनाई थी।


## विवाद और प्रतिक्रिया

सीरीज के कुछ दृश्यों पर विवाद भी हुआ है। एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े ने मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया है कि एक किरदार में उनका मजाक उड़ाया गया है। हालांकि आर्यन ने अपने शो का बचाव करते हुए कहा कि वह 'आत्म-व्यंग्यात्मक' होना चाहते थे, न कि 'अनादरपूर्ण'। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कुछ चुटकुले सभी के लिए नहीं हो सकते हैं, लेकिन युवाओं को यह पसंद आ सकता है।

## सफल उद्यमी

निर्देशन के अलावा, आर्यन खान एक सफल उद्यमी भी हैं। 2022 में उन्होंने 'स्लैब वेंचर्स' नामक कंपनी की सह-स्थापना की, जिसके तहत उन्होंने 'डी' यावोल' नामक एक लक्जरी कलेक्टिव ब्रांड लॉन्च किया। हाल ही में उन्होंने और उनके पिता ने निखिल कॉमथ और रेडिको खेतान के साथ मिलकर एक प्रीमियम शराब ब्रांड, 'डी'यावोल स्पिरिट्स' भी लॉन्च किया।

'द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड' आर्यन खान के लिए एक मजबूत और प्रभावशाली शुरुआत है, जिसने साबित कर दिया है कि वह कैमरे के पीछे भी उतने ही प्रतिभाशाली हैं, जितने कि कैमरे के सामने। यह शो न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि बॉलीवुड की चकाचौंध के पीछे की कुछ सच्चाइयों को भी उजागर करता है। अपनी पहली ही फिल्म में आर्यन ने एक निडर और रचनात्मक निर्देशक के रूप में अपनी पहचान बनाई है और उनका भविष्य काफी उज्ज्वल नजर आता है।




# 'द गॉडफादर' बनने की दिलचस्प कहानी

लेखक मारियो पूजो ने एक उपन्यास लिखा 'द गॉड फादर'। यह उपन्यास आज भी बहुत चर्चित है। इस उपन्यास पर फिल्म बनाना बहुत मुश्किल काम था, लेकिन पैरामाउंट पिक्चर ने यह जोखिम उठाया। इस उपन्यास की कहानी 1945 से 1955 के बीच न्यूयार्क के एक माफिया डॉन परिवार पर बेस्ड है। वीटो कोरलियॉन (मार्लन ब्रांडो) इस परिवार के मुखिया हैं। उन्हें ही डर से लोग 'गॉड फादर' के नाम से पुकारते हैं। इस फिल्म को अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने 'वन ऑफ द बेस्ट अमेरिकन फिल्म्स एवर मेड' कहा है। इस फिल्म का निर्देशन फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ने किया है। इस फिल्म को बनाने की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है।



'द गॉडफादर' फिल्म का निर्माण एक असाधारण और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी, जो 1972 में रिलीज हुई थी। यह हॉलीवुड इतिहास की सबसे प्रशंसित और प्रभावशाली फिल्मों में से एक है। इसकी यात्रा कई बाधाओं, स्टूडियो के दखल और कलाकारों के चयन की समस्याओं से भरी हुई थी। फिल्म की कहानी मारियो पूजो के 1969 में प्रकाशित उपन्यास 'द गॉडफादर' पर आधारित है। पूजो ने यह किताब पैसा कमाने के उद्देश्य से लिखी थी, क्योंकि उनकी पिछली किताबें बहुत लोकप्रिय नहीं हुई थीं। यह उपन्यास तेजी से बेस्टसेलर बन गया। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 1967 में ही इस उपन्यास के अधिकार खरीद लिए थे, जब यह एक अधूरा मसौदा था।

### निर्देशक का चयन

पैरामाउंट के कार्यकारी रॉबर्ट इवांस चाहते थे कि एक इटालियन अमेरिकी ही फिल्म का निर्देशन करें, ताकि यह प्रामाणिक लगे। उनकी पसंद फ्रांसिस फोर्ड कोपोला थे, जो उस समय एक युवा और संघर्षरत निर्देशक थे। कोपोला ने शुरुआत में उपन्यास को पसंद नहीं किया था। उन्हें लगा कि इसमें केवल सनसनीखेज तत्वों पर ध्यान दिया गया है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे एक पारिवारिक गाथा के रूप में देखा और इसमें छिपी हुई शास्त्रीय त्रासदी को पहचाना।

### स्टूडियो की अड़चनें

कोपोला को पूरी शूटिंग के दौरान पैरामाउंट स्टूडियो के लगातार विरोध का सामना करना पड़ा। स्टूडियो उनके निर्णयों से नाराज था और कई बार उन्हें फिल्म से निकालने की धमकी दी। स्टूडियो फिल्म को आधुनिक समय (1970 के दशक) में सेट करना चाहता था, ताकि लागत कम हो, लेकिन कोपोला 1940 के दशक के समय पर अड़े रहे, जिससे फिल्म की भव्यता और लागत दोनों बढ़ गईं।

### कलाकारों का चयन

कोपोला के कलाकारों के चयन पर भी स्टूडियो को सख्त आपत्ति थी। मार्लन ब्रैंडो का नाम सुनते ही स्टूडियो के अधिकारी भड़क गए, क्योंकि उनका करियर ठीक नहीं चल रहा था और वे अक्सर सेट पर समस्याएं पैदा करते थे। कोपोला ने उन्हें कास्ट करने के लिए जिद्द की, यहां तक कि एक स्क्रीन टेस्ट करवाने के लिए भी तैयार हो गए। अल पचीनो उस समय एक नए कलाकार थे, जबकि स्टूडियो एक स्थापित नाम चाहता था। कोपोला को उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा था और उन्होंने उन्हें कास्ट करने के लिए स्टूडियो से लड़ाई की।

### माफिया का दबाव

जोसेफ कोलंबो के नेतृत्व वाले इटालियन-अमेरिकन सिविल राइट्स लीग ने फिल्म का विरोध किया, क्योंकि उन्हें लगा कि यह इटालियन-अमेरिकियों के बारे में रूढ़िवादिता को बढ़ावा देगी। उन्होंने पटकथा से 'माफिया' और 'कोसा नोस्ट्रा' जैसे शब्द हटाने की मांग की। फिल्म की लंबाई एक और बड़ी समस्या थी। कोपोला ने 90 घंटे से ज्यादा का फुटेज शूट किया था, जिसे स्टूडियो की मांग के अनुसार छोटा करना एक थका देने वाला काम था। फिल्म के संपादन के लिए कई एडिटरों को काम पर रखा गया।

### सदी की महानतम फिल्म

सभी चुनौतियों के बावजूद, कोपोला ने फिल्म को शानदार ढंग से पूरा किया। 'द गॉडफादर' ने समीक्षकों की प्रशंसा और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। इसने कई ऑस्कर जीते और इसे हमेशा के लिए सिनेमा की एक महानतम कृति माना जाता है। द गॉडफादर की कहानी न केवल कोरलियोन परिवार के बारे में है, बल्कि एक निर्देशक के अपने दृष्टिकोण पर टिके रहने और हॉलीवुड के दबाव का सामना करने के बारे में भी है।



## मॉडल आफ द वीक

**नामः प्रभाती पांडेय**

**टाउनः लखनऊ**

**एजुकेशनः लारेटो कालेज में 11 वीं छात्रा**

**अचीवमेंटः मिस यूपी-2023**

**ड्रीमः मिस यूनिवर्स**

## ज़िंदगी का सफर

# शर्मीली शर्मिला

जिन्होंने भी कश्मीर की कली देखी है, उन्हें मालूम होगा कि फिल्म अभिनेत्री शर्मिला टैगोर में अभिनय की कितनी रेंज हैं। उसमें वह एक चुलबुली सी कश्मीरी लड़की के किरदार में नजर आई थीं। शम्मी कपूर के साथ उनकी यह जोड़ी बहुत सफल रही। शर्मिला टैगोर का जन्म आठ दिसंबर 1944 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने हिंदी और बंगाली सिनेमा में छह दशकों तक काम किया। वह बंगाली टैगोर परिवार से संबंधित हैं। यह भी कहा जाता है कि उनकी रिश्तेदारी नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर से भी रही है। कहते हैं कि वह रवींद्र नाथ टैगोर की परपोती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शर्मिला टैगोर खुद रवींद्रनाथ टैगोर से रिश्तेदारी के बारे में बता चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि उन्हें इसके बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है, लेकिन ये बेहतरीन सरनेम है और इस पर उनको गर्व है कि वो उस घर में पैदा हुई हैं। शर्मिला ने बताया था कि उनकी पैदाइश से तकरीबन तीन बरस पहले ही रवींद्रनाथ टैगोर का निधन हो चुका था। उन्होंने अपनी मम्मी से उनके बारे में ढेर सारी कहानियां जरूर सुनी थीं।

शर्मिला का जन्म एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। उनके पिता, गीतिंद्रनाथ टैगोर, ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक थे और उनकी मां का नाम इरा टैगोर था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कोलकाता के सेंट जॉन डायोसेसन गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की। 13 साल की उम्र में, उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी, क्योंकि उनका ध्यान पूरी तरह से अभिनय पर केंद्रित हो गया था। शर्मिला ने 1959 में सत्यजीत रे की बंगाली फिल्म 'अपुर संसार' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।



उन्होंने 1964 में फिल्म 'कश्मीर की कली' से बॉलीवुड डेब्यू किया। 1967 में आई फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में बिकिनी पहनने वाली वह पहली भारतीय अभिनेत्री थीं। उन्होंने उस समय की रूढ़ियों को तोड़ा था।

1969 में आई फिल्म 'आराधना' से उन्हें अपार सफलता मिली। यह फिल्म उस दौर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। राजेश खन्ना के साथ उनकी जोड़ी काफी सफल रही और उन्होंने कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'आराधना', 'अमर प्रेम', 'सफर' और 'दाग' शामिल हैं। 1975 में उन्होंने गुलजार की फिल्म मौसम में भी काम किया, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। हाल ही में उन्होंने 2023 में फिल्म गुलमोहर के साथ ओटीटी पर वापसी की।



शर्मिला टैगोर ने 1969 में मंसूर अली खान पटौदी से शादी की, जो उस समय भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और पटौदी के नवाब थे। उनके तीन बच्चे हैं। अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री सोहा अली खान और आभूषण डिजाइनर सबा अली खान। शर्मिला को 2013 में पद्म भूषण पुरस्कार मिला। आराधना (1970) के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर मिल चुका है। वह 2005 में यूनिसेफ इंडिया के सद्भावना दूत के रूप में भी नामित हुईं।

**ई-कचरे के निदान से नागर विमानन मंत्रालय को 82 लाख की आय**

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्रालय ने कबाड़, ई-कचरा और अनावश्यक फाइलों के निपटान से 31,353 वर्ग फुट कार्यालय स्थान खाली कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार, इस प्रक्रिया से 81,66,756 रुपये की आय हुई है। विशेष अभियान 5.0 (एससीडीपीएम 5.0) दो अक्टूबर से शुरू हुआ, और इसके तहत मंत्रालय ने कुल 4,988 भौतिक फाइलों निपटारा किया है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 26 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### 31 अधिसूचनाओं को सीबीआईसी ने एक में किया शामिल

नई दिल्ली। व्यापार को आसान बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में शामिल किया है। यह अधिसूचना 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगा। सीबीआईसी ने एक्स पर पोस्ट किया कि सीबीआईसी ने एक व्यापार सुविधा उपाय के तहत 31 सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को एक अधिसूचना में मिला दिया है। इस कदम से प्रक्रिया को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी होगी।

### एनटीपीसी ने पतरातू इकाई का किया परीक्षण

नई दिल्ली। एनटीपीसी लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि पतरातू परियोजना में 800 मेगावाट इकाई का परीक्षण संचालन पूरा होने के साथ उसकी स्थापित क्षमता बढ़कर 84,849 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी सहायक कंपनी पतरातू बिजली उत्पादन निगम लिमिटेड ने यूनिट-1 (800 मेगावाट) का परीक्षण संचालन सफलतापूर्वक कर लिया है। कंपनी ने कहा कि पतरातू बिजली उत्पादन निगम लिमिटेड के पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, चरण-1 (3x800 मेगावाट) की इकाई-1 (800 मेगावाट) ने सफलतापूर्वक परीक्षण संचालन पूरा किया और 16 अक्टूबर से एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता में शामिल हो गई है।

### एनसीसी को कोल इंडिया से मिला ऑर्डर

नई दिल्ली। एनसीसी लिमिटेड को कोल इंडिया की शाखा सेंट्रल कोलफील्ड्स से झारखंड की खदान परियोजना से कोयला और ओवरबर्डन (अतिरिक्त मिट्टी) निकालने और ढुलाई का 6,828.94 करोड़ का ठेका मिला है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) से इस ठेके के लिए 24 अक्टूबर की तारीख वाला स्वीकृति पत्र मिला है। एनसीसी ने कहा कि कोयले और ओवरबर्डन (अतिरिक्त मिट्टी और चट्टानी सामग्री) का उत्खनन और परिवहन झारखंड के चंद्रगुप्त क्षेत्र में सीसीएल की आम्रपाली ओपन-कास्ट परियोजना से किया जाएगा।

# अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी से बाजार में तेजी

## डॉव जोन्स पहली बार 47,000 अंक के पार, भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखेगा असर

- अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे

न्यूयॉर्क, एजेंसी



अमेरिका में सितंबर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। वहीं, भारतीय शेयर बाजार इसके विपरित रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी व मुनाफावसूली से सेंसेक्स व निफ्टी में छह सत्र के बाद गिरावट आई। भारतीय बाजार पर सोमवार को इसका असर दिखाई देगा।

डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01% बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79% बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15% बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमशः 1.58 और 1.27% की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमशः 1.01 और 0.61% की गिरावट रहीं। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने से विलंबित हुई सितंबर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3% की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर 3%पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 और वार्षिक 3.1% की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई गत माह 0.2 और गत 12 माह में 3% बढ़ा, जो 0.3 और 3.1% के पूर्वानुमानों से भी कम है। वहीं भारतीय बाजार में जारी तेजी पर शुक्रवार को रोक लगी और सेंसेक्स 335 अंक और निफ्टी में 96 अंक गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को बाजार खुलने पर अमेरिकी आंकड़ों का असर दिखाई देगा।

### व्यापारियों ने फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती पर खेला दांव

सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

### एआई में और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इंटेल

कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

### फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद

गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है।

# रिलायंस के एआई उद्यम में 30% हिस्सेदारी फेसबुक ने खरीदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड की हिस्सेदारी 70%

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के एआई उद्यम में मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की फेसबुक ओवरसीज 30% हिस्सेदारी लेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड में 70% हिस्सेदारी होगी।

आरआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक संयुक्त रूप से इस उद्यम में शुरुआती 855 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड ने 24 अक्टूबर, 2025 को रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड का गठन किया। इसके मुताबिक, रिलायंस इंटेलिजेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में भारत में निगमित आरईआईएल, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी फेसबुक ओवरसीज इंक (फेसबुक) के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी होगी। आरईआईएल एंटरप्राइज एआई सेवाओं का विकास, विपणन और वितरण करेगा।

कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम समझौते के अनुसार, आरईआईएल में रिलायंस इंटेलिजेंस की 70 प्रतिशत और फेसबुक की शेष 30 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंटेलिजेंस और फेसबुक ने संयुक्त रूप से 855 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

# विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद अडाणी की कंपनियों में किया निवेश : एलआईसी

- निगम ने कहा- केंद्रीय मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की कोई भूमिका नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने अडाणी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। कंपनी ने कहा कि ऐसा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किया गया था।

एलआईसी ने एक्स पर बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे (निवेश) निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। एलआईसी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने कुछ वर्षों में बुनियादी बातों और विस्तृत जांच के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मज़बूत फंड प्रबंधन को दर्शाता है। एलआईसी ने कहा कि कुछ वर्षों में निवेश के फैसले कंपनियों बुनियादी आंकड़ों और जांच के आधार पर लिए हैं। एलआईसी ने कहा कि निवेश संबंधी निर्णय एलआईसी द्वारा विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए गए। एलआईसी ने जांच के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया और निवेश हितधारकों के हित में, नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में लिए गए हैं।

### अडाणी समूह में निवेश की पीएसी से कराए जांच

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एलआईसी द्वारा अडाणी समूह में बड़े पैमाने पर किए निवेश की संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) को जांच करनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने वाशिंगटन पोस्ट की खबर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरा मामला पीएसी के जांच अधिकार क्षेत्र में आता है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल अडाणी समूह या सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# कोटक महिंद्रा का मुनाफा 3% घटकर 3,253 करोड़

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकल लाभ तीन प्रतिशत घटकर 3,253 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 3,344 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 16,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 15,900 करोड़ रुपये थी। बैंक ने तिमाही के दौरान 13,649 करोड़ की ब्याज आय अर्जित की। गत वर्ष यह आंकड़ा 13,216 करोड़ था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 7,020 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,311 करोड़ रुपये हो गई।

# दुर्लभ खनिजों पर आरएंडडी : बेंगलुरु व हैदराबाद के संस्थानों को मिला उत्कृष्टता केंद्र का दर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सात और संस्थानों को पहले ही मिल चुका है सीआईई का दर्जा

खान मंत्रालय ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (सी-मेट), हैदराबाद को राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) के अंतर्गत उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के रूप में मान्यता दी है। इन दो संस्थानों के अतिरिक्त सात और संस्थानों को पहले ही इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के उद्येश्य से सीआईई का दर्जा दिया जा चुका है।

खान मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति यह निर्णय परियोजना अनुमोदन एवं सलाहकार समिति (पीएएसी) द्वारा 24 अक्टूबर को खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर की सह-अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई मंजूरी के बाद लिया गया। दुर्लभ खनिज उन्नत प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, अंतरिक्ष आदि जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के अलावा, स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उभरते क्षेत्रों के यंत्र उपकरणों के विनिर्माण में महत्वपूर्ण कच्चे माल का काम करते हैं।

### प्रत्येक केंद्र एक समूह की तरह करेगा कार्य

मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में देश की विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षमता को सुदृढ़ और उन्नत करने के लिए नवीन और परिवर्तनकारी अनुसंधान करेंगे। ऐसा प्रत्येक केंद्र पहिए की धुरी और तीलियों के रूप में एक समूह की तरह काम करेगा ताकि समूह के प्रत्येक घटक की मुख्य क्षमताओं को एक छतरी के नीचे लाया जा सके। धुरी की भूमिका में प्रत्येक उत्कृष्टता केंद्र के साथ औद्योगिक क्षेत्र के दो भागीदार और कम से कम दो अनुसंधान एवं विकास संस्थान या शैक्षणिक संस्थान शामिल किये जाएंगे।



### तेजस्वी यादव के '20 महीने' वाले बयान पर राजग ने पलटवार करते हुए कहा

# बिहार लालटेन युग में लौटने को तैयार नहीं

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ने तेजस्वी के बयान को बताया चुनावी जुमला

पटना, एजेंसी

विपक्षी इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के उस बयान पर राजग के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें बिहार बदलने के लिए सिर्फ 20 महीने चाहिए। राजग नेताओं ने कहा कि बिहार अब विकास के रास्ते से भटकने वाला नहीं है और जनता किसी भी सूरत में 'लालटेन युग' में लौटने को तैयार नहीं है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव के बयान को सिर्फ चुनावी जुमला करार दिया। वे विकास की बात नहीं करेंगे, बल्कि वही पुरानी राजनीति करेंगे, जिसमें गरीबों की जमीन हड़पी जाती थी और अपहरण व डकैती का माहौल होता था। महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के उत्थान का काम नीतीश कुमार ने किया है। उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने दावा किया कि चुनाव में राजग सर्वाधिक सीट जीतकर इतिहास रचेगा। 40 साल कांग्रेस और 15 साल लालू राज ने बिहार को पिछड़ा बनाकर रखा, लेकिन राजग बिहार को विकास की मुख्यधारा में लेकर आई है। जनता काम पर वोट करती है, वादों और अफवाहों पर नहीं।

बिहार सरकार के मंत्री व जद(यू) नेता अशोक चौधरी ने कहा कि राजद शासन में राज्य की विकास दर 3.5-4 से घटकर 2.5% रह गई थी, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व में इसे बढ़ाकर 10.4% तक पहुंचाया गया। गुजरात पहले से विकसित है, बिहार विकासशील है। हम प्रयास कर रहे हैं। जद (यू) के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रगति हुई है। तेजस्वी कहते हैं कि उन्हें 20 महीने चाहिए, लेकिन वे बिहार में क्या बदलेंगे? क्या फिर से अपराध, अपहरण और बंदूक संस्कृति को कायम करेंगे? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 50 लाख रोजगार देने का वादा पूरा किया और अब एक करोड़ रोजगार का संकल्प भी कैबिनेट से पारित हो चुका है। भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने आरोप लगाया कि तेजस्वी और उनका परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है।

### बिहार विधानसभा चुनाव



- राजग नेताओं ने विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का किया घेराव

### 2005 में मुस्लिम सीएम बनाने को तैयार नहीं थी राजद



नई दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को दावा किया कि उनके पिता रामविलास पासवान 2005 में बिहार में मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इसके लिए राजी नहीं हुई। चिराग ने अल्पसंख्यक समुदाय से कहा कि यदि वे बंधुआ वोट बैंक बने रहेंगे, तो उन्हें सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि 2005 में मेरे पिता रामविलास पासवान ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी तक कुर्बान कर दी थी, तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं थी, 2025 में भी तैयार नहीं। अगर आप बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?

### राज्य को सस्ता डेटा नहीं, रोजगार के लिए बाहर गया बेटा वापस चाहिए : किशोर



पूर्वी चंपारण। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि बिहार को सस्ता डेटा (मोबाइल इंटरनेट) नहीं, रोजगार के लिए बाहर गया अपना बेटा वापस चाहिए। उन्होंने आरोप गाया कि केंद्र और बिहार में सत्ता पर काबिज दल युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रहे हैं। पूर्वी चंपारण के ढाका की जनसभा में किशोर ने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है, जबकि युवाओं को बेहतर अवसरों की तलाश में बाहर पलायन करना पड़ रहा है। किशोर ने कहा कि उनकी लड़ाई बिहार को विकसित और सक्षम राज्य बनाने की है, जहां युवाओं को प्रदेश में रोजगार मिल सके। उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि हक के साथ खड़े होकर वोट दीजिए। उन्होंने कहा कि अमित शाह को बताना चाहिए कि सात हत्या के आरोपी बिहार के उपमुख्यमंत्री कैसे बने हुए हैं। उनका इशारा भाजपा नेता सम्राट चौधरी की तरफ था।

### निवेश लाकर, बिहार को अग्रणी राज्य बनाएंगे: तेजस्वी

खगड़िया/भोजपुर। विपक्षी गठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार बनी, तो निवेश आकर्षित कर और फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। खगड़िया के परबत्ता और अलौली, तथा भोजपुर जिले के शाहपुर में तेजस्वी ने जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने की नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की है। हमें बिहार को 'नंबर-वन' बनाना है, जिसके लिए निवेश लाना होगा, शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा यह कहकर बहाने बनाती है कि बिहार में भूमि की कमी है, इसलिए उद्योग नहीं लग सकते। उनकी सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करेगी और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएंगे।

### तेजस्वी अब भी लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं आए : तेज प्रताप

पटना। पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव अब तक पिता लालू प्रसाद की छाया से बाहर नहीं निकल पाए हैं। हसनपुर के विधायक तेज प्रताप ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित किए जाने के बाद जनशक्ति जनता दल का गठन कर लिया था। समर्थकों द्वारा तेजस्वी को जननायक कहे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जननायक की उपाधि राम मनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर जैसे महापुरुषों से जुड़ी है। तेज प्रताप ने कहा कि लालू प्रसाद भी इस उपाधि के योग्य हैं, लेकिन तेजस्वी की पहचान अभी भी अपने पिता पर टिकी है। जिस दिन वह अपनी अलग पहचान बना लेंगे, मैं स्वयं उन्हें जननायक कहने वाला पहला व्यक्ति बनूंगा। इस बार महुआ सीट से चुनाव लड़ रहे तेज प्रताप ने स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम चाहे जो हों, वह न तो पिता की पार्टी में लौटेंगे और न अन्य दल में शामिल होंगे।

# मैसूरु में गैस गीजर से एलपीजी रिसाव होने से दो बहनों की मौत

मैसूरु/बेंगलुरु। कर्नाटक के मैसुरू में शनिवार सुबह एक गैस गीजर से एलपीजी रिसाव होने से गुलफाम (23) और उसकी बहन सिमरन ताज (20) की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि गीजर से गैस तो निकली लेकिन उसमें आग नहीं लगी।

पुलिस ने बताया कि जब लड़कियां काफी देर तक स्नानघर से बाहर नहीं आईं, तो उनके पिता अल्ताफ को संदेह हुआ और उन्होंने जबरदस्ती दरवाजा खोला तो दोनों बेहोश थीं। अल्ताफ दोनों बेटियों को अस्पताल ले गए, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, एक अन्य घटना में बेंगलुरु के केआर पुरम में रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

# डिजिटल अरेस्ट: केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत

- पीड़ितों से जुड़े स्वत: संज्ञान वाले मामले पर 27 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के स्वतः संज्ञान वाले मामले की 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वाद सूची के अनुसार, सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ इस पर सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान कहा था कि न्यायिक दस्तावेज की जालसाजी, साइबर वसूली और निर्दोषों, विशेष रूप से वरिष्ठों की साइबर गिरफ्तारी से जुड़े आपराधिक उद्यम की सीमा का पता लगाने को केंद्र और राज्य पुलिस के बीच समन्वित प्रयासों के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

उच्चतम ने इस मामले में केंद्र, सीबीआई और अन्य से जवाब मांगा तथा कहा कि ऐसे अपराध न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव पर प्रहार करते हैं। शीर्ष अदालत ने हरियाणा के अंबाला में वरिष्ठ नागरिक दंपति के डिजिटल अरेस्ट' के मामले का संज्ञान लिया था।

### आवारा कुत्तों से संबंधित मामले पर 27 को शीर्ष सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को आवारा कुत्तों से संबंधित स्वत: संज्ञान वाले मामले की सुनवाई करेगा। न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए निर्देश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया जाए। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर 27 अक्टूबर को अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी।

# अखिल भारतीय एसआईआर का पहला चरण अगले सप्ताह से

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10 से 15 राज्यों में निर्वाचन आयोग करेगा अभियान शुरू

निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के अखिल भारतीय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के पहले चरण की अगले सप्ताह शुरुआत कर सकता है। इसकी शुरुआत 10 से 15 राज्यों से होगी, जिनमें वे राज्य भी होंगे जहां अगले साल चुनाव होने वाले हैं।

असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और प. बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे और ये सभी उन राज्यों की सूची में होंगे, जहां मतदाता सूची को शुद्धीकरण किए जाने का काम सबसे पहले होगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोग एसआईआर के पहले चरण की घोषणा अगले सप्ताह के मध्य में कर सकता है। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम नहीं करेगा जहां निकाय चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, क्योंकि चुनावी मशीनरी इसमें व्यस्त है और एसआईआर पर ध्यान नहीं दे पाएगी। ऐसे राज्यों में एसआईआर बाद के चरणों में होगा। बिहार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम हो गया है, जहां 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

### तमिलनाडु में अगले सप्ताह एसआईआर

चेन्नई। निर्वाचन आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट को बताया है कि तमिलनाडु की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अगले सप्ताह उन राज्यों के साथ शुरू होगा जहां चुनाव होने वाले हैं। आयोग ने मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी अरुल मुरुगन को बताया कि तमिलनाडु समेत देशभर के जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां एक सप्ताह में एसआईआर शुरू होने वाला है।

# करोड़पति व्यापारी के पास मिला सबरीमला का सोना : सतीशन

कोच्चि, एजेंसी

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने शनिवार को दावा किया कि सबरीमला मंदिर से गायब हुआ सोना एक करोड़पति व्यापारी के पास से मिला है। उन्होंने कहा कि यह घटना कांग्रेस के उस आरोप को मजबूती देती है कि सोना एक धनी व्यक्ति को बेचा गया था।

सतीशन एसआईटी द्वारा आभूषण व्यापारी गोवर्धन की दुकान से मिले सोने के बिस्कुटों की बात कर रहे थे। बताया गया कि गोवर्धन ने श्रीकोविल (गर्भगृह) की चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के लिए धन दिया था। इस कार्य को बेंगलुरु के व्यवसायी उन्नीकृष्णन पोट्टी ने प्रायोजित किया था जो एसआईटी की गिरफ्त में हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हम सही थे जब हमने कहा था कि सोना करोड़पति को बेचा गया। विपक्ष ने सोने के गायब होने के मुद्दे पर जो कुछ भी कहा वह सही साबित हुआ है। उन्होंने वर्तमान त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) पर अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि बोर्ड ने तथ्यों को छुपाया है तथा द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने का काम पोट्टी को सौंपा है।

### बेल्लारी, बेंगलुरू में एसआईटी का छापा

पथनमथिट्टा (केरल)। सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के बेंगलुरु स्थित अपार्टमेंट और बेल्लारी में आभूषण की दुकान पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोट्टी को जांच के तहत शुक्रवार को बेंगलुरु ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने गोवर्धन की दुकान पर छापा मारा, जिसने मंदिर के चौखट पर सोने की परत चढ़ाने के काम का वित्तपोषण किया था।

# दिल्ली-एनसीआर में श्वसन व गर्भावस्था से जुड़े जटिलता के मामले प्रदूषण से बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिवाली के बाद के दिनों में एक बार फिर दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है, तथा अस्पतालों में श्वसन और गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं से जुड़े मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षेत्र के डॉक्टरों ने इस वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर पटाखे फोड़े जाने के कारण होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के संयुक्त प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है।

पल्मोनोलॉजिस्ट और स्त्री रोग विशेषज्ञों के अनुसार, 20 से 23 अक्टूबर के बीच बाह्य रोगी (ओपीडी) और आपातकालीन मामलों में तीव्र वृद्धि देखी गई, क्योंकि प्रदूषण का स्तर स्वीकार्य सीमा से कहीं अधिक तक बढ़ गया था। इस अवधि में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में रहा। धुएं, जहरीली गैसों और सूक्ष्म कणों के अचानक संपर्क में आने से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और श्वसन या हृदय संबंधी पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- दिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी में फिर वायु गुणवत्ता में गिरावट



सिल्वरस्ट्रीक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. पुलकित अग्रवाल ने कहा कि दिवाली के बाद का स्मॉग खास तौर पर खतरनाक होता है क्योंकि इसके साथ प्रदूषकों का अचानक, घना जमाव हो जाता है। दिवाली के बाद सिर्फ दो दिनों के भीतर ही सांस लेने में तकलीफ, अस्थमा के दौरे और 'एलर्जिक ब्रोंकाइटिस' के मरीज़ों में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

गुरुग्राम स्थित शैल्बी इंटरनेशनल हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. मोहित भारद्वाज ने कहा कि सर्दियों की ठंडी हवा और पटाखों के धुएं का संयोजन प्रदूषकों को ज़मीन के पास फंसा देता है।

# एसी स्लीपर बसों में आग : एक बढ़ती चिंता

हाल के वर्षों में, एसी स्लीपर बसों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हुए हैं। आंध्र प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं।

20 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में निजी एसी स्लीपर बस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई। इसी महीने राजस्थान के जैसलमेर में 22 की जान चली गई। साल 2025 के मई माह में लखनऊ में निजी स्लीपर बस में शार्ट सर्किट के कारण लगी आग में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा 2022 और 2023 में गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक में निजी एसी स्लीपर बसों की दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जान चली गई। ऐसे में स्लीपर बसों की यात्रा चिंता का सबब बन गई हैं। सावधानी से ही इनसे पार पाया जा सकता है।



## लापरवाही रोकने को कदम

- नई गाइडलाइंस : दिल्ली सरकार ने बस ड्राइवरों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें डबल शिफ्ट पर रोक और ड्राइविंग सिम्युलेटर ट्रेनिंग शामिल हैं।
- बायोमेट्रिक फेस रिकॉग्निशन सिस्टम : हर एक डिपो में बायोमेट्रिक फेस रिकॉग्निशन सिस्टम होगा, जो ड्राइवर की पहचान करेगा और तय करेगा कि वह डबल ड्यूटी न करे।
- मेडिकल चेकअप : बस ड्राइवरों का मेडिकल चेकअप सरकारी अस्पतालों में होगा, और उन्हें रिफ्रेशर कोर्स जॉइन करना अनिवार्य होगा।

## आग लगने के कारण

- शॉर्ट सर्किट : एसी स्लीपर बसों में शॉर्ट सर्किट एक आम कारण है, जो आग लगने का कारण बन सकता है। जैसलमेर बस अग्निकांड में भी शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की पुष्टि हुई है।
- ईंधन रिसाव : ईंधन टैंक से रिसाव भी आग लगने का एक कारण हो सकता है।
- ज्वलनशील सामग्री : बस में ज्वलनशील सामग्री की उपस्थिति आग को बढ़ावा दे सकती है।
- ड्राइवर की लापरवाही : ड्राइवर की लापरवाही या थकान भी आग लगने का कारण बन सकती है।

## समस्या का समाधान

- नियमित रखरखाव : बसों का नियमित रखरखाव करना और शॉर्ट सर्किट जैसी समस्याओं का समाधान करना।
- सुरक्षा उपकरण : बसों में आग बुझाने के उपकरण और आपातकालीन निकास द्वार की व्यवस्था करना।
- ड्राइवर प्रशिक्षण : ड्राइवरों को आग लगने की स्थिति में कैसे निपटना है, इसके लिए प्रशिक्षण देना।
- बस में ज्वलनशील सामग्री की जांच करना और उसे बस में न ले जाने देना।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी कैरोलिना में गोलीबारी में 2 की मौत

**मैक्सटन।** दक्षिण-पूर्वी उत्तरी कैरोलिना में एक सप्ताहांत पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक शेरिफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। रॉबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किंस के कार्यालय ने कहा कि 13 व्यक्तियों को गोली मारी गई। उन्होंने शनिवार को बताया कि हत्या जांचकर्ता और अन्य लोग मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस पार्टी स्थल पर पहुंचे। यह स्थान दक्षिण कैरोलिना सीमा के पास रैले से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है। कहा कि समुदाय के लिए वर्तमान में कोई खतरा नहीं है, क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। विल्किंस के कार्यालय ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही 150 से अधिक लोग वहां से भाग गए थे।

### उत्पीड़न के आरोप में भारतीय नर्स को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक अस्पताल में नर्स के तौर पर काम करने वाले भारतीय नागरिक को एक व्यक्ति के उत्पीड़न का आरोप स्वीकार करने के बाद एक वर्ष और दो महीने की जेल और दो कोड़े मारे जाने की सजा सुनाई गई है। एलिप शिवा नागू (34) ने जून में रेफल्स अस्पताल में एक पुरुष आगंतुक का उत्पीड़न किया था। नागू ने दावा किया था कि वह पीड़ित व्यक्ति को कीटाणु मुक्त करना चाहता था। इस अपराध के तुरंत बाद नागू को अस्पताल से निलंबित कर दिया गया था। पीड़ित की उम्र समेत सभी विवरण अदालती दस्तावेजों से हटा दिए गए। उप लोक अभियोजक यूजीन फुआ ने बताया कि पीड़ित 18 जून को अपने दादा से मिलने नॉर्थ ब्रिज रोड स्थित अस्पताल गया था, जो वहां भर्ती थे।

### भारत-ब्रिटेन संबंधों पर किताब का विमोचन

**लंदन।** पिछले सात दशकों में भारत के प्रमुख सहयोगियों में से एक ब्रिटेन के साथ बदलते संबंधों की पृष्ठभूमि में विश्व मंच पर भारत की प्रगति को दर्शाने वाली एक किताब का यहां विशेष कार्यक्रम में विमोचन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार अशोक टंडन द्वारा लिखित पुस्तक 'द रिवर्स स्विंग : कोलोनियलिज्म टू कोऑपरेशन' में अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से लेकर वर्तमान समय तक भारत-ब्रिटेन संबंधों का वर्णन किया गया है, जिसमें हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से व्यापार और आर्थिक सहयोग को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की संभावना है। ब्रिटेन में भारतीय पत्रकार संघ की ओर से आयोजन किया गया।

# पाकिस्तान की लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी, कब्जे वाले क्षेत्र में बंद करे दमन

## मानवाधिकार के उल्लंघनों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दो टूक

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र को एक बाहरी अवधारणा बताते हुए उससे अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों (पीओके) में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशनः लुकिंग इंटू फ्यूचर विषय पर आयोजित खुली बहस में पाकिस्तानी दूत के उल्लेखों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि हम निश्चित रूप से जानते हैं कि ये (लोकतांत्रिक) अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए बाहरी हैं। दूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि हम पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने का आह्वान करते हैं, जहां की जनता पाकिस्तान के सैन्य कब्जे, दमन,



- भारतीय प्रतिनिधि ने कहा-मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं जम्मू-कश्मीर के लोग
- जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था है और हमेशा रहेगा : हरीश

क्रूरता व संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुला विद्रोह कर रही है। उन्होंने हाल ही में पीओके में हुई हिंसक अशांति का उल्लेख किया, जिसमें कम से कम एक दर्जन नागरिक मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को वास्तविक, व्यापक सुधार करने होंगे और 80 साल पुरानी सुरक्षा परिषद की संरचना अब समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। उन्होंने कहा, 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाली एक पुरानी परिषद संरचना 2025 की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं है। भारतीय राजदूत ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से संयुक्त राष्ट्र के योगदान को भी रेखांकित किया, साथ ही इसकी प्रासंगिकता, वैधता, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता पर उठ रहे सवालों को स्वीकार किया।

विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन की वकालत की है। शुक्रवार को उन्होंने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र संघ की 80वीं वर्षगांठ पर कहा था कि इसकी मौजूदा निर्णय प्रक्रिया वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं है और इसके कुछ सदस्यों के आतंकवादी संगठनों का खुलेआम बचाव करने से संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसकी निर्णय प्रक्रिया न तो इसके सदस्यों को प्रतिबिंबित करती है और न ही वैश्विक प्राथमिकताओं को संबोधित करती है। इसकी बहसें तेज़ी से ध्रुवीकृत होती जा रही हैं और इसका कामकाज स्पष्ट रूप से अवरुद्ध है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार की प्रक्रिया के माध्यम से ही बाधित किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के सामने उत्पन्न वित्तीय संकट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अतिरिक्त चिंता के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय बाधाएं एक अतिरिक्त चिंता के रूप में उभरी हैं। संयुक्त राष्ट्र को उसके पुनर्निर्माण की कोशिश करते हुए भी कैसे बनाए रखा जाए यह स्पष्ट रूप से हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती है।

### सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत

भारतीय दूत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने में ग्लोबल साउथ की आवाज को तवज्जो दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधारों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना हमारे नागरिकों, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

### ग्लोबल साउथ बड़ी आबादी का प्रतिनिधि

हरीश ने कहा, ग्लोबल साउथ बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और इसकी अपनी अनूठी चुनौतियां हैं, विशेष रूप से विकास, जलवायु व वित्तपोषण के क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व समावेशी होनी चाहिए।

## फूलों के साथ सेल्फी...



श्रीनगर के नेहरू मेमोरियल बॉटनिकल गार्डन में जम्मू-कश्मीर के पहले विशेष गुलदाउदी उद्यान बाग-ए-गुल-ए-दाऊद में फूल के साथ सेल्फी लेता एक बुजुर्ग। ● एजेंसी

## साइबर अपराध को मिटाना सभी की साझा जिम्मेदारी

**हनोई।** वियतनाम ने शनिवार को साइबर अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के उच्च-स्तरीय सम्मेलन की मेजबानी की। साइबर अपराध का मुकाबला - साझा जिम्मेदारी - हमारे भविष्य को सुरक्षित करना थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ लगभग 110 देशों के नेता और वरिष्ठ प्रतिनिधि तथा कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हुए। वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग ने कहा कि सम्मेलन कानून के शासन को लागू करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# नेपाल में जीप के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के कर्णाली प्रांत में 18 यात्रियों को लेकर जा रही एक जीप करीब 700 फीट गहरी खाई में गिर गया जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह दुर्घटना शुक्रवार रात को रुकुम पश्चिम जिले के बाफिकोट स्थित झरमारे इलाके में हुई। यह वाहन मुसिकोट के खलंगा से आठबिसकोट नगरपालिका के स्यालिखाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना अधिक गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल ने उपचार के दौरान स्थानीय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 साल के बीच थी। इस दुर्घटना में घायल हुए 10 अन्य लोगों का उपचार रुकुम जिला अस्पताल में जारी है।

- कर्णाली प्रांत के रुकुम पश्चिम जिले में हादसा, 10 घायल
- जीप में सवार थे 18 यात्री, 700 फीट गहरी खाई में गिरी

# खगोल वैज्ञानिक नारलीकर को मिलेगा विज्ञान रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रसिद्ध खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नारलीकर को शनिवार को 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' के लिए चुना गया। यह देश का शीर्ष विज्ञान पुरस्कार है। नारलीकर का 86 वर्ष की आयु में 20 मई को निधन हो गया था। नारलीकर ने बिग बैंग सिद्धांत को चुनौती दी, जिसके अनुसार ब्रह्मांड एक ही क्षण में बना था।

उन्होंने ब्रिटिश खगोलशास्त्री फ्रेड हॉयल के साथ मिलकर यह प्रतिपादित किया कि ब्रह्मांड हमेशा से अस्तित्व में रहा है और अनंत काल तक नए पदार्थों का निरंतर निर्माण होता रहा है। सरकार ने 2025 के लिए आठ 'विज्ञान श्री' पुरस्कारों की भी घोषणा की। इनमें ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (कृषि विज्ञान), यूसुफ मोहम्मद शेख (परमाणु ऊर्जा), के. थंगराज (जैविक विज्ञान), प्रदीप थलप्पिल (रसायन विज्ञान), अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित (इंजीनियरिंग विज्ञान), एस. वेंकट मोहन (पर्यावरण विज्ञान), माहन एमजे (गणित और कंप्यूटर विज्ञान) और जयन एन (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी) शामिल हैं।

- भारत सरकार ने विज्ञान श्री पुरस्कारों की भी घोषणा की

# फ्रांस 2026 में यूक्रेन की सुरक्षा को तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया, यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

गौरतलब है कि 22 अक्टूबर को फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल फैबियन मैंडन ने कहा कि देश की सेना को कथित रूसी खतरे के बीच तीन से चार वर्षों में संभावित टकराव के लिए तैयार रहना चाहिए। फ्रांस स्थित रूसी दूतावास ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जनरल के शब्दों से पता चलता है कि असली युद्ध भड़काने वाला कौन है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ साक्षात्कार में कहा कि रूस का उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। दूसरी ओर यूक्रेन में बीती रात रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य लोग घायल हो गए। कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि राजधानी कीव में शनिवार तड़के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। इमरजेंसी सेवा के अनुसार तीन घायल अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।



कीव में रूसी हमले के बाद एक गोदाम में लगी आग बुझाने में जुटा एक दमकलकर्मी।

### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मारे


**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन से कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवत : बाद में। बैठक रद्द होने के बजाय स्थगित होना बेहतर होता।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अक्टूबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 27 अक्टूबर 06 .04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 10 .46 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**वृष** — आज इसके कारण आपका मन भी अशांत हो सकता है। बहसबाजी करने के बजाय शांत होकर रहें। पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ व्यवहार खराब न करें।

**मिथुन** — आज व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आपको मिलेंगे। महंगी वस्तुओं की खरीदारी पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी। संतान की शिक्षा पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

**कर्क** — आज सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने हितों के लिए आप कुछ स्वार्थी हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी।

**सिंह** — आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — आज कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे, जिसके कारण मन कुछ असंतुष्ट रहेगा। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला** — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। साहित्य से जुड़े विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेंस संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों को लेकर दबाव में आ सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**धनु** — आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए पूरी योजना बना लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी।

**मकर** — आज अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मीन** — आज करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं।

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू - 140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |



> मैच लगभग परफेक्ट रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए देखना अच्छा लगा। रोहित और कोहली कई साल से ऐसा कर रहे हैं। यह एक खास मैदान पर एक खास जीत थी। हमारे स्पिनरों ने बीच में बल्लेबाजों पर लगाम लगाए रखी और तेज गेंदबाजों ने जरूरी विकेट लिए।
> -शुभमन गिल


# स्टेडियम

लखनऊ, रविवार 26 अक्टूबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### मेसी का सॉकर लीग में शानदार प्रदर्शन जारी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) :** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में सर्वाधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जेंटीना के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने दो गोल किए जिससे उनकी टीम इंटर मियामी में नैशविले एससी पर 3–1 से जीत के साथ मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। मेसी ने पहले हाफ में डाइविंग हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की और फिर 96वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इंटर मियामी ने गुरुवार को मेसी का तीन साल का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की थी।

### अर्जेंटीना का कोच्चि में मैत्री मैच स्थगित

**कोच्चि :** अर्जेंटीना फुटबॉल टीम और स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले महीने केरल का दौरा नहीं करेंगे। इस दौरे के प्रायोजक ने शनिवार को यह घोषणा की। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने अब अपने फेसबुक पेज पर घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा।



रोहित शर्मा को शतक लगाने की बधाई देते विराट कोहली। एजेंसी

# रोहित व कोहली ने क्लीन स्वीप से बचाया

## सीरीज के तीसरे व आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

**सिडनी, एजेंसी**

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। इससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था, लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया जो पहले दो मैच जीत कर तीन मैच की सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुका था।

इससे पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 39 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया जिससे आस्ट्रेलिया की टीम 46.4 ओवर में 236 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से मैट रेनशॉ ने सर्वाधिक 56 रन बनाए।





एकदिवसीय श्रृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

एडिलेड में खेले गए दूसरे मैच में 73 रन बनाने वाले रोहित ने अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की और अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया।

यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का माहौल बेहद ऊर्जावान था तथा भारतीय बल्लेबाजों को दर्शकों का पूरा समर्थन मिल रहा था। ऑस्ट्रेलिया में संभवतः अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोहित और कोहली ने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाकर उनका भरपूर मनोरंजन भी किया। इन दोनों के आगे ऑस्ट्रेलिया के तेज और स्पिन आक्रमण की एक नहीं चली।

भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान शुभमन गिल (24) के रूप में गंवाया जो लगातार तीसरे मैच में असफल रहे। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके बल्लेबाज बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया विशेष कर स्पिन गेंदबाज बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोकने में सफल रहे। राणा ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच से अच्छी गति और उछाल हासिल की तथा प्रभावशाली प्रदर्शन करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने दो जबकि मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

कप्तान मिचेल मार्श (41) और ट्रेविस हेड (29) के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन तथा रेनशॉ (56) और एलेक्स कैरी (24) के बीच 54 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में बनाए रखा लेकिन यह बड़ा स्कोर बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। मार्श और हेड ने विकेट के चारों ओर कुछ अच्छे शॉट खेले। लेकिन हेड ने मोहम्मद सिराज की एक सहज गेंद को सीधे बैकवर्ड प्वाइंट पर प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों में पहुंचा दिया।

**237** रनों के आसान लक्ष्य को भारतीय बल्लेबाज रोहित और कोहली ने बौना साबित कर 69 गेंदें शेष रहते मैच जीत लिया

### ऑस्ट्रेलिया

**236/10** (46.4 ओवर)

- मिचेल मार्श बो अक्षर 41
- ट्रेविस हेड का कृष्णा बो सिराज 29
- मैथ्यू का कोहली बो वाशिंगटन 30
- मैट रेनशॉ पगबाधा बो वाशिंगटन 56
- एलेक्स कैरी का श्रेयस बो राणा 24
- कूपर कोनोली का कोहली बो राणा 23
- मिचेल ओवेन का रोहित बो राणा 01
- मिचेल स्टार्क बो कुलदीप 02
- नाथन एलिस का रोहित बो कृष्णा 16
- एडम जम्पा नाबाद 01
- जोश हेजलवुड बो राणा 00

**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 5–1–24–1, हर्षित राणा 8.4–0–39–4, प्रसिद्ध कृष्णा 7–0–52–1, कुलदीप यादव 10–0–50–1, अक्षर पटेल 6–0–18–1, वाशिंगटन सुंदर 10–0–44–2

### भारत

**237/1** (38.3 ओवर)

- रोहित शर्मा नाबाद 121
- शुभमन गिल का कैरी बो हेजलवुड 24
- विराट कोहली नाबाद 74

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 5–0–31–0, जोश हेजलवुड 6–1–23–1, नाथन एलिस 7.3–0–60–0, कूपर कोनोली 5–0–36–0, एडम जम्पा 10–0–50–0, मिचेल ओवन 1–0–2–0, मैथ्यू शॉर्ट 4–0–29–0

# ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगा सेमीफाइनल

**इंदौर, एजेंसी**

लेग स्पिनर अलाना किंग की करिश्माई गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हराकर शनिवार को यहां लीग चरण का समापन तालिका में शीर्ष स्थान पक्का करते हुए किया। ऑस्ट्रेलिया के सामने अब 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भारत की चुनौती होगी क्योंकि भारत रविवार को अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज कर भी तालिका में चौथे स्थान से ऊपर नहीं बढ़ सकता है।

किंग (सात ओवर में 18 रन देकर सात विकेट) ने अपनी फिरकी का जादू बिखेरते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 24 ओवर में महज 97 रन पर आउट हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने इसके बाद 199 गेंद शेष रहते आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। किंग ने अपनी फिरकी की जादू से एक बार फिर साबित किया कि वह मौजूदा दौर में कलाई की सबसे कुशल स्पिनरों में से एक हैं।



दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद विजयी मुद्रा में पैवेलियन लौटतीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी। एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट से हराया

ICC WOMEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2025



## बांग्लादेश के खिलाफ अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

**नवी मुंबई :** कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को यहां सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा। भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी। भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। यह मुकाबला हालांकि उनकी पूरी तरह से परीक्षा नहीं ले पाया। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतकों की मदद से 49 ओवरों में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 76 रन की पारी खेलकर टीम को जरूरी गति प्रदान की।

- समय : दोपहर 3 बजे से

# रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में फिर खेलने को लेकर अनिश्चितता जताई

**सिडनी, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौतीपूर्ण वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद शनिवार को कहा कि शायद वह और विराट कोहली भविष्य में क्रिकेट को पसंद करने वाले इस देश में नहीं खेल पाएंगे। टेस्ट और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद अब रोहित और कोहली केवल एक अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप (वनडे) में खेल रहे हैं और हाल के दिनों में उनके करियर को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

रोहित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने मैच के बाद प्रसारकों से कहा यहां आना और खेलना हमेशा अच्छा लगता है। 2008 की यादें ताजा हो गईं। मुझे नहीं पता कि हम ऑस्ट्रेलिया वापस आएंगे या नहीं, लेकिन हम अपने क्रिकेट का आनंद लेते हैं, चाहे हम कितनी भी उपलब्धियां हासिल कर लें। रोहित ने शानदार नाबाद 121 रन बनाए जबकि कोहली ने भारत की जीत में नाबाद 74 रनों का योगदान दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कहा हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। रोहित ने अपने करियर के इस चरण में अनुभव और मार्गदर्शन के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा आप ऑस्ट्रेलिया में कठिन पिचों और बेहतरीन गेंदबाजों का सामना करते हैं। यहां खेलना कभी आसान नहीं होता। हम श्रृंखला नहीं जीत सके लेकिन इसमें कई सकारात्मक बातें हैं। यह एक युवा टीम है और बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा जब मैं टीम में आया था, तो सीनियर खिलाड़ियों ने हमारी बहुत मदद की थी। अब हमारा काम भी यही है। हमें उनका मार्गदर्शन करना होगा।





- रोहित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' व प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया

### विराट और रोहित को इस तरह खेलते देखना अच्छा लगा : गिल

**सिडनी :** शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार पारियों ने उन्हें भारत के वनडे कप्तान के तौर पर पहली जीत दिलाने में मदद की। गिल ने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट से मिली जीत को लगभग परफेक्ट मुकाबला बताया। रोहित शर्मा (नाबाद 121) ने अपना 33वां वनडे शतक जड़ा जबकि विराट कोहली (नाबाद 74) ने उनका पूरा सहयोग किया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 236 रन लक्ष्य को लगभग 11 ओवर बाकी रहते हासिल कर लिया। भले ही भारत तीन मैच की सीरीज 1–2 से हार गया, गिल ने मैच के बाद कहा मैच लगभग परफेक्ट रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए देखना अच्छा लगा। रोहित और कोहली कई साल से ऐसा कर रहे हैं। यह एक खास मैदान पर एक खास जीत थी। गिल ने चार विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा और बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई टीम को शांत रखने के लिए स्पिनरों की तारीफ की।

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 2.102 |
| द.अफ्रीका | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | –0.379 |
| इंग्लैंड | 6 | 4 | 1 | 1 | 9 | 1.024 |
| भारत | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.628 |
| श्रीलंका | 7 | 1 | 3 | 3 | 5 | –1.035 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | –0.490 |
| पाकिस्तान | 7 | 0 | 4 | 3 | 3 | –2.651 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 | –0.578 |

## न्यूजीलैंड के खिलाफ लय हासिल करने उतरेंगी इंग्लैंड की बल्लेबाज

**विशाखापत्तनम, एजेंसी :** इंग्लैंड की टीम पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है, लेकिन उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इसलिए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में इस विभाग की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेंगे।

इंग्लैंड ने कुल मिलाकर टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी ध्वस्त हो गई थी जो सेमीफाइनल से पहले टीम के लिए चिंता का विषय है। न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को भारत के हाथों मिली 53 रन की हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई और अब वह बिना किसी दबाव के खेलने के लिए उतरेगी और जीत के साथ अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। न्यूजीलैंड की टीम वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

### रणजी ट्रॉफी

शिवम शर्मा ने तीन विकेट लिए, ओडिशा के गोविंदा पोद्दार ने 64 रनों की पारी खेली

# उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 243 रनों पर समेटा

**कानपुर, एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश ने कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में ओडिशा को 243 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय 17 रन बना लिए है। ओडिशा की ओर से गोविंदा पोद्दार ने सर्वाधिक 64 रनों की पारी खेली। संदीप पटनायक ने (53) और राजेश मोहंती (48) रन बनाकर आउट हुए। संबित बराल 59 रन बनाकर नाबाद रहे।

उत्तर प्रदेश की ओर से शिवम शर्मा ने तीन विकेट लिए। शिवम मावी, विप्रज निगम और प्रशांत वीर को दो-दो विकेट मिले। कुणाल त्यागी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। स्टंप के समय अभिषेक गोस्वामी (नाबाद छह) और माधव कौशिक (नाबाद नौ) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।



विकेट लेने के बाद शिवम शर्मा को बधाई साथी खिलाड़ी। एजेंसी

रणजी ट्रॉफी के अन्य मुकाबले में तमिलनाडु बनाम नागालैंड मुकाबले में विमल कुमार (189) और प्रदोश रंजन पॉल (नाबाद 156) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर तमिलनाडु ने आज स्टंप के समय दो विकेट पर 399 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया है। सी आंद्रे सिद्धार्थ और प्रदोश रंजन पाल क्रीज पर मौजूद थे। नागालैंड की ओर से ओडिलेम्बा किचु और रोनित मोरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बदौडा बनाम आंध्र मुकाबले में, विष्णु सोलंकी (99) कप्तान अतीत शेठ (65) के दम पर बदौडा ने स्टंप के समय तक बनाये छह विकेट पर 230 रन। आंध्र के कावुरी सैतेजा ने चार विकेट लिए।

### दिल्ली की हिमाचल के खिलाफ ठोस शुरुआत

**नई दिल्ली :** अर्पित राणा (64), सनत सांगवान (79), यश ढुल (61) और आयुष दोसेजा (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ स्टंप के समय चार विकेट पर 306 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां टॉस जीतकर हिमाचल प्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली के लिए अर्पित राणा और सनत सांगवान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन बनाये। 37वें ओवर में देवेश शर्मा ने अर्पित राणा (64) को आउटकर हिमाचल प्रदेश को पहली सफलता दिलाई।

# पोलो कप में भारत ने अर्जेंटीना को हराया



जयपुर पोलो ग्राउंड में भारत और अर्जेंटीना की टीमें प्रतिस्पर्धा करती हुईं। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रतिष्ठित कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप 2024 में कौशल, गति और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जब टीम इंडिया ने प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड, नई दिल्ली में आयोजित एक रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना को 10-9 से हरा दिया। इस कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल थे। उत्साही दर्शकों द्वारा प्रोत्साहित जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने दुर्जेय अर्जेंटीना की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।